RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 238
नई दिल्ली, बुधवार, 6 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




भारत चौथे दिन रक्षात्मक और डरा हुआ था
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# सरकार के कुछ सामग्री को ब्लॉक करने के आदेश को ट्विटर ने कोर्ट में दी चुनौती

## ● सोशल मीडिया कंपनी ने इसे अधिकारों के दुरुपयोग का मामला बताया

**भाषा।** नई दिल्ली



**सोशल** मीडिया कंपनी ट्विटर ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर सरकार के नए आईटी नियमों के तहत सामग्री हटाने के आदेश को चुनौती दी है। उसने कहा कि यह अधिकारियों द्वारा अपने अधिकारों के दुरुपयोग का मामला है। ट्विटर ने जून, 2022 में जारी एक सरकारी आदेश को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि सामग्री ब्लॉक करने का आदेश काफी व्यापक और मनमाना है। ट्विटर रिट याचिका से जुड़े सूत्रों ने पीटीआई-भाषा से कहा कि सरकार के कई अनुरोध कथित रूप से राजनीतिक सामग्री के खिलाफ कार्रवाई के लिए हैं। ये सामग्री राजनीतिक दलों के आधिकारिक हैंडल के जरिए पोस्ट की गई हैं। ऐसे में इस तरह की जानकारी को ब्लॉक करना अभिव्यक्ति की आजादी का उल्लंघन होगा, जो कंपनी ने मंच का उपयोग करने वाले लोगों को दिया है।

सूत्रों ने कहा, जिस सामग्री को ब्लॉक करने का अनुरोध किया गया है, उसका धारा 69ए के तहत कोई लेना-देना नहीं है। इस बारे में ट्विटर और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय को ई-मेल भेजकर सवाल पूछे गए, लेकिन फिलहाल उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने ट्विटर पर लिखा है, सभी मंचों को अदालत जाने का अधिकार है लेकिन कानून का पालन करना उनकी जिम्मेदारी है। सूत्रों ने कहा कि ट्विटर की याचिका के अनुसार धारा 69ए के तहत सामग्री ब्लॉक करने को लेकर कई आदेश जारी किए गए, लेकिन उसमें यह नहीं बताया गया कि संबंधित सामग्री धारा 69ए का उल्लंघन कैसे करती है। उसने कहा, ट्विटर ने अदालत से सामग्री ब्लॉक करने आदेशों की न्यायिक समीक्षा का आग्रह किया है।

## सोशल मीडिया को जवाबदेह बनाने के लिए पारिस्थितिकी तैयार की जा रही है: वैष्णव

**भाषा।** गांधीनगर



अश्विनी वैष्णव

**सूचना** प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया को बेहद सशक्त माध्यम बताते हुए मंगलवार को कहा कि इसे जवाबदेह बनाने से जुड़ा सवाल बेहद महत्वपूर्ण है और इसके लिए भारत समेत दुनिया भर में एक पारिस्थितिकी खड़ी की जा रही है। वैष्णव ने यहां संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि सोशल मीडिया को जवाबदेह बनाने की दिशा में स्व-नियमन पहला कदम है जिसके बाद उद्योग का अपना नियमन आता है।

फिर सरकार की तरफ से किए जाने वाले नियमन का स्थान आता है। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया एक बेहद सशक्त माध्यम है। सोशल मीडिया का हमारी जिंदगी पर बहुत असर होता है। दुनियाभर में यह सवाल काफी मौजूं हो चुका है कि इसे किस तरह जवाबदेह बनाया जाए। दुनियाभर के देश एवं समाज सोशल मीडिया को जवाबदेह बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं। सोशल मीडिया को जवाबदेह बनाए जाने के तरीके के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, पहला कदम स्व-नियमन है। समाज पर नुकसानदेह असर डालने वाली किसी भी सामग्री को हटाया जाना चाहिए। फिर उद्योग नियमन और उसके बाद जाकर सरकारी नियमन का स्थान आता है।

वैष्णव ने कहा, दुनियाभर में हर जगह और अपने देश में भी सोशल मीडिया को जवाबदेह बनाने के लिए एक पारिस्थितिकी, एक विचार प्रक्रिया बनाने की कोशिश जारी है। इसके साथ ही उन्होंने मुनाफे में हिस्सेदारी की एक निष्पक्ष व्यवस्था की जरूरत पर भी बल दिया। उन्होंने कहा, सामग्री बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले शख्स को भी फेसबुक जैसे ( शेष पेज 8 )

# 'नुपुर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां न्याय प्रणाली पर दाग'

## ● पूर्व जजों, नौकरशाहों समेत 117 हस्तियों ने पत्र लिखकर की आलोचना, टिप्पणियां वापस लेने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**पूर्व** न्यायाधीशों और नौकरशाहों के एक समूह ने भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा के खिलाफ उच्चतम न्यायालय की हालिया टिप्पणियों की निंदा करते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि शीर्ष अदालत ने इस मामले में लक्ष्मण रेखा पार कर दी और ये टिप्पणियां सबसे बड़े लोकतंत्र की न्याय प्रणाली पर ऐसा दाग हैं, जिसे मिटाया नहीं जा सकता।

उन्होंने न्यायालय से टिप्पणियों को वापस लेने की मांग की। उच्च न्यायालयों के 15 पूर्व न्यायाधीशों, अखिल भारतीय सेवा के 77 पूर्व अधिकारियों और 25 अन्य लोगों के समूह ने आरोप लगाया कि भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा पर दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणियां न्यायिक लोकाचार से मेल नहीं खातीं और इन्होंने देश और विदेश में लोगों को हतप्रभ कर दिया है। समूह ने एक बयान पर हस्ताक्षर किए, जिसमें उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के इतिहास में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणियां नहीं देखने को मिलती हैं और सबसे बड़े लोकतंत्र की न्याय प्रणाली पर ऐसा दाग हैं, जिसे मिटाया नहीं जा सकता। इस मामले में तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाने का आह्वान किया जाता है, क्योंकि इसके लोकतांत्रिक मूल्यों और देश की सुरक्षा पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इस बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में बंबई उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश क्षितिज व्यास, केरल उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश पीएन रवींद्रन, गुजरात उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एस एम सोनी, राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश- न्यायमूर्ति आर एस राठौर एवं न्यायमूर्ति प्रशांत अग्रवाल और दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एस एन ढींगरा शामिल हैं।

पूर्व आईएएस अधिकारी आनंद बोस, आर एस गोपालन और एस कृष्ण कुमार, राजदूत (सेवानिवृत्त) निरंजन देसाई, पूर्व पुलिस महानिदेशक एस पी वैद और बी एल वोहरा, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) वी के चतुर्वेदी और एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) एस पी सिंह ने भी बयान पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है कि ये टिप्पणियां न्यायिक आदेश का हिस्सा नहीं हैं और उन्हें न्यायिक औचित्य एवं निष्पक्षता के आधार पर किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी से निलंबित नेता नुपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद के बारे में विवादित टिप्पणी को लेकर उन्हें एक जुलाई को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा था ( शेष पेज 8 )

## नुपुर शर्मा का सिर काटने की धमकी देने में अजमेर दरगाह का मौलवी गिरफ्तार

**भाषा।** जयपुर



**भाजपा** की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा को धमकाने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद अजमेर दरगाह के एक खादिम (मौलवी) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी को तलाश रही है। दरगाह पुलिस थाने में सोमवार रात को एक व्यक्ति ने सलमान चिश्ती के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

वीडियो में वह दावा करता दिख रहा है कि वह नूपुर शर्मा का सिर लाने वाले को अपना घर सौंप देगा। वीडियो में चिश्ती ने कहा, वह पैगंबर मोहम्मद का अपमान करने पर उसको खुले आम गोली मार देते। चिश्ती ने वीडियो में कहा है, जो कोई भी उस नूपुर शर्मा का सिर लाकर देगा वह उसे अपना घर दे देगा। उन्होंने वीडियो में कहा आपको सभी मुस्लिम देशों को जवाब देना होगा। यह मैं अजमेर राजस्थान से कह रहा हूं और यह संदेश हुजूर ख्वाजा बाबा के दरबार से है। दरगाह थानाधिकारी दलवीर सिंह फौजदार ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है। उल्लेखनीय है कि 17 जून को अजमेर दरगाह के मुख्य द्वार से कथित भड़काऊभाषण देने के मामले में हाल ही में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

हालांकि इसका वीडियो पहले से चल रहा था लेकिन उक्त गिरफ्तारियां उदयपुर में 28 जून को दर्जी कन्हैया लाल की हत्या के मामले के बाद की गईं। इस बीच वीडियो की निंदा करते हुए अजमेर दरगाह के दीवान जैनुल आबेदीन अली खान के कार्यालय ने कहा कि आरोपी खादिम ( शेष पेज 8 )

# केरल में मंत्री के संविधान विरोधी बयान पर विवाद

## ● विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पद से हटाने की मांग की

**पायनियर समाचार सेवा।** पथनमथिट्टा (केरल)



तिरुवनंतपुरम में मंगलवार को सचिवालय के बाहर केरल सरकार के मंत्री साजी चेरियन के त्यागपत्र की मांग कर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता

**केरल** के मंत्री साजी चेरियन ने संविधान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह शोषण को माफ करता है और इसे इस तरह से लिखा गया है कि इसका इस्तेमाल देश के लोगों को लूटने के लिए किया जा सके। मंत्री के इस बयान पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विजयन की अगुवाई वाली एलडीएफ सरकार से चेरियन को तुरंत हटाने की मांग की है।

चेरियन ने दक्षिणी जिले के मल्लापल्ली में हाल ही में आयोजित एक राजनीतिक कार्यक्रम में यह बयान दिया था। मंगलवार को क्षेत्रीय टेलीविजन चैनलों के इस भाषण को प्रसारित करने के बाद यह मुद्दा सामने आया। उन्होंने कहा कि हम सभी कहते हैं कि हमारे पास एक बेहतरीन तरीके से लिखा संविधान है, लेकिन मैं कहूंगा कि संविधान इस तरह से लिखा गया है कि इसका इस्तेमाल देश के लोगों को लूटने के लिए किया जा सके। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन सहित कई लोगों ने चेरियन के इस बयान की आलोचना की है।

मंत्री ने कहा कि हम सभी कहते हैं कि हमारे पास भारत में एक बेहतरीन लिखित संविधान है। लेकिन मैं कहूंगा, एक बेहतरीन संविधान, जो सबसे अधिक लोगों को लूटने का काम कर सकता है, देश में लिखा गया। मंत्री ने आरोप लगाया कि संविधान का संकलन ब्रिटिश सरकार द्वारा किया गया था और भारतीयों ने इसे इसी रूप में लिख दिया, जो देश में पिछले 75 साल से लागू है।

उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र जैसे मूल्य बस इसके (संविधान) किनारों पर जोड़ दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि वह इसकी दूसरे तरीके से व्याख्या करने वाले किसी भी व्यक्ति से सहमत नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा देश एक ऐसा देश है, जो श्रमिकों के विरोध को स्वीकार नहीं करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान वह है जो श्रमिकों के ( शेष पेज 8 )

# छत्तीसगढ़ पुलिस से पहले ही नोएडा पुलिस ने किया एंकर को गिरफ्तार

## ● राहुल गांधी की फर्जी वीडियो क्लिप चलाने के मामले में गिरफ्तार करने पहुंची थी छत्तीसगढ़ पुलिस, नोएडा में भी दर्ज है केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**एक** न्यूज चैनल के एंकर रोहित रंजन को नोएडा पुलिस ने हिरासत में लिया है। मंगलवार की सुबह रोहित रंजन के घर छत्तीसगढ़ की रायपुर पुलिस पहुंची, लेकिन उससे पहले ही नोएडा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रोहित रंजन को हिरासत में ले लिया है। रोहित के खिलाफ नोएडा सेक्टर-20 थाने में मुकदमा दर्ज है।

आरोप है कि रोहित रंजन ने राहुल गांधी के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया और फर्जी क्लिप चलाई थी। इस मामले में न्यूज़ चैनल के एंकर के खिलाफ छत्तीसगढ़, राजस्थान और नोएडा समेत काफी स्थानों पर कांग्रेसियों ने मुकदमा दर्ज करवाया है। इस मामले को लेकर गाजियाबाद के इंदिरापुरम से लेकर नोएडा तक हाई वोल्टेज ड्रामा रहा। कांग्रेस ने इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार पर एंकर को बचाने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह छत्तीसगढ़ पुलिस रोहित रंजन को गिरफ्तार करने गाजियाबाद के इंदिरापुरम में स्थित उनके आवास पर पहुंची।

रोहित रंजन के खिलाफ नोएडा के सेक्टर-20 थाने में भी मुकदमा दर्ज है। इस मामले में नोएडा पुलिस भी रोहित रंजन को पकड़ने और पूछताछ करने के लिए उनके आवास पर पहुंची। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ पुलिस से पहले ही नोएडा पुलिस रोहित रंजन के आवास पर पहुंच गई और उनको हिरासत में ले लिया। मामले में एडीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि जी मीडिया के अधिकारी बीआर वेंकटरमन की शिकायत पर ग्रुप के दो प्रोडूसर नरेंद्र सिंह और विकास कुमार झा के खिलाफ शिकायत ( शेष पेज 8 )

# जज को धमकी मामले में राहुल गांधी का भाजपा पर निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के रिश्वत मामले से संबंधित मामले की सुनवाई करने के मामले में ट्रांसफर की धमकी को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। राहुल ने अदालती कार्यवाही के उस हिस्से का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें न्यायाधीश ने कहा था कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के खिलाफ उनकी टिप्पणी के बाद उन्हें तबादला करने की धमकी दी गई थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि एसीबी एक संग्रह केंद्र बन गया है। न्यायाधीश ने यह भी कहा कि वह इससे आश्चर्यचकित थे। उन्होंने कहा कि मैं परिणाम की चिंता किए बिना बिल्ली के गले में घंटी बांधेंगे। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि कर्नाटक में बीजेपी की भ्रष्ट सरकार को बेनकाब करने के लिए हाई कोर्ट के जज को धमकी दी गई है। भाजपा एक के बाद एक संस्थानों को पंगु बना रही ( शेष पेज 8 )

# एक दिन में स्पाइस जेट के दो विमानों में खराबी





ईंधन संकेतक में खराबी के बाद कराची एयरपोर्ट पर उतरा स्पाइजेट का विमान

## ● कांडला-मुंबई उड़ान में विंडशील्ड में दरार, दिल्ली-दुबई उड़ान में ईंधन संकेतक में खराबी

**भाषा।** नई दिल्ली, कराची

**स्पाइसजेट** के लिए मंगलवार को एक और कठिन दिन रहा क्योंकि एअरलाइन की दिल्ली-दुबई उड़ान को ईंधन संकेतक में खराबी के कारण कराची की ओर मोड़ दिया गया तथा इसकी कांडला-मुंबई उड़ान को बीच हवा में विंडशील्ड में दरार आने के बाद महाराष्ट्र की राजधानी में प्राथमिकता के आधार पर उतारा गया।

मंगलवार को हुई इन दो घटनाओं के साथ ही पिछले 17 दिनों में स्पाइसजेट के विमानों में तकनीकी खराबी की घटनाओं की कुल संख्या सात हो गई है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों के मुताबिक, विमानन नियामक सभी सात घटनाओं की जांच कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि मंगलवार सुबह दिल्ली से दुबई जा रहा बोइंग 737 मैक्स विमान जब हवा में था तब ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,134 | ↓ 100 | |
| निफ्टी | 15,810 | ↓ 24 | |
| सोना | 52,050 | ↑ 65 | /10g |
| चांदी | 58,058 | ↑ 307 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक का त्यागपत्र

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने अपने ऊपर बढ़ते दबाव के बीच मंगलवार को स्वीकार किया कि संसद के एक दागदार सदस्य को सरकार के अहम पद पर नियुक्त करना गलत था, जिसके बाद वित्त मंत्री ऋषि सुनक समेत सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया। जॉनसन ने कहा था कि उन्हें इस बात का बहुत खेद है कि उन्होंने निलंबित सांसद क्रिस पिंचर के खिलाफ कदाचार की शिकायत का पता होने के बाद भी उन्हे डिप्टी चीफ व्हिप के सरकारी पद पर नियुक्त किया। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद के इस्तीफे के तत्काल बाद भारतवंशी ब्रिटिश मंत्री सुनक ने ट्विटर पर अपना त्यागपत्र साझा किया। मंत्रियों का इस्तीफा जॉनसन के नेतृत्व के लिए बड़ा झटका साबित होगा।

# कर्नाटक के हुबली में वास्तु विशेषज्ञ की छुरा घोंपकर नृशंस हत्या

**भाषा।** हुबली

**सरल** वास्तु से मशहूर हुए चंद्रशेखर गुरुजी की कर्नाटक के हुबली में एक होटल में मंगलवार को छुरा घोंपकर नृशंस हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में दिख रहा है कि होटल के रिसेप्शन क्षेत्र में दो लोग पहले गुरुजी का अभिवादन करते हैं, फिर उन्हें लगातार कई बार छुरा घोंप रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही हुबली के पुलिस आयुक्त लाभू राम मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने कहा कि कुछ घंटों के अंदर हत्या में कथित रूप से शामिल मंजूनाथ मारेवाड़ और महंतेश सिरूर को हिरासत में लिया गया। आरोप है कि दोनों आरोपी हत्या करने के बाद घटनास्थल से भाग गए थे, लेकिन पड़ोसी जिले बेलगावी के रामदुर्ग में दोनों को पकड़ लिया गया। हुबली-धारवाड़ के पुलिस आयुक्त लाभू राम ने पीटीआई-भाषा से कहा, दोनों को हिरासत में लिया गया है और हम उन्हें हुबली वापस ला रहे हैं। दोनों से पूछताछ की जाएगी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि गुरुजी के हत्यारों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे।

बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने इसे एक जघन्य और दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य करार दिया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि मूल रूप से बगलकोटे निवासी गुरुजी ने ठेकेदार के रूप में काम करना शुरू किया, लेकिन बाद में उन्हें मुंबई में नौकरी मिल गई। इसके बाद गुरुजी मुंबई में बस गए और वास्तु परामर्श देने लगे। तीन दिन पहले गुरुजी के परिवार के एक बच्चे की मौत हुबली में हो गई थी, जिसके कारण वह यहां आए थे।

# पीडीएस कार्यान्वयन में ओडिशा व उत्तर प्रदेश अव्वल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## ● केंद्र 80 करोड़ लोगों को उपलब्ध कराता है अत्यधिक सब्सिडी वाला खाद्यान्न



प्रतीकात्मक फोटो

**राष्ट्रीय** खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के कार्यान्वयन में ओडिशा, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश ने राज्यों की रैंकिंग के शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा जमाया है। एनएफएसए के तहत सरकार प्रति व्यक्ति को प्रति माह 1-3 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रदान करती है। केंद्र इसके तहत लगभग 80 करोड़ लोगों को अत्यधिक सब्सिडी वाला खाद्यान्न प्रदान करती है।

केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को भारत में खाद्य और पोषण सुरक्षा पर राज्यों के खाद्य मंत्रियों के एक सम्मेलन के दौरान एनएफएसए की राज्य रैंकिंग सूचकांक-2022 को जारी किया। इस सूचकांक में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) के तहत संचालन और पहल के माध्यम से एनएफएसए कार्यान्वयन की प्रभावशीलता को मापा जाता है। विशेष श्रेणी के राज्यों (उत्तर पूर्वी राज्यों, हिमालयी राज्यों और द्वीपीय राज्यों) में त्रिपुरा प्रथम स्थान पर रहा जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः हिमाचल प्रदेश और सिक्किम रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन क्षेत्रों में लॉजिस्टिक बाध्यता के बावजूद, उन्होंने सामान्य श्रेणी के राज्यों के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा में उच्च स्तर की उपलब्धि प्रदर्शित की। ओडिशा 0.836 के स्कोर के साथ पहले स्थान पर है, उसके बाद उत्तर प्रदेश (0.797) और आंध्र प्रदेश (0.794) का स्थान है। गुजरात चौथे स्थान पर है, उसके बाद दादरा और नगर हवेली और दमन दीव, मध्य प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, तमिलनाडु और झारखंड हैं। सूचकांक में केरल को 11वां, तेलंगाना 12वां, महाराष्ट्र 13वां, पश्चिम बंगाल 14वां और राजस्थान 15वां स्थान मिला है।

पंजाब 16वें स्थान पर है, उसके बाद हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और गोवा का स्थान है। गोयल ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग की कवायद मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी, लेकिन रैंकिंग थर्ड पार्टी (तीसरे पक्ष) द्वारा कराया गया। उन्होंने कहा कि खाद्य कानून के तहत रैंकिंग एनएफएसए के तहत राज्यों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगी। सूचकांक केवल टीपीडीएस संचालन की दक्षता को दर्शाता है, यह किसी विशेष राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के भूख, कुपोषण या दोनों के स्तर को नहीं दर्शाता है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि यह एनएफएसए और टीपीडीएस सुधारों पर केंद्रित है, जो राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मानकीकृत हो सकता है। यह तीन स्तंभों पर टिकी हुई है जो खाद्य सुरक्षा और पोषण के विभिन्न पहलुओं पर विचार करते हैं। प्रत्येक स्तंभ में पैरामीटर और उप-पैरामीटर होते हैं जो इस मूल्यांकन का समर्थन करते हैं। पहला स्तंभ एनएफएसए के कवरेज, सही लक्ष्यीकरण और एनएफएसए के तहत सभी प्रावधानों के कार्यान्वयन को मापता है। दूसरा स्तंभ खाद्यान्नों के आवंटन, उनके संचालन और उचित मूल्य की दुकानों (एफपीएस) को अंतिम छोर तक सुपुर्दगी पर विचार करते हुए वितरण मंच का विश्लेषण करता है।

अंतिम स्तंभ विभाग की पोषण पहल पर केंद्रित है। इस कवायद के निष्कर्षों से पता चला है कि अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने डिजिटलीकरण, आधार सीडिंग और ईपीओएस इंस्टॉलेशन में अच्छा प्रदर्शन किया है, जो सुधारों की ताकत और पैमाने को दोहराता है। रिपोर्ट में कहा गया कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश कुछ क्षेत्रों में अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं। राज्यों और केंद्र ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 6 जुलाई, 2022



# नोएडा के 76 स्थानों पर लगे 1065 कैमरे

## यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर वाहनों का महज 24 घंटे में घर पहुंचेगा चालान

● कैमरे वाहन चालकों का डाटा इकट्ठा करने में मदद करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के 76 स्थानों पर 1065 कैमरे लगाए गए हैं। इनके माध्यम से नोएडा की सड़क पर हर एक गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। यातायात नियम को तोड़ने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा, जो भी वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करेगा, उसका चालान 24 घंटे के भीतर उसके घर पहुंच जाएगा।



ये कैमरे नोएडा अथॉरिटी की तरफ से इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट के तहत लगवाए गए हैं। मंगलवार की सुबह सभी कैमरे एक्टिव हो गए। यह कैमरा वाहन चालकों का डाटा इकट्ठा करने में मदद करेंगे, जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं। इसे ना ही केवल ट्रैफिक नियमों का लोग पालन करेंगे, बल्कि नोएडा में अपराधों की संख्या काफी कम होगी और पुलिस आसानी से अपराधियों तक पहुंचने में कामयाबी हासिल कर सकेगी।

नोएडा के 76 चौराहों पर कैमरे लगाए गए हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में यह जानकारी देते हुए नोएडा अथॉरिटी के ट्रैफिक सेल प्रभारी एसपी सिंह ने बताया कि कैमरे ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों का डेटा फोटो के साथ तैयार करेंगे।

यह डेटा सीधे एनआईसी को ई-चालान के लिए जाएगा। अलग.अलग चौराहों के हिसाब से डेटा तैयार करने के लिए सॉफ्टवेयर अपग्रेड करवाया जा रहा है। यह काम भी अगले एक हफ्ते में पूरा होने की उम्मीद है। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से ई.चालान आईटीएमएस से शुरू होने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

नोएडा के ट्रैफिक डीसीपी गणेश साहा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन स्थानों पर कैमरे लगाए गए हैं। वहां से ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को हटाया जाएगा। इससे अन्य स्थानों पर इनको शिफ्ट किया जा सके। हालांकि, इसके लिए थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने बताया कि यह कैमरे ना ही केवल अपना डाटा तैयार करेंगे। बल्कि जो भी व्यक्ति ट्रैफिक के नियमों का उल्लंघन करेगा। उसका चालान काटकर इन कैमरों के माध्यम से 24 घंटे के भीतर भेज दिया जाएगा। मुख्य स्थानों में सेक्टर-15 18, 44, 51, 52, 59, 76, 62, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, ओखला बर्ड सेंचुरी, सेक्टर.137 मेट्रो स्टेशन, शशि चौक, मयूर स्कूल का चौराहा, राय रेसिडेंसी सेक्टर, औषधि पार्क चौराहा, महामाया फ्लायओवर, महामाया फ्लाईओवर के नीचे, बोटेनिकल गार्डन, डिग्री कॉलेज तिराहा, प्रतीक विजिट चौराहा, हाजीपुर चौराहा, आम्रपाली गोल चक्कर, एलजी चौराहा

डीएमआरसी के सभी मेट्रो स्टेशन, हाउसिंग सोसाइटी के आसपाल व प्रमुख बाजार शामिल है।

## पुलिस कप्तान ने बदले पांच एसएचओ

**गाजियाबाद।** एसएसपी मुनिराज ने पांच एसएचओ का ट्रांसफर कर दिया। उन्होंने लाइन में चल रहे छह निरीक्षकों सहित आठ इंस्पेक्टरों की विभिन्न थानों में निरीक्षक अपराध के पद पर तैनाती की है।

जानकारी के अनुसार कप्तान मुनिराज ने सिहानीगेट थाने के एसएचओ को साहिबाबाद, अपने वाचक नरेश कुमार शर्मा को एसएचओ सिहानी गेट, एसएचओ नन्दग्राम अमित कुमार एसएचओ कविनगर, प्रभारी यूपी-112 मुनेंद्र सिंह को एसएचओ नन्दग्राम और लाइन में तैनात इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह को एसएचओ कौशांबी बनाया है। इसके अलावा लाइन में चल रहे रवि कुमार बालियान को निरीक्षक अपराध मसूरी, अर्जुन सिंह को प्रभारी यूपी.112, विजयकांत मिश्रा को निरीक्षक अपराध लोनी, पंकज शर्मा को निरीक्षक अपराध ट्रोनिका सिटी, गिरीशचंद्र जोशी को निरीक्षक अपराध कविनगर और योगेश बालियान को निरीक्षक अपराध कौशांबी बनाया है।

## फिल्म सिटी के लिए लगी एक बोली भी अधूरी निकली

● यमुना प्राधिकरण दोबारा टेंडर निकलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्म सिटी लगाने के लिए निकले टेंडर में सिर्फ एक कंपनी ने बोली लगाई लेकिन वो बोली भी अधूरी निकली। कंपनी ने टेंडर के साथ जमानत राशि नहीं दी।

यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में विकसित होने वाली यूपी की फिल्म सिटी के लिए निकाले गए टेंडर में सिर्फ एक कंपनी ने टेंडर डाला। जानकारी के मुताबिक, फीस न जमा करने पर यह टेंडर स्वीकार नहीं किया गया। 6 जुलाई को लखनऊ में हाई लेवल मीटिंग होगी इसके बाद तय होगा कि दोबारा टेंडर कब निकलेगा। यीडा के सेक्टर.21 में 1000 एकड़ में फिल्म सिटी विकसित की जानी है। फिल्म सिटी को तीन चरणों में विकसित किया जाना है। यीडा विकासकर्ता कंपनी की तलाश के लिए ग्लोबल टेंडर निकाले थे। जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून थी।

फॉक्स स्टूडियो, कंसोर्सियम में शामिल यूनिवर्सल स्टूडियो, एलएंडटी समेत चार कंपनियों ने टेंडर खरीदे थे, लेकिन एक ही कंपनी ने टेंडर जमा किए हैं। तकनीकी निविदा खोली गई पर फीस जमा नहीं की गई थी। अब इस मामले में प्राधिकरण दोबार टेंडर निकालेगा।

# ट्रायल के बाद अंतिम विस्फोट डिजाइन तैयार

● ट्विन्स टावर मामले में कंपनी ने पुलिस से मांगी एनओसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सुपरटेक एमराल्ड के दोनों टावर एपेक्स और सियान को 21 अगस्त को गिराए जाएंगे। इसकी प्रोग्रेसिव रिपोर्ट प्राधिकरण एडिफिस ने नोएडा प्राधिकरण में सब्मिट की है।

एडिफिस ने फाइनल ब्लास्टिंग एक्स्प्लोसिव के लिए नोएडा पुलिस को एनओसी के लिए आवेदन किया है। ट्रायल ब्लास्ट के बाद अब फाइनल ब्लास्ट डिजाइन तैयार कर लिया गया है।

सियान और एपेक्स दोनों टावरों के नौ मीटर के दायरे में कंटेनर लगाने और ब्लास्ट वाइब्रेशन कम करने के लिए बेसमेंट में डिबरीस कुशन लगा दिए गए है। गेल की पाइप लाइन बचाने के लिए 18 डायामीटर के सेफ गार्ड को लगा दिया गया है। दोनों टावरों जियो टेक्सटाइल फाइबर से ढक दिया गया है। ताकि फाइनल ब्लास्ट के दौरान डिबरीस उड़कर बाहर न आए। ये भी बताया कि सुपरटेक की ओर से सुपरटेक एमराल्ट कोर्ट के तीन और एटीएस के चार टावरों का स्ट्रक्चरल आडिट कराया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट सात जुलाई तक सब्मिट की जाएगी।

प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि फाइनल ब्लास्टिंग से पहले एक बैठक की जाएगी। जिसमे सभी एजेंसियों, सरकारी विभागों को बुलाया जाएगा। उसमे एडिफिस कंपनी और जेट डिमोलेशन कंपनी अपना प्रजेंटेशन देगी। जिसमे इमारत को गिराने और मलबा साफकरने तक का प्रोसेस होगा। जिसके बाद 21 अगस्त को ब्लास्ट किया जाएगा।

# युवती को नौकरी का झांसा देकर बनाई अश्लील वीडियो

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में शर्मनाक घटना सामने आई है साहिबाबाद क्षेत्र की एक युवती को नौकरी का झांसा देकर उसे होटल में बुलायाए जिसके बाद उसे नशीला पदार्थ पिलाकर उसके अश्लील वीडियो बनाई।

आरोपी युवती को अश्लील फोटो दिखा ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़ित ने इसकी शिकायत साहिबाबाद थाने में की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि वह लगभग 1 वर्ष से नौकरी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी बीच उसकी मुलाकात निधीश चंद्रन से हुई थी। निधीश केरल का रहने वाला है। धीरे-धीरे दोनों के बीच दोस्ती बढ़ गई और फोन पर बातें होने लगी। आरोपी ने युवती को नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। आरोपी ने पीड़ित को शेयर मार्केट का काम भी दिखाया। उसने बताया कि 1 दिन निधीश ने नौकरी दिलाने के नाम पर एक होटल में बुलाया। आरोपी ने युवती की कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला दिया था। जिसे पीने के बाद युवती बेहोश हो गई।

# गाजियाबाद में खुलेंगे 11 नए अल्ट्रासाउंड केंद्र

● सील किए गए सेंटर खुले मिले तो होगा एक्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद जिले में 11 नए अल्ट्रासाउंड केंद्र खुलेंगे। जिला सहायक समिति की बैठक की गई। जिसमें यह निर्णय लिया गया।

इन केंद्रों के खुलने से लोगों को अधिक लाभ होगा। बैठक के दौरान पंजीकरण और नवीकरण के 30 आवेदन को देखा गया। जिनमें से 11 आवेदनों के नए पंजीकरण कर दिए गए और 19 आवेदनों के नवीकरण किए गए। वहीं, 2 आवेदनों को निरस्त कर दिया गया। नए अल्ट्रासाउंड केंद्र खुलने से लोगों को सहूलियत होगी। इससे शहर के लोगों को अपने घर से ज्यादा दूर अल्ट्रासाउंड कराने के लिए नहीं जाना होगा। मुख्य विकास अधिकारी विक्रांत सिंह ने पहले से सील किए गए अल्ट्रासाउंड केंद्रों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर इनमें से कोई भी केंद्र संचालित पाया जाता है तो उस पर दोबारा कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों की ट्रैकिंग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने लिंग जांच को लेकर भी कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा। सीडीओ ने कहा कि जिन गर्भवती महिलाओं के फार्म एफ भरे जाते हैं उनका मिलान जन्म प्रमाण पत्र के रजिस्ट्रेशन से कराई जाए, अगर कोई एक्ट का उल्लंघन करता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।


# एसवीपी हाउसिंग लिमिटेड

(पूर्वतः महाबीर मेटलेक्स लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय : ए–3, एनडीएसई, पार्ट–1, नई दिल्ली–110049
सीआईएन : एल70100डीएल2003पीएलसी118413, वेबसाइट : www.svphousing.com
ई–मेल आईडी : info@spvhousing.com फोन : 011–41070148

## असाधारण सामान्य बैठक तथा ई–वोटिंग की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की असाधारण सामान्य बैठक शुक्रवार, 29 जुलाई, 2022 को दोपहर 12.00 बजे ए–3, एनडीएसई पार्ट–1, नई दिल्ली–110049 में आयोजित की जाएगी, जिसमें उक्त सूचना में सूचीबद्ध कार्य निष्पादित किए जाएंगे।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2015 द्वारा यथा संशोधित, के नियम 20 के अनुपालन में, कम्पनी इसके सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है ताकि वे ईजीएम सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर अपना वोट नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराई गई ई–वोटिंग सेवाओं के माध्यम से डाल सकें।

ईजीएम आयोजन संबंधी सूचना की प्रतियां उपस्थिति पर्ची तथा परोक्षी फार्म सहित, कम्पनी के उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा भेजी जा चुकी हैं, जिनकी ई–मेल आईडीज कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत है। अन्य सदस्यों के मामले में अर्थात जिन सदस्यों की ई–मेल आईडीज पंजीकृत नहीं है, उनको कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2015 द्वारा संशोधित की अपेक्षानुसार उपरोक्त दस्तावेजों की भौतिक प्रतियां अनुमत विधि द्वारा सदस्यों के पंजीकृत पते पर भेजी जाएंगी तथा यह कार्य 05–07–2022 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

सभी सदस्यों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि :–

(i) रिमोट ई–वोटिंग अवधि सोमवार, 25 जुलाई, 2022 को प्रातः 09.00 बजे आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 28 जुलाई, 2022 को सायं 5.00 बजे समाप्त होगी। 28 जुलाई, 2022 अप. 05.00 बजे के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। तदुपरांत एनएसडीएल द्वारा ई–वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर एक बार वोट डालने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

(ii) कोई व्यक्ति, जो 01 जुलाई, 2022 के बाद अथवा विच्छेदन तिथि अर्थात् 22 जुलाई, 2022 से पूर्व कम्पनी का सदस्य बनता है (जिसको ईजीएम की सूचना प्रेषित नहीं की गई है) ई–वोटिंग के लिए लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करने के लिए फोलियो नंबर/डीपी आईडी अथवा कलाइंट आईडी के उल्लेख के साथ evoting@nsdl.co.in अथवा helpdesk@nsdl.co.in को ई–मेल लिख सकता है। इसके अतिरिक्त, यदि सदस्य ई–वोटिंग के लिए एनएसडीएल ई–वोटिंग प्लेटफार्म के साथ पहले से पंजीकृत है, तब वह मौजूदा यूजर आईडी तथा पासवर्ड का उपयोग रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट डालने के लिए कर सकता है।

(iii) सदस्यगण नोट करें कि :-
(क) ईजीएम में मतपत्र द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ;
(ख) सदस्य ईजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने के बाद भी ईजीएम में भाग ले सकता है, परंतु उसको अपना वोट दोबारा डालने का अधिकार नहीं होगा।

(iv) ईजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामत : www.svphousing.com पर भी उपलब्ध है।
निदेशक मंडल ने मैसर्स अंकित सिंघल ऐंड एसोसिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज, नई दिल्ली को वोटिंग/मतदान तथा रिमोट ई–वोटिंग की प्रक्रिया एक निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संचालित करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है।
सदस्यों से ईजीएम सूचना में मुद्रित ई–वोटिंग संबंधी अनुदेश ध्यानपूर्वक पढ़ लेने का अनुरोध है। किसी संदेह की स्थिति में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज) तथा शेयरधारकों हेतु यूजर मैनुअल देखें अथवा evoting@nsdl.co.in/amitv@nsdl.co.in पर ई-मेल द्वारा अथवा टोल फ्री नंबर : 1800–222–990/टेलीफोन नंबर : 022–2499 4360 पर एनएसडीएल से सम्पर्क कर सकते हैं।
हरित पहल के समर्थन हेतु, सदस्यगण, जिनके द्वारा अपना ई–मेल पता अभी तक पंजीकृत नहीं करवाया गया है अथवा जो अपना ई–मेल पता अद्यतन करवाना चाहते हैं, उनसे सभी सूचनाएं इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त करने के लिए अपने संबंधित डीपी (इलेक्ट्रॉनिक धारण के लिए) अथवा बिग शेयर सर्विसेज प्रा. लि./कम्पनी (भौतिक धारण के लिए) से सम्पर्क करने का अनुरोध किया जाता है।

वास्ते एसवीपी हाउसिंग लिमिटेड
हस्ता./–
(विजय कुमार)
प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 27–06–2022



## सार्वजनिक सूचना

मैं बचूली देवी पत्नी स्व. बच्ची सिंह बिष्ट निवासी सी–404, सेक्टर–22, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 अपने पुत्र राजे सिंह उर्फ राजे सिंह बिष्ट को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध–विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में अपने कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

बचूली देवी
पत्नी स्व. बच्ची सिंह बिष्ट
सी–404, सेक्टर–22, नोएडा
गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0)

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on Behalf of ICICI Bank Ltd. that Mr. Pawan Kumar is the owner of the Property/ Flat Bearing no.54-A, on Ground Floor, in Block and Pocket G&JU, Situated at Pitampura, New Delhi, by virtue of Sale Deed dated 10.12.2021, Registration No. 17159, executed by Mrs. Reena Sharma & Mr. Sagar Sharma, has been lost/misplaced SMC Certificate stating legal heirs of late Mr. Ramesh Chand Sharma, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client i.e. Fullerton India Home Finance Company that Mrs. Sonika Luthra is the owner of Built up first floor, without roof rights of Property bearing No. 562-A, Khasra No. 63, in Block C, Village Azadpur, Majlis Park, Delhi, by virtue of Gift Deed dated 29.09.2021, Doc. no. 13694. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan in the name of Mr. Sanjay Luthra from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

I Shaloo Aggarwal D/o Mr. Mam Raj Aggarwal R/o 104, Banarsi Dass Estate, Timarpur, Delhi - 110 054 lost original Flat Buyer Agreement of Flat No.801, Tower-10, La- Tropicana, Civil Lines, Delhi - 110 054 issued by M/s Parsvanath Landmark Developers Pvt. Ltd. Along with Receipt Nos. S0000314 Dt.05-07-2004, S0001301 Dt. 30-12-2005, S00001302 Dt. 30-12-2005, S0001303 Dt. 30-12-2005, S0002019 Dt. 23-06-2007 in favour of Late Sh. Anand Vardhan Aggarwal in this regard a report Dt. 04-07-2022 wide LR No: 558663/2022 finder call 9810809260

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public and all men that my client Smt. Sushila Devi Raina W/o Late Shri Manohar Nath Raina R/o A-3/307, Paschim Vihar, New Delhi 110063 has disowned, disbarred and disinherited her son Sh. Uday Raina alias Uday Kumar Raina alias Uday Rana; and his spouse Smt. Vipula Raina including all his legal heirs from all her movable and immovable properties. She has severed all her relations with him and his wife for all purposes. He and his wife have no right, title, interest, interference or concern with any of her movable and immovable properties. Anybody dealing with him or his wife in any manner whatsoever will be doing so at his/her own cost, risk and responsibility. My client will not be liable for any act of whatsoever nature done by her son and his wife in the future.

Rajeev Lochan Mahunta,
(Advocate)
Off Add: W-31, Lower Ground Floor, Greater Kailash Part-1, New Delhi-110048, M: 9711750166


## पुलिस मुठभेड़ के दौरान गांजा तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा तस्कर के कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा भी बरामद किया है।

गांजा तस्कर चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायरिंग करते हुए फरार हो रहा था। पुलिस ने पीछा करते हो इसकी मोटरसाइकिल में जीप से टक्कर मारी और उसके बाद तस्कर को पकड़ लिया। थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि पुलिस नवादा गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसके बाद वह गिर गया। इसी दौरान पुलिस ने तेजी से दौड़ कर उसको पकड़ लिया।

# ग्रेनो वेस्ट में अब नहीं झेलना पड़ेगा बिजली का संकट

● 30 दिनों में मिलेगी 100 मेगावाट बिजली

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट वासियों के लिए खुशखबरी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में इस महीने ही 100 मेगावाट बिजली सप्लाई की जाएगी। इसके लिए कार्य काफी तेजी के साथ चल रहा है। नोएडा के सेक्टर–123 में एक 400 केवी का बिजली घर बनाया गया है। जिससे ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों और हाउसिंग सोसाइटी में 100 मेगावाट बिजली सप्लाई की जाएगी। अफसरों का कहना है कि जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह से बिजली की जाएगी।

नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के जीएम सारनाथ गांगुली ने बताया कि नोएडा के सेक्टर–123 में 400 केवी का बिजली घर बनाया गया है।



वहां से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए 100 मेगावाट की बिजली सप्लाई की जाएगी।

इस बिजली घर से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में भी बिजली सप्लाई की जाएगी। सारनाथ गांगुली ने बताया कि जुलाई के अंत तक सब स्टेशनों का पूरा काम होने की उम्मीद है। काम पूरा होने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट को 100 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट मे काफी संख्या में लोग रहते है और एसी कूलर जैसे अन्य बिजली से चलने वाली चीजों का इस्तेमाल करते है। देखा जाए तो हर फ्लैट पर 5 किलोवाट लोड माने तो 75 रुपए प्रति किलोवाट की दर से प्रती माह 3.75 करोड़ या साल मे 45 करोड़ रूपए की कमाई बिल्डर कर रहें है, जो एनपीसीएल के भुक्तान के अकॉर्डिंग बहुत ज्यादा है।

जीएम गांगुली ने बताया कि हमारी तरफ से सारे कार्य पूरा हो चुका है। बिजली घर बंद कर पूर्ण रुप से तैयार हो चुका है, लेकिन यूपीपीटीसीएल द्वारा कुछ कार्य बाकी है। जिसके पूरा होते ही बिजली सप्लाई की जाएगी।

इस बिजलीघर के चालू होने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा की लाखों जनता को बहुत बड़ा फायदा होगा। लोगों को गर्मी से पहले एनपीसीएल की तरफ से यह बड़ा तोहफा साबित होगा।

# पॉश सोसायटी में शीशा तोड़कर लाखों के माल पर हाथ साफ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू हाउसिंग सोसायटी में चोरी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि अज्ञात चोरों ने बालकनी में लगे शीशे को तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

इस मामले की जानकारी मंगलवार की सुबह बिसरख कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद बिसरख पुलिस टीम मौके मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अभी तक लिखित शिकायत नहीं मिली है।

लिखित शिकायत मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू हाउसिंग सोसायटी में एक व्यक्ति किराए पर रहता है। बीती रात फ्लैट में बालकनी का शीशा तोड़कर चोरी हुई है। मेंटेनेंस डिपार्टमेंट और सिक्योरिटी गार्ड ने सीसीटीवी कैमरों की जांच की, लेकिन किसी भी अज्ञात व्यक्ति को पीड़ित के टावर में आते हुए नहीं देखा।



थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों को थाने का भ्रमण कराते हुए पुलिस कार्यप्रणाली के बारे में समझाया गया। साथ ही बच्चों को गुड टच/बैड टच के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

## मदन पाल सुपरटेक अवंत गार्डे के अध्यक्ष निर्वाचित

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वैशाली के सेक्टर पांच स्थित सुपरटेक अवंत गार्डे के सोसायटी चुनाव में मदनपाल सिंह अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

ज्ञात रहे कि यहां चुनाव कई वर्षों बाद हुआ है। यह चुनाव भीकम पाल और उनकी टीम के प्रयासों से संभव हो सका। सोसायटी के डिप्टी रजिस्ट्रार मेरठ द्वारा नामित निर्वाचन अधिकारी अभिषेक जैन के नेतृत्व में चुनाव शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

सोसायटी के अन्य पदों पर क्रमश: रमा गुप्ता उपाध्यक्ष, भीकम पाल महासचिव, आनंद कुमार सिंह सचिव, रेनू जैन कोषाध्यक्ष और आशीष गुप्ता, नरेश कुमार गुलाटी, संजीव गुप्ता , कमलेश गंभीर, भगवती शर्मा एवं पूर्णिमा गोयल को बोर्ड सदस्यों के रूप में चुने गए।

# पौधरोपण अभियान: 60 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सुरजपुर पुलिस लाइन में मंगलवार को वृक्षारोपण जन आंदोलन के तहत पौधे लगाए गए। जिसमें नोएडा पुलिस कमिश्नर, जॉइंट कमिश्नर, डीसीपी और अन्य आला अधिकारी शामिल रहे। जिले में मंगलवार को लगभग 60000 हजार से ज्यादा पौधे को रोपित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें फलदार, छायाकार और कीमती पौध भी शामिल हैं।

इस महाअभियान के लक्ष्य को पूरा करने के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने सभी विभागों को जिम्मेदारी दी है।

वृक्षारोपण अभियान सफल हो, इसके लिए जिले के सभी पुलिस थाने दफ्तर आदि में आधे दिन वृक्षारोपण का ही अभियान चलेगा। वृक्षारोपण



जन आंदोलन कार्यक्रम में नोएडा के कमिश्नर आलोक सिंह ने ग्रेटर नोएडा को हरित में योगदान देने की बात कही। जिसमें पर्यावरण को सुरक्षित और वातावरण को शुद्ध करने के लिए पौधे लगाना आवश्यक है।

इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने कहा कि हम बड़े पेड़ों के छांव में बैठ के सोचते है कि ये भी किसी ने लगाया होगा और अब छांव दे रहे है। इसी मूलमंत्र से प्रभावित होकर हम लोग भी वृक्षारोपण कर रहे है। सभी थाने, चौकी और फायर स्टेशन पर पौधे लगाए जाएंगे।

कुल लक्ष्य 60 हजार का है और हमें उम्मीद है कि हमारे सभी ऑफिसर इस लक्ष्य को पूरे करने में कामयाब होंगे। वहीं नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने भी पौधरोपण अभियान चलाया। उन्होंने पौधा रोप कर लोगों ने हरित अभियान चलाने की अपील की।

## पर्यावरण बचाना सबकी जिम्मेदारी: वीके सिंह

**गाजियाबाद।** जिला स्तर पर कमला नेहरू नगर स्थित एनडीआरएफकी आठवीं बटालियन में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सडक परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक विमानन राज्यमंत्री व सांसद जनरल वीके सिंह ने किया। केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने सुभाष सरोवर का शुभारंभ किया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के सैंकड़ों पौधे रोपे गए। सिंह ने कहा कि देश में पर्यावरण के प्रति जागृति आई है और लोग पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आए हैं। इसी कड़ी में हर साल पौधरोपण कार्यक्रम का बड़े स्तर पर आयोजन किया जाता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# 77 सड़कें होंगी जाम मुक्त, हटेंगे सभी बॉटलनेक

## वर्ष 2019 में की गई थी पहचान, अब तक नहीं हुआ कोई काम, एलजी ने अधिकारियों को लगाई फटकार

**संजय राय।** नई दिल्ली

राजधानी की 77 सड़कें जल्द जाम मुक्त होंगी। इन सडकों से बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर, पेड़ व तार हटाने से संबंधित अधिकांश कार्य वर्ष 2019 से लंबित पड़े हैं।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सडकों से बाटल नेक खत्म करने के मकसद से लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, गृह विभाग, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड और दिल्ली विकास प्राधिकरण समेत अन्य संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों संग यातायात सुचारू करने को लेकर समीक्षा बैठक की।

उन्हें लंबे से काम लंबित रहने पर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और चिन्हित की गई सड़कों से आवागमन में बाधा पहुंचा रहे अवरोधों को तीन महीने के भीतर हटाने का निर्देश दिया।

साथ ही कहा कि इस कार्य को करने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सूत्रों के




अनुसार उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव नरेश कुमार से सभी लंबित मामलों को सुलझाने और हर कार्य को पूरा करने के लिए समय सीमा तय करने को कहा है।

साथ ही यह निर्देश भी दिया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि यातायात में बाधा बन रहे पेड़, बिजली के खंभे हटाने समेत अन्य कार्य तय समय सीमा में पूरा हो और संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाए। लंबित 119 कार्यों में से 58 पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्रवाई की जानी थी। आठ स्थानों पर वृक्षों को हटाने, सात स्थानों पर झुग्गियों और 17 स्थानों पर धार्मिक संरचनाओं के अलावा बिजली के ट्रांसफार्मर और पोल के प्रतिस्थापन, बैंक्वेट हॉल के बाहर पर्याप्त पार्किंग की सुविधा से संबंधित पांच कार्यों के अलावा, महत्वपूर्ण हिस्सों पर भीड़भाड़ कम करने में अत्यधिक देरी हो रही थी। इसमें महरौली-गुरुग्राम रोड, महरौली-बदरपुर रोड, रिंग रोड (विजय नगर से बुराड़ी चौक), लोनी रोड (शाहदरा जीटी रोड से लोनी बॉर्डर तक) आदि शामिल हैं।

एलजी ने निर्देश दिए हैं कि इस संबंध में किसी भी तरह की चल रही गतिविधि को तुरंत रोका जाना चाहिए। संबंधित अधिकारियों द्वारा हस्तक्षेप कर सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने बैठक में यह भी कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से इसकी निगरानी करेंगे और निर्देशों से किसी भी तरह की अनदेखी को बहुत गंभीरता से लिया जाएगा।

धार्मिक स्थलों को हटाने का निर्णय लेने वाली धार्मिक स्थल समिति के मामले में, यह निर्णय लिया गया कि समिति की बैठक हर महीने के अंतिम कार्य दिवस पर बुलाई जाएगी और सभी लंबित मामलों पर निर्णय लिया जाएगा।

बैंक्वेट हॉल के स्थलों पर पार्किंग के संबंध में यह निर्णय लिया गया कि डीडीए पहचान की गई भूमि को संस्थागत व राष्ट्रीय दरों पर एमसीडी को सौंप जाए और एमसीडी बदले में, मौजूदा राजस्व बंटवारे के मॉडल में शामिल होने के बजाय, बैंक्वेट हॉल के संघ को शामिल करेगा और उन्हें एमसीडी द्वारा प्रदान की गई भूमि के बदले में अपनी लागत पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के लिए कहें। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर बनी टास्क फोर्स ने वर्ष 2017 में सुचारू यातायात के लिए 77 सडकों की पहचान की थी जहां यातायात जाम हो जाता है। टास्क फोर्स की टीमों ने सड़कों में सुधार के लिए लगभग 400 किलोमीटर के 77 कॉरिडोर की पहचान की थी।

इसका मसकद पहचान की गई सडकों से बाधाओं को दूर करने के लिए रोड इंजीनियरिंग हस्तक्षेप, यातायात पुलिस की तैनाती और तकनीक के माध्यम से वाहनों का सुगम आवागमन सुनिश्चित करना था। व्यस्त समय के दौरान मैन्युअल और अनधिकृत पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई और अतिक्रमण हटाना शामिल हैं।

# 'आप के सामने चुनाव लड़ने से डर रही भाजपा'

● हंगामेदार रहा सत्र का दूसरा दिन, खूब गरजे केजरीवाल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा में मॉनसून सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी पार्टी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि भगवा पार्टी आम आदमी पार्टी के सामने अब चुनाव लड़ने से भी डर रही है। हार के डर से ही वह एमसीडी का चुनाव टाल रही है। भाजपा को पता है कि दिल्ली वाले हमेशा अपने बेटे, अपने भाई (केजरीवाल) के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने एक बेटे की तरह घर का ख्याल रखा है। अपने भाई-बहनों को पढ़ाता है।

घर में कोई बीमार हो जाए तो उसका इलाज कराते है। ये लोग एमसीडी का चुनाव कराने वाले नहीं है। उन्हें कोर्ट की शरण में जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह न्यायालय का दरवाजा खटखाएंगे और समय पर एमसीडी का चुनाव करवा कर रहेंगे। अल्प कालीन चर्चा के दौरान केजरीवाल ने कहा कि भाजपा वाले अब धमकी दे रहे है कि दिल्ली में अगला विधानसभा चुनाव ही नहीं होगा और दिल्ली को संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश बनाएंगे। ये लोग केजरीवाल से नफरत करते-करते इस देश से नफरत कर बैठे। अगर देश में चुनाव खत्म कर दोंगे और जनतंत्र को खत्म कर दोगे, तो यह देश नहीं बचेगा।

इस चर्चा का समर्थन करते हुए सीएम ने कहा कि बहुत मन होता है कि अगर हमारे पास एमसीडी होती तो वह दिल्ली को साफ कर देते। 15 साल से भाजपा के पास एनसीडी थी, लेकिन उसने दिल्ली को साफ-सुथरा नहीं किया। अब ये लोग चुनाव भी नहीं करा रहे हैं। पहले ये लोग इसी तरह अपशब्द सरकारी स्कूल के शिक्षकों और सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों को कहते थे।

आज वहीं शिक्षक है। स्कूल में करीब 60 हजार शिक्षक हैं और उन्होंने क्रांति करके दिखा दी। सरकारी अस्पतालों में वही डॉक्टर भी है, उन्होंने ने भी क्रांति करके दिखा दिया है। एक बार एमसीडी हाथ में आ जाए। यही सफाई कर्मचारी पूरी दुनिया के अंदर दिल्ली का नाम रौशन करके दिखा देंगे।

### सेवा विभाग से जवाब न मिलने पर जांच के लिए विस ने बनाई समिति

**नई दिल्ली।** सेवा विभाग द्वारा विधायकों के सवालों का जवाब नहीं देने के मामले की जांच के लिए विधानसभा ने तीन सदस्य समिति का गठन किया और इस मुद्दे पर 48 घंटे में रिपोर्ट मांगी। यह कदम सदन में मॉनसून सत्र के दूसरे दिन सेवा विभाग के असंवैधानिक कामकाज से उत्पन्न स्थिति, जो विधानसभा और उसकी समितियों को जवाब देने से भी इनकार कर रहा है विषय पर चर्चा के बाद उठाया गया। विस उपाध्यक्ष बिड़ला ने कहा, विधानसभा में पूछे गए विधायकों के सवालों के जवाब सेवा विभाग द्वारा क्यों नहीं दिए जा रहे हैं, 48 घंटे में रिपोर्ट देने के लिए समिति गठित कर रही है।

### भाजपा विधायकों को मार्शल ने किया सदन से बाहर

**नई दिल्ली।** विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए विधायकों के पत्र लिखने को लेकर जारी चर्चा का विरोध करने पर भाजपा विधायकों को मार्शल ने सदन से बाहर कर दिया।

सदन के 10 मिनट के स्थगन के बाद फिर से शुरू होने पर विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़ला ने आप विधायकों द्वारा उठाए गए इस मुद्दे पर चर्चा की अनुमति दी। डीटीसी चालकों की तैनाती के लिए पत्र लिखने के आरोपों के बाद आप विधायकों ने यह मुद्दा उठाया था। आम आदमी पार्टी (आप) विधायक संजीव झा ने यह मुद्दा उठाया था, जिन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि की हैसियत से उन्होंने यह पत्र लिखा।

यह देखते हुए कि झा द्वारा उठाया गया मुद्दा गंभीर था, बिड़ला ने इस पर चर्चा की अनुमति दे दी। भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने इस मुद्दे पर चर्चा करने का विरोध करते हुए कहा कि चर्चा से पहले एक प्रस्ताव लाने की जरूरत है।

# अनधिकृत कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति व सीवर का काम बिना योजना के हुआ: कैग

● आप की लाभकारी योजना पर उठे सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में वर्ष 2013 से 2018 के बीच पानी और सीवर की लाइन बिछाने का काम बेतरतीब तरीके से किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप रुपये बेकार चला गया और अपेक्षित लाभ नहीं मिले।

यह बात मार्च 2018 में समाप्त हुए वर्ष के लिए सामाजिक, सामान्य और आर्थिक क्षेत्रों पर कैग की एक रिपोर्ट में कही गई है। नियत्रंक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में पेश रिपोर्ट के अनुसार, रणनीतिक योजना नहीं होने की वजह से केवल 353 और 126 अनधिकृत कॉलोनियों को इस अवधि में क्रमश: पाइप से जल आपूर्ति और सीवरेज की सुविधाएं प्रदान की गईं। मार्च 2018 तक की स्थिति के अनुसार कुल 1,797 अनधिकृत कॉलोनियों में से क्रमश 1,230 (68.4 प्रतिशत) और 224 अनधिकृत कॉलोनियों (12.5 प्रतिशत) को पाइप से जल आपूर्ति और सीवरेज की सुविधाएं प्रदान की गईं। अनधिकृत कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति और सीवरेज सुविधाओं को दिल्ली जल बोर्ड द्वारा लागू किया जाता है, जिसके लिए धन शहरी विभाग द्वारा अनुदान सहायता के रूप में प्रदान किया जाता है।

# आप के दो विधायक सीबीआई की जांच के घेरे में आए

**नई दिल्ली।** विधानसभा ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा सदन के निर्वाचित सदस्यों को उनके कर्तव्यों का पालन करने के लिए चुनिंदा निशाना बनाने के लिए निंदा की गई।

दिल्ली परिवहन निगम में ड्राइवरों के स्थानांतरण और तबादले को प्रभावित करने के आरोप में आम आदमी पार्टी के दो विधायक सुल्तानपुर माजरा से मुकेश अहलावत और बुराड़ी से संजीव झा सीबीआई की जांच के घेरे में आ गए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को कहा था कि रिश्वत के एक मामले में गिरफ्तार डीटीसी के उपमुख्य महाप्रबंधक शकील अहमद ने पूछताछ के दौरान दावा किया था कि कई विधायक ड्राइवरों और अन्य डीटीसी कर्मचारियों के स्थानांतरण और पोस्टिंग से संबंधित मुद्दों में हस्तक्षेप करते थे। सीबीआई जांच के संबंध में मीडिया में आई रिपोर्टों का संज्ञान लेते हुए, जिन्होंने डीटीसी में ड्राइवरों और कंडक्टरों जैसे कर्मचारियों के स्थानांतरण या स्थानांतरण की सिफारिश की है, यह सदन सीबीआई की निंदा करता है।

# काली के विवादास्पद पोस्टर पर फिल्म निर्माता पर मामला दर्ज

● प्रचार के लिए सोशल मीडिया के एक पोस्ट के आधार पर की गई शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने फिल्मकार लीना मणिमेकलाई के खिलाफ उनके वृत्तचित्र काली के विवादास्पद पोस्टर के संबंध में एक मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक वकील ने पुलिस के समक्ष दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया था कि सोशल मीडिया पर एक पोस्टर का प्रचार हो रहा है जिसमें देवी काली को सिगरेट पीते हुए दिखाया गया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शिकायत और सोशल मीडिया पोस्ट की सामग्री के आधार पर प्रथम दृष्टया भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत 153ए( धार्मिक, नस्ल आदि के आधार पर दो समूहों में द्वेष को बढ़ावा देना)और धारा 295ए (जानबूझकर धर्म या उसकी मान्यताओं का अपमान कर धार्मिक भावना भड़काना) के तहत मामला बनता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन इकाई ने मणिमेकलाई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारी के मुताबिक इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले, वृत्तचित्र काली के पोस्टर पर काली मां को धूम्रपान करते और एलजीबीटीक्यू का झंडा थामे दिखाए जाने के कारण आलोचनाओं का शिकार हो रहीं फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलाई ने सोमवार को कहा था कि वह जब तब जिंदा हैं, तब तक बेखौफ अपनी आवाज बुलंद करती रहेंगी।

सोशल मीडिया मंचों पर कड़ी आलोचना की गई और विवाद बढ़ने के बाद हैशटैग अरेस्ट लीना मणिमेकलाई भी ट्रेंड करने लगा था। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने ट्वीट किया कि फिल्म में मां काली को सिगरेट पीते हुए दिखाना बेहद आपत्तिजनक और बेहद शर्मनाक है। लीना के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की।

### बेखौफ जीना चाहती हूं : मणिमेकलाई

मणिमेकलाई ने इस विवाद को लेकर लिखे एक लेख के जवाब में ट्विटर पर तमिल भाषा में लिखा कि मेरे पास खोने के लिए कुछ नहीं है। मैं जब तक जीवित हूं, मैं बेखौफ जीना चाहती हूं। अगर इसके लिए मुझे जान भी देनी पड़े, तो मैं वह भी देने को तैयार हूं। उन्होंने लोगों से अपील भी की कि वह पोस्टर का अभिप्राय समझने के लिए वृतचित्र देखें।

# वाणिज्यिक कोर्ट का बुनियादी ढांचा छह माह में होगा तैयार

● राष्ट्रीय राजधानी में बनेंगे 42 अदालतें, प्रशासनिक पक्ष ने दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय के प्रशासनिक पक्ष ने मंगलवार को उसे सूचित किया कि राष्ट्रीय राजधानी में 42 अतिरिक्त वाणिज्यिक अदालतें शुरू करने के लिए अगले छह माह में जरूरी बुनियादी ढांचा तैयार करने के सभी प्रयास किए जाएंगे।

उच्च न्यायालय के प्रशासनिक पक्ष के वकील ने दलील दी कि इमारत का निर्माण जारी है और एक बार अदालत कक्ष उन्हें मिल जाएं तो जिला न्यायाधीशों के खाली पद भर दिए जाएंगे। यह दलील एक लंबित याचिका के सिलसिले में दी गई है, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में वाणिज्यिक मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा 13 अप्रैल 2021 को जारी अधिसूचना के मुताबिक अधिकारियों को अधिक संख्या में वाणिज्यिक अदालतें स्थापित करने का निर्देश देने




की मांग की गई है। प्रशासनिक पक्ष के वकील की दलील को रिकॉर्ड में लेते हुए मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम की पीठ ने अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता अमित साहनी की ओर से दायर याचिका का निपटारा कर दिया और कहा कि वह विस्तृत आदेश बाद में पारित करेगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि उसे दिल्ली सरकार के कानून विभाग से गंभीर समस्याएं हैं, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से उच्च न्यायालय के बुनियादी ढांचे से संबंधित ज्यादातर फाइलें वहां धूल फांक रही हैं। पीठ ने प्रशासनिक पक्ष के वकील से इस मुद्दे पर गौर करने का अनुरोध किया।

दिल्ली उच्च न्यायालय के संयुक्त रजिस्ट्रार ने अदालत के पहले के निर्देशों के तहत दायर एक हलफनामे में कहा कि शहर के जिला अदालत परिसरों के सभी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों से अनुरोध किया गया था कि वे संबंधित अदालत परिसरों में अदालत कक्षों के खाली उपलब्ध होने के संबंध में नवीनतम जानकारी दें।

### बेघर सिर्फ अपना अस्तित्व बचाते हैं : उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि बेघर लोग जीते नहीं, बल्कि अपना अस्तित्व बचाते हैं तथा वे संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त जीवन के मौलिक अधिकार से अनभिज्ञ होते हैं।

अदालत ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के विस्तार के समय एक मलीन बस्ती से दूसरी मलीन बस्ती भेजे गए पांच व्यक्तियों के पुनर्वास का निर्देश देते हुए यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति ने कहा कि झुग्गीवासी गरीबी और दरिद्रता से त्रस्त होते हैं और वे ऐसी जगहों पर मर्जी से नहीं रहते। गौरतलब है झुग्गीवासियों ने रेलवे स्टेशन के पुन: आधुनिकीकरण के नाम पर दूसरी जगह से भी विस्थापित करने के कारण याचिका दायर की थी।

# कीमोथेरेपी दवा के विशिष्ट अणु के सुगम संश्लेषण का खोजा नया तरीका

● आईआईटी दिल्ली के रसायन विभाग ने किया दावा, कोशिका को स्वस्थ बनाने के आशाजनक परिणाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आईआईटी दिल्ली के अनुसंधानकर्ताओं ने कीमोथेरेपी दवाओं से संबंधित विशिष्ट अणु पॉलीएरिलक्विनोन के आसान संश्लेषण के लिए एक नया तरीका खोजा है। पॉलीएरिलक्विनोन एक ऐसा अणु है जिसका उपयोग विभिन्न उद्योगों जैसे कि औषध, ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स और बायो-इमेजिंग में किया जाता है।

अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि हालांकि, इसका संश्लेषण प्राय: चुनौतीपूर्ण होता है और इस काम में विभिन्न तरह की बाधाएं होती हैं। आईआईटी दिल्ली के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं प्रमुख अनुसंधानकर्ता रवि पी सिंह ने कहा कि एरिलक्विनोन आधारित कीमोथैरेपी दवाएं बाजार में पहले से मौजूद हैं, लेकिन हमारा अणु पूर्व में खोजे गए एरिक्विनोन डोक्सोरुबिसिन दवा की तुलना में बेहतर रूप से कोशिका को स्वस्थ बनाने में आशाजनक परिणाम देता है। इसलिए समय की मांग है कि ऐसी तकनीक विकसित की जाए जो सक्रिय औषधि के आयात पर देश की लागत और श्रमशक्ति तथा निर्भरता को कम करे।

प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका एसीएस कैटलिसिस में प्रकाशित अध्ययन में यह भी कहा गया है कि पॉलीएरिलक्विनोन का उपयोग कीमोथेरेपी और ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स में एक एंटीऑक्सिडेंट के रूप में किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार



ईद उल अजहा की तैयारियों को लेकर कुर्बानी के बकरों को बाजार गर्म है।

### दिल्ली में आज को हो सकती है हल्की बारिश

**नई दिल्ली।** राजधानी में मंगलवार को अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा था। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को शहर में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। आईएमडी के मुताबिक, साक्षेप आर्द्रता का स्तर शाम में 54 फीसदी था। यह सुबह आठ बजे 80 प्रतिशत था। उसने बताया कि न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा था। आईएमडी ने पहले बुधवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था और मध्यम से भारी बारिश या गरज के साथ बारिश होने का अनुमान जताया था। मौसम संबंधी चेतावनी के लिए आईएमडी चार रंगों वाले कोड का उपयोग करता है - हरा (कोई कार्वाई की आवश्यकता नहीं), पीला (नजर रखें और सतर्क रहें), नारंगी (तैयार रहें) और लाल (कार्रवाई करें)। दिल्ली में मानसून की पहली बारिश 30 जून की सुबह हुई थी, जिससे भीषण गर्मी से काफी राहत मिली थी। आईएमडी के अनुसार, बुधवार को न्यूनतम तापमान 28 डिग्री तो अधिकतम पारा 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

### स्वच्छ गंगा मिशन ने यमुना घाट पर लगाए 75 पौधे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) द्वारा 2 जुलाई को दिल्ली में यमुना नदी के कालिंदी कुंज घाट पर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत नमामि गंगे अमृत वाटिका बनाई गई। इस दौरान यमुना घाट पर दिल्ली जल बोर्ड, विभिन्न एनजीओ एवं अन्य संबद्ध संगठन के सहयोग से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा 75 पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में एनएमसीजी के महानिदेशक जी. अशोक कुमार, एनएमसीजी कार्यकारी निदेशक डीपी मथुरिया, एनएमसीजी के अधिकारी, डीजेबी के अधिकारी, स्वयंसेवक, स्कूलों के बच्चों समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण एवं नदियों के विषय पर रंग सारथी संस्थान के युवाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया।

### दिल्ली सरकार के रोजगार का दावा झूठा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा जॉब पोर्टल द्वारा 10.21 लाख युवाओं को रोजगार देने का दावा पूरी तरह से गलत और झूठा है। यह आरोप कांग्रेस के पूर्व विधायक और कम्युनिकेशन विभाग केचैयरमेन अनिल भारद्वाज ने लगाया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार 7-8 साल में युवाओं को रोजगार देने के नाम पर भ्रम और प्रचार के मायाजाल फंसाकर रखा है। कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को मंगलवार को संबोधित करते हुए भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस केजरीवाल सरकार के रोजगार देने के दावे को पूरी तरह खारिज करती है।

### 450 शिक्षकों ने डूटा अध्यक्ष को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के अंग्रेज़ी विभाग के 450 से अधिक शिक्षकों ने दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) के अध्यक्ष एके भागी को पत्र लिखकर उनसे स्नातक पाठ्यक्रम की रूपरेखा (यूजीसीएफ) के कार्यान्वयन के कारण होने वाले अभूतपूर्व नुकसान के मामले में हस्तक्षेप करने और अंग्रेज़ी विभाग के कार्यभार को बहाल करने का आग्रह किया गया है। डूटा के अध्यक्ष को लिखे पत्र में, डीयू के विभिन्न कॉलेजों के शिक्षकों ने दावा किया कि यूजीसीएफ के कारण मौजूदा काम के बोझ (वर्कलोड) में लगभग 30 से 40 प्रतिशत की भारी कमी होगी और विशेष तौर पर अंग्रेज़ी विभाग प्रभावित होगा। दिल्ली विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने फरवरी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार तैयार किए गए यूजीसीएफ-2022 को मंजूरी दी थी।

# दिल्ली पुलिस ने शुरू किया कांवड़ यात्रियों का पंजीकरण

## सुरक्षित और सुगम यात्रा की दिशा में उठाया गया ठोस कदम, 14 जुलाई से 26 जुलाई केबीच होगी यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने पहली बार मंगलवार को यात्री पंजीकरण व्यवस्था की शुरुआत की ताकि कांवड़ यात्रा को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाया जा सके। पंजीकरण प्रणाली की जानकारी देते हुए दिल्ली पुलिस ने ट्वीट किया कि कांवड़ यात्रा को और भी सुरक्षित व सुगम बनाने की दिशा में दिल्ली पुलिस ने ठोस कदम उठाते हुए पहली बार यात्री पंजीकरण व्यवस्था की है।

दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नवला ने कहा, डेटा बैंक सुविधा मुहैया कराने और कोई अनहोनी होने पर भक्तों की पहचान करने में मदद करेगा। पंजीकरण



फाइल फोटो

हालांकि अनिवार्य नहीं है। हम समूचे भारत में संवेदनशील घटनाओं से वाकिफ हैं और चौकन्ने हैं। हम पवित्र सावन माह और कांवड़ यात्रा के दौरान सुचारू इंतजाम और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। यात्रियों के विवरण प्राप्त होने से अधिकारियों को किसी भी परिस्थिति में त्वरित मदद पहुंचाने में आसानी होगी। कोविड-19 महामारी की वजह से करीब दो साल के अंतराल के बाद इस साल कांवड़ यात्रा 14 जुलाई से 26 जुलाई के बीच होगी। दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की पिछले सप्ताह हुई बैठक में फैसला किया गया कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह दिल्ली सरकार ने कांवड़ियों की सुविधा के लिए 175 शिविर स्थापित करने का ऐलान किया था।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर नहीं जा सकेंगे श्रद्धालु

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर कांवड़ियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। कांवड़िये मेरठ से मोदीनगरए मुरादनगर और गाजियाबाद के रास्ते दिल्ली जा सकेंगे। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे बनने के बाद यह पहली कांवड़ यात्रा है। एसपी ट्रैफिक मेरठ जितेंद्र श्रीवास्तव का कहना है कि मेरठ की सीमा से दिल्ली एक्सप्रेसवे पर कांवड़िये या कांवड़ संबंधी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जो भी यातायात के मानक हैं, उनका पूरी तरीके से पालन कराया जाएगा। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर पैदल, साइकिल, दो पहिया वाहन, ऑटो, टेंपो और बैलगाड़ी पूरी तरीके से प्रतिबंधित हैं। इस एक्सप्रेस पर वाहनों की स्पीड 120 किमी प्रति घंटा निर्धारित है। दिल्ली की सीमा से गाजियाबाद और मेरठ के मोदीपुरम तक 78 किलोमीटर की सीमा में रैपिड रेल प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां सड़क का अधिकांश भाग बाधित है।

### बच्ची से बलात्कार और गर्भवती करने के आरोप में किशोर हिरासत में

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में 12 वर्षीय एक लड़की से बलात्कार करने और उसे गर्भवती करने के आरोप में एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। उत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सागर सिंह कलसी ने मंगलवार को बताया कि पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, लड़की से पिछले साल नवंबर में बलात्कार किया गया जब किशोर एक रिश्तेदार की शादी में शिरकत करने दिल्ली आया था और लड़की के घर पर ठहरा था। लड़की को हाल में पेट में दर्द रहने लगा और उसे उसकी मां अस्पताल ले कर गई। लड़की के गर्भवती होने का पता चला । भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और बच्चों का यौन अपराधों से संरक्षण कानून (पोक्सो) के तहत 16 वर्षीय लड़के को सोमवार को पकड़ लिया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 6 जुलाई, 2022



# गुरुग्राम विश्वविद्यालय का नाम भी विश्व में चमके : बंडारू दत्तात्रेय

## गुरुग्राम विश्वविद्यालय में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने किया औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम विश्वविद्यालय में औचक निरीक्षण करने के दौरान विश्वविद्यालय की सूचना विवरणिका एवं शोध जर्नल का किया विमोचन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।



विश्वविद्यालय में औचक निरीक्षण करने के दौरान ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मंगलवार को बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अचानक गुरुग्राम विश्वविद्यालय जा पहुंचे। विश्वविद्यालय में उन्होंने व्यवस्थाएं देखने के साथ साथ फैकल्टी सदस्यों से भी बातचीत की। राज्यपाल ने कहा कि वे बिना सूचना दिए यह देखने आए हैं कि यह संस्थान कैसा चल रहा है।

उन्होंने कहा कि सोमवार को ही केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री के सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के चेयरमैन तथा एआईसीटीई के चेयरमैन से दिल्ली में मुलाकात हुई। उनसे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि हरियाणा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की दिशा में अच्छा काम किया जा रहा है। शिक्षकों को अपने गुरू के बारे में बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक का विद्यार्थी पर प्रभाव पड़ना चाहिए। आपके बोलने व रहने सहने के तरीके से भी विद्यार्थी सीखे। केवल किताबी ज्ञान ही काफी नहीं है। उन्होंने कहा कि आप स्वयं को अपने फील्ड में अपडेट रखें और विद्यार्थियों के लिए आदर्श बनें। श्री दत्तात्रेय ने यह भी कहा कि गुरुग्राम शहर का नाम भारत ही नहीं विदेशों में भी विख्यात है। उसी प्रकार गुरुग्राम विश्वविद्यालय का भी विश्वभर में नाम हो। विदेशों से विद्यार्थी यहां पढ़ने आएं।

उन्होंने प्राध्यापकों से कहा कि वे रिसर्च, इन्क्यूबेशन और नई तकनीक पर जोर दें। साथ ही राज्यपाल ने कहा कि आपके ज्ञान और पढ़ाने के तौर-तरीकों के आधार पर ही विद्यार्थी आपका सम्मान करेंगे। राज्यपाल ने यह भी कहा कि हैदराबाद फार्मास्यूटिकल का हब है और वे प्रयास करेंगे कि वहां की फार्मा कंपनी के साथ इस विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय का एमओयू हो, ताकि विद्यार्थियों को प्लेसमेंट में लाभ मिले।

राज्यपाल ने फैकल्टी सदस्यों के साथ परिवार के सदस्यों की तरह बात की। उनसे सुझाव भी मांगे और उनके विचार भी सुने। इसके बाद राज्यपाल ने गुरुग्राम के गांव कांकरौला-भांगरौला के निकट सेक्टर-87 में 48 एकड़ में बनाए जा रहे गुरुग्राम विश्वविद्यालय के परिसर को भी जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया और कहा कि पिछले दिनों स्वयं मुख्यमंत्री मनोहर लाल उस परिसर का अवलोकन करके आए थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के बारे में जानकारी मिली है कि यहां 17 फैकल्टी सदस्य काम कर रहे हैं, जबकि जरूरत लगभग 170 की है। इतनी कम संख्या में भी फैकल्टी सदस्य मेहनत व लग्न से विश्वविद्यालय को चला रही है। इस मौके पर राज्यपाल ने जीयू के नए शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए सूचना विवरणिका जारी की और प्रबंधन विभाग के शोध जर्नल गुरुग्राम यूनिवर्सिटी बिजनेस रिव्यू का भी विमोचन किया। इसके अलावा उन्होंने डिजिटल ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन भी किया।

इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने राज्यपाल को प्रेजेंटेशन के माध्यम से विवि की गतिविधियों तथा उपलब्धियों से अवगत करवाया। आगामी सत्र 2022-23 से शुरू होने वाले 15 नए रोजगारपरक कोर्सों की जानकारी दी। प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरेट के कोर्स करवाए जा रहे हैं। उन्होंने ये भी बताया कि विश्वविद्यालय के साथ 33 महाविद्यालय संबंद्ध है और यहां पर इन्टीग्रेटिड एजुकेशन प्रोग्राम भी शुरू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस विश्वविद्यालय में ओपन डिस्टेंस लर्निंग भी शुरू करने की योजना है।

# हेलीमंडी में निर्माणाधीन बाल भवन का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

## निर्माण कार्य में तेजी लाने के अधिकारियों को दिए निर्देश

**गुरुग्राम।** हेलीमंडी में निर्माणाधीन बाल भवन का मंगलवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बाल भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने निरीक्षण के दौरान नगर पालिका हेलीमंडी के अधिकारियों से बाल भवन के निर्माण कार्य की रिपोर्ट ली। बाल भवन का निर्माण कार्य नगर पालिका हेलीमंडी तथा जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा संयुक्त रूप से करवाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी अनिल दहिया ने उपायुक्त को बताया कि इस बाल भवन के निर्माण की घोषणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई थी। यह भवन लगभग 3250 वर्ग गज भूमि पर विकसित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 03.61 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस भवन का निर्माण कार्य सितंबर-2022 तक पूरा होने की संभावना है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर पालिका हेलीमंडी की यह एक महत्वपूर्ण परियोजना है और इसको समयबद्ध तरीके से पूरा करवाएं। इसमें प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच करते रहें। इस दौरान उपायुक्त ने बाल भवन में बनाए जा रहे ओपन ऑडिटोरियम सहित विभिन्न कलाओं की गतिविधियों के लिए बनाए जा रहे कमरों का भी निरीक्षण किया।



हेलीमंडी में निर्माणाधीन बाल भवन का निरीक्षण करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

# संक्षिप्त समाचार

## अपराध शाखा पुलिस ने सात चोरियों का खुलासा किया



सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस द्वारा गिरफ्तार शातिर चोर।

**सोहना।** सोहना अपराध शाखा पुलिस ने बीते आठ माह में शहर की आठ अलग-अलग दुकानों के ताले तोड़कर चोरियों का खुलासा किया है। पुलिस ने सोमवार रात को शहर के पुराने अलवर मार्ग पर गिरफ्तार किए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनसे पुलिस ने पूछताछ में बिजली की तारों के मंडल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। सोमवार रात को अपराध शाखा सोहना पांच की टीम शहर में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस की टीम सोहना से नूंह जाने वाले पुराना अलवर मार्ग पर पहुंची। जहां एसआई दिनेश कुमार ने सड़क किनारे खड़े दो युवकों को शक के आधार पर हिरासत में ले लिया। जिनकी पहचान शारुख मूल निवासी चैनपुरी थाना नगीना जिला नूंह और हाल निवासी वार्ड-13 व इरफान निवासी वार्ड-13 के रूप में हुई है। पकड़े गए शातिर चोरों ने पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में शहर की छह से सात दुकानों में की गई चोरियां कबूल की है। जिनमें तीन दुकानें बाईपास चौक, एक बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय के समक्ष तथा एक दुकान पलवल मार्ग पर शनि मंदिर के पास टायर बिक्रेता की शामिल है। अपराध शाखा प्रभारी एसआई सत्यप्रकाश ने बताया कि पकड़े गए चोरों से 20 मंडल बिजली की तार तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है। दोनों आरोपियों को मंगलवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## 51 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह 9 जुलाई को



पत्रकारों से बात करते लाडली फाउंडेशन के सदस्य।

**गुरुग्राम।** लाडली फाउंडेशन की ओर से नौ जुलाई को 51 निर्धन बेटियों का संगीतमय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह दिल्ली के छतरपुर मंदिर में होगा। शादी में बेटियों को घर का जरूरी सामान भी उपहार स्वरूप दिया जाएगा। लाडली फाउण्डेशन द्वारा कोरोना महामारी में अनाथ हुई बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कौशल विकास का दायित्व लेने के लिए सामाजिक रुप से गोद लिया जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि छतरपुर मंदिर में यह विशाल आयोजन सायं पांच बजे से शुरू होगा, जिसमें संगीतमय झांकियों के माध्यम से 101 बेटियों का कन्या पूजन एवं सामाजिक दत्तक ग्रहण संकल्प व 51 जोड़ों की भव्य सामूहिक वरमाला व उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ एक अलौकिक सामूहिक विवाह समारोह होगा। इसमें काफी जोड़े मुस्लिम समुदाय से भी हैं। विशेष पुष्प वर्षा व लाईट एंड साउंड शो की तैयारी की गई है। मुंबई से विशेष तौर पर टीम को बुलाया गया है। इस विशाल आयोजन को सपंन्न कराने के लिए 21 समितियों का गठन किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से पार्षद सुभाष सिंगला, राज कुमार जैन, धनराज केडिया, विनोद धर्मानी, राजस्थान मित्र मंडल के मनोज बिहानी, सतीश धर्मानी, रविंद्र बजाज, सुनीता गुप्ता, मुकेश सिंघल, पीपी मेहता, राज सैनी, नरेश गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिम्मेदारी ली है।

## बेटियों को जन्म देने के साथ अच्छी शिक्षा भी दें : सुंदर लाल



गुरुग्राम के गांव सिकंदरपुर बढ़ा में बेटी के जन्म पर कुआं पूजन करने जाती महिलाएं।

**गुरुग्राम।** मानेसर नगर निगम के अंतर्गत गांव सिकन्दरपुर बढ़ा में बेटी के जन्म पर धूमधाम से कुआं पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान परिवार की ओर से पूरे गांव को भोजन कराया गया। गांव सिकन्दरपुर बढ़ा में बुजुर्ग पूरन सिंह के पड़पौत्र की राहुल की पत्नी ज्योति ने बेटी को जन्म दिया है, जिसका नाम शिवन्या रखा गया। शिवन्या के जन्म से ही परिवार में खुशी का माहौल है। पड़दादा पूरन सिंह के आशीर्वाद से दादा मनोज कुमार एवं दादी प्रेम देवी ने शिवन्या के जन्म की खुशी में कुआं पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रिश्तेदारों के अलावा पूरे गांव को इस खुशी में शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि आज के समय में बेटियां भी बेटों से कम नहीं हैं। बेटियां परिवार का समाज और देश में नाम रोशन कर रही हैं। सभी को बेटियों का सम्मान करना चाहिए। बेटियों को बेटों के बराबर समझें। सरपंच सुन्दर लाल यादव ने कहा कि उनके गांव में बेटियों के जन्म पर इसी तरह से खुशियां मनाई जाती हैं। बेटियों को समाज में बराबरी का दर्जा दिया जाता है। बेटियों को जन्म ही नहीं, बल्कि अच्छी शिक्षा देकर उन्हें कामयाब बनाया जाता है। सुंदर लाल ने शिवन्या के पिता राहुल और मां ज्योति व परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी। राहुल एवं ज्योति ने कहा कि घर में बेटी का जन्म उनके लिए गर्व की बात है।

# नागरिक अस्पताल परिसर में बने गड्ढे दे रहे है मौत को दावत



नागरिक अस्पताल में सीवर लाइन बिछाने के दौरान बना गड्ढा।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नागरिक** अस्पताल में सीवर व पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई लाइनों के दौरान बने गड्ढों में रोगी व उसके साथ आए परिजन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। पिछले दिनों हुई बारिश से बिछाई गई लाइनों में जलभराव होने से गड्ढे पहले से और खतरनाक हो गए हैं। नागरिक अस्पताल में करीब डेढ़ वर्ष पहले 56 लाख रुपये का ठेका छोड़ते हुए नये सिरे से पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन बिछाने का कार्य शुरु किया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही के कारण लाइनें बिछाने के दौरान अस्पताल परिसर में की गई खुदाई वाले स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में लाइन के पाइप सरेआम दिखाई दे रहे हैं। ऐसे स्थानों पर गड्ढे बन जाने से यहां आने वाले रोगी से लेकर उसके परिजन गिरकर चोटग्रस्त हो रहे हैं।

## गर्भवती महिलाओं के लिए खतरा

**नागरिक** अस्पताल में जच्चा-बच्चा केन्द्र पर जांच कराने के लिए आ रही गर्भवती महिलाओं के लिए गड्ढे जान भी ले सकते हैं। जिनमें पैर रपटने से गर्भ में पल रहा बच्चा और महिला की जान तक जा सकती है। सतेन्द्र का कहना है कि अस्पताल परिसर में बने गड्ढे में गिरने से दो से तीन नागरिक हर दिन चोटग्रस्त हो रहे हैं।

एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमान ने बताया कि लोक निर्माण विभाग को कई बार पत्र लिखकर अस्पताल परिसर में अधर में लटका सीवर व पेयजल आपूर्ति लाइन बिछाने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने को कहा है, लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सीवर लाइन बंद होने से गंदा पानी क्वाटरों के बाहर व आम रास्ते तथा पार्कों में जमा हो रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सइएन प्रेमसिंघल ने बताया कि विभाग की तरफसे ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए। अधूरे कार्य को 15 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दे दिए है।

# बेहतर परिणाम देने वाले स्कूलों को सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में बेहतर परिणाम देने वाले स्कूल मुखिया को सम्मानित करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**जिला** में शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले आवश्यक सुधारों के मद्देनजर जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ सक्षम योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सक्षम योजना के तहत निर्धारित किए गए मापदंडों के अनुसार कार्य पूरा करने के भी निर्देश दिए।

डीसी ने बैठक में सक्षम योजना से जुड़ी विस्तृत पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन देखने के बाद निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गुरुग्राम जिला में कोरोना के कारण पढ़ाई में पिछड़ गए बच्चों को फिर से आगे बढ़ाने के लिए शुरू किए गए प्रोजेक्ट उड़ान व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुपालना में प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए शुरू किए गए निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिला में चल रही गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट भी देखी। बैठक में बताया गया कि अभी तक जिला में प्राथमिक शिक्षकों के 23 ग्रुप को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वहीं वर्तमान में करीब 9 ग्रुप का प्रशिक्षण कार्य प्रगति पर है। डीसी श्री यादव ने बैठक में हरियाणा सरकार की फ्लैगशिप योजना यानी ई-अधिगम योजना की भी समीक्षा की, जिसमें बताया गया कि गुरुग्राम में माध्यमिक स्कूलों व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 129 के करीब है, जिसमें अधिकतर स्कूलों में टैबलेट वितरण का कार्य पूरा किया जा चुका है। जिला में कक्षा नवीं से बारहवीं तक कुल विद्यार्थियों की संख्या 40 हजार के करीब है।

**कोरोना खत्म हो चुका, अब सुधार करें :** समीक्षा बैठक में पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जिले में गत वर्ष में रिजल्ट को लेकर खराब परफॉरमेंस देने वाले कुछ स्कूल स्क्रीन पर दिखाए गए। उनका रिजल्ट 28 प्रतिशत से 58 प्रतिशत तक था। डीसी ने एक-एक कर सभी स्कूलों के प्रमुखों से खराब परफार्मेंस के कारण पूछने पर बताया कि खराब इसका पहला प्रमुख कारण कोरोना के कारण स्कूलों में कम हाजिरी रहा, वहीं शहरी क्षेत्र के स्कूलों में प्रवासी आबादी इसका प्रमुख कारण थी। जो अपने गृह राज्य में जाने के बाद लंबे समय तक स्कूल से अनुपस्थित रहते हैं। डीसी ने कहा कि कोरोना का प्रसार अब लगभग खत्म हो चुका है, ऐसे में सभी स्कूल प्रमुख बच्चों के अभिभावकों से सीधा संवाद करें।


## इंडस्ट्री में पहली बार! क्यूआर कोड स्कैन करें और अपनी जीवन बीमा पॉलिसी की सेवा लें!

# इंडस्ट्री में पहली बार! क्यूआर कोड स्कैन करें और अपनी जीवन बीमा पॉलिसी की सेवा लें!

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ / आगरा

## बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने इंडस्ट्री में सर्वप्रथम लॉन्च की क्यूआर कोड एनेबल्ड सेवाएं ब्रांच अब ग्राहकों की हथेलियों में!

**ग्राहकों** को अपनी जरूरतों के मुताबिक सेल्फ-सर्विस करने के लिए सशक्त बनाने के लिहाज से देश की प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने क्यूआर कोड एनेबल्ड सेवाएं शुरू की हैं। इंडस्ट्री में यह अपने किस्म की पहली और बेहद सरल और सुरक्षित प्रक्रिया है, और ग्राहकों को उनके फोन पर 15 लोकप्रिय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करती है। ग्राहक को केवल कंपनी की शाखाओं में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन करना है और अपनी जीवन बीमा पॉलिसी से संबंधित सेवाओं को लेकर सेल्फ-सर्विस का इस्तेमाल करना है।

इस पहल पर टिप्पणी करते हुए बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के चीफ-ऑपरेशंस एंड कस्टमर एक्सपीरियंस राजेश कृष्णन, ने कहा, "हमारे ग्राहक विकसित हो रहे हैं और यह हमारा प्रयास है कि हम उन्हें सरल और सुरक्षित सेवा पेशकशों के साथ बेहतर सेवाएं प्रदान करते रहें। इंडस्ट्री की इस पहली प्रक्रिया के साथ, अब क्यूआर-कोड एनेबल्ड सेवा के साथ एक पूरी ब्रांच भी उनके साथ है। यह सुविधा न केवल उनके प्रतीक्षा समय को कम करेगी, बल्कि उन्हें एक आसान और सुखद अनुभव भी प्रदान करेगी, खास तौर पर तब जब वे अपने अनुरोधों को सेल्फ सर्विस के जरिये पूरा करेंगे। ग्राहकों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करने के लिए हम अपने सेवा विकल्पों के विस्तार में निवेश करना जारी रखेंगे। साथ ही हम सुनिश्चित करेंगे कि ग्राहकों का अनुभव केवल हमारे साथ बेहतर हो।"

क्यूआर-कोड एनेबल्ड सर्विस, एक अद्वितीय डिजिटल सेल्फ सर्विस सुविधा है और यह बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस की सभी 509 शाखाओं में उपलब्ध है। इसे ग्राहकों को निर्बाध सेवा वितरण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।


# राइट टू सर्विस सुशासन की दिशा में बढ़ते कदम में आस की अहम भूमिका

**गुरुग्राम।** सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं के लिए राइट टू सर्विस एक्ट के तहत समयसीमा निर्धारित कर दी गई है। सभी विभागों को निर्धारित समय में ही सेवाओं के लिए प्राप्त आवेदनों को निपटाना होता है। सरकार द्वारा पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आस अर्थात ऑटो अपील सॉफ्टवेयर शुरू किया गया है, जिसके बाद अब किसी भी सेवा में देरी होने पर वह ऑटो अपील में चली जाती है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि सरकार प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी प्रशासन देने के लिए अहम कदम उठा रही है। सरकार द्वारा 500 से भी अधिक सरकारी सेवाएं ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से दी जा रही हैं।

# महाराष्ट्र के पॉलिटिकल ड्रामा में हरियाणा के गैरराजनीतिक परिवार के इन दो युवाओं की है अहम भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**महाराष्ट्र** में नई सरकार बन चुकी है, महाविकास अघाड़ी सरकार अब इतिहास हो गई है, लेकिन राजनातिक घटनाक्रम में सब कुछ इतनी तेजी से घटित होता है कि कई महत्वपूर्ण कहानियां, किरदार पीछे छूट जाते हैं। और पर्दे के सामने के किरदारों पर ही चर्चा होती है।

आज हम आपको पर्दे के पीछे के दो ऐसे युवा चेहरों से मिलवायेंगे, जिन्होंने 2019 में महाराष्ट्र में बीजेपी सरकार बनने से रोक दी थी, और 2022 में भी उसकी पुनरावृत्ति करने के लिये सुपर सीक्रेट मिशन में लगे थे, लेकिन इस बार सुरक्षातंत्र ज्यादा मजबूत होने की वजह से अंतिम समय में फेल हो गये, फिर भी महाराष्ट्र में राजनीतिक रूप से सक्रिय लोगों की जुबान पर इनकी चर्चा आम है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के फ्रंटल संगठन राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा और राष्ट्रवादी विद्यार्थी कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया दूहन ने 2019 में हरियाणा के गुरुग्राम से एनसीपी विधायकों को रेस्क्यू कर बीजेपी का अजीत पवार गुट के साथ सरकार बनाने का सपना चकनाचूर कर दिया था, करीब ढाई साल के बाद फिर जब महाविकास अघाड़ी सरकार पर संकट आया तो इन दोनों नेताओं ने फिर से मोर्चा संभाला। सूरत से लेकर गुवाहाटी और फिर गोवा तक बागी विधायकों का पीछा करते रहे, सूत्रों के मुताबिक कुछ विधायकों से संपर्क साधने की कोशिश सफल हो रही थी, लेकिन उद्धव ठाकरे के इस्तीफा देने और बीजेपी गुट की तरफ से एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाये जाने की घोषणा के बाद इस योजना को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। योजना पूरी ना होने की वजह से इसकी पुष्टि करने को कोई नेता तैयार नहीं है।

यहां ये भी जानना बहुत जरूरी है कि 2019 की घटना के बाद से हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले ये दोनों नेता एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के चहेते बने हुये हैं। हालांकि धीरज शर्मा बात करने पर कहते हैं कि हम अपने स्तर पर सरकार बचाने की कोशिश कर रहे थे, युवा नेता होने के नाते ये हमारी जम्मिेदारी थी, इसमें संगठन या फिर हमारे मुखिया शरद पवार साहब के आदेश नहीं थे। बागी विधायकों के बार बार लोकेशन बदलने से भी इनका प्लान फेल हुआ, सूरत में सफलता ना मिलने पर इन्होंने भी गुवाहाटी का रुख किया और वहां पर पूरे शहर में बागी विधायकों के खिलाफ गद्दार के पोस्टर लगा कर चर्चा में आए थे, गोवा में सोनिया दूहन को विधायकों वाले होटल में प्रवेश करने में सफलता मिली लेकिन गोवा पुलिस नें सोनिया को एक अन्य साथी के साथ गिरफ्तार कर लिया, दो दिन पहले उन्हें जमानत मिली।

# बिल्डर एरिया में फीडरों का रखरखाव अब बिजली निगम करेगा



डीएचबीवीएन के एमडी पीसी मीणा।

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने बिल्डर एरिया के उन फीडरों का रखरखाव करने का निर्णय लिया है, जिनकी देखरेख व रखरखाव वर्तमान में आरडब्ल्यूए कर रही हैं। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने मंगलवार को यहां जनहित को ध्यान में रखते हुए यह अहम निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि बिल्डर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए इन क्षेत्रों के फीडरों का रखरखाव अति आवश्यक है।

विभिन्न आरडबल्यूए द्वारा इस बारे में मांग की जा रही थी कि बिजली आपूर्ति के लिए फीडर का रखरखाव बिजली निगम करे। आरडबल्यूए को बिल्डर क्षेत्र में फीडर रखरखाव में लगातार आ रही कठिनाई के कारण बिजली निगम ने यह निर्णय लिया है कि इन फीडरों का रखरखाव अब बिजली निगम करेगा। बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली निगम समय समय पर भूमिगत केबलों की टेस्टिंग और नियमित मेंटेनेंस भी करेगा। इससे ब्रेकडाऊन की स्थिति में जल्दी बिजली सुचारु होगी, साथ ही सभी फीडर के साथ लगे रिंगमैन व समानांतर केबल भी वर्किंग स्थिति मे रहे, ये भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। प्रबंध निदेशक ने बताया कि कुछ रिहायशी सोसाइटियों में बिल्डर द्वारा बिजली आपूर्ति के लिए आवश्यक संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) पूर्ण कर रखरखाव का कार्य सम्बंधित आरडब्ल्यूए को सौंप दिया है।

# क्लीनिंग टेक्नॉलॉजी एवं हाईजीन समाधानों पर एशिया का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड एक्स्पो नॉर्थ इंडिया में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**क्लीनिंग** टेक्नॉलॉजी पर एशिया के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड एक्स्पोजिशन - क्लीन इंडिया टेक्नॉलॉजी वीक का आयोजन ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड में 13 जून से 15 जून, 2022 के बीच होगा। इसमें क्लीन इंडिया शो का 18 वां संस्करण, वेस्ट टेक्नॉलॉजी इंडिया एक्सपो, लॉड्रेक्स इंडिया एक्सपो और ऑटो केयर एक्सपो शामिल हैं, जिनके पांच कॉन्फ्रेंस और सेमिनार आयोजित होंगे।

पश्चिमी, केंद्रीय और दक्षिण भारत में पिछले 17 सालों से सफल शो के बाद, सीटीडब्लू इंडिया उत्तर भारत में एक दशक के बाद और उत्तर प्रदेश में पहली बार आ रहा है। सरकार, उद्योगों, संस्थाओं, कमर्शियल एवं रिटेल सुविधाओं तथा सेगमेंट्स की क्लीनिंग एवं हाईज़ीन की जरूरतों को देखते हुए एक्सपो में भारतीय प्रोफेशनल क्लीनिंग सेगमेंट मैकेनाईज्ड और ऑटोमेटेड क्लीनिंग के लिए इनोवेशन, टेक्नॉलॉजी, सिस्टम एवं उत्पाद लेकर आ रहा है। इन समाधानों में सतहों का रखरखाव, हवा की गुणवत्ता मापने की प्रणाली, रखरखाव के लिए समझदार मशीनें, स्वच्छ वातावरण एवं स्मार्ट शहरों के लिए प्रभावशाली एवं किफायती उत्पाद, रोबोट द्वारा कचरे का पृथकीकरण, हाईजीन के कपड़ों के लिए प्रभावशाली समाधान, वाहन की देखभाल के लिए उत्पाद एवं सस्टेनेबिलिटी एवं नेट जीरो का उद्देश्य पूरा करने के लिए जरूरी हर चीज शामिल है। वर्चुअल इन्फो सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित इन एक्सपो को स्वच्छ भारत 2.0, इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन, नेशनल सॉलिड वेस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया, बायोगैस एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं अन्य संस्थाओं का सहयोग है। क्लीन इंडिया शो साल 2005 से अंतरराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी और निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं, जिन्होंने भारत में अपनी सब्सिडियरीज और सप्लायर नेटवर्क स्थापित कर लिया है। ये एक्सपो 350 से ज्यादा ब्रांड्स का प्रदर्शन करती हैं, जो क्लीनिंग एवं हाईजीन, कचरे के पृथकीकरण से लेकर रिसाईक्लिंग एवं लॉन्ड्री और ड्राई-क्लीनिंग तक के लिए एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करते हैं। ये एक्सपो स्टार्ट-अप सप्लायर्स, फ्रैंचाईजी और सर्विस प्रदाताओं को खुद को स्थापित करने के शानदार अवसर प्रदान करती हैं। इन तीन दिवसीय एक्सपो में करोड़ों के सौदे किए गए हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 6 जुलाई, 2022



# एम्स के डॉक्टर आयुर्वेद से दूर कर रहे पुराने मर्ज

**कविता।** फरीदाबाद

### डेढ़ साल से बीके और पल्ला के संग आयुष डिस्पेंसरियों में भी निःशुल्क कैम्प

**औद्योगिक** नगरी में शरीर के विभिन्न हिस्सों में दर्द की शिकायत के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। काम करने के कारण अक्सर लोगों को शरीर में दर्द रहता है। इसमें मांसपेशियों में दर्द, हड्डियों में दर्द, जोड़ों का दर्द, गठिया, घुटने का दर्द, कंधे का दर्द, गर्दन का दर्द, कमर का दर्द आदि शामिल हो सकते हैं।

अधिक वर्कवाउट करने, लगातार बैठकर ऑफिस का काम करने या फिर अधिक चलने-फिरने से शरीर के कई हिस्सों में दर्द, ऐंठन और थकान महसूस होने लगती है। शारीरिक दर्द कई बार इतनी बढ़ जाता है कि सामान्य कार्य करना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार लगातार रहने वाला शारीरिक दर्द या बॉडी पेन शरीर को नुकसान भी पहुंचा सकता है, लेकिन पैसों की कमी और जागरुकता की कमी के कारण लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं। लोगों की इन परेशानियों को समाप्त करने के लिए ही एम्स की तरफ से शहर के आयुष विभागों में लोगों को इन बीमारियों से छुटकारा दिलवाने का प्रयास किया है। जिसके तहत एम्स की तरफ से जिले में मौजूद आयुष विभाग में कैम्प लगाए जा रहे हैं।


बीके अस्पताल के आयुष विभाग में एम्स के डॉ. मदन पाटिल मरीज के घुटने की जांच करते हुए।

मंगलवार को भी बीके सिविल अस्पताल परिसर में मौजूद आयुष विभाग में एक जांच और दवा वितरण कैम्प लगाया गया। कैम्प में मौजूद एम्स के डॉ. मदन पटेल ने बताया कि इस कैम्प में मरीजों को मुफ्त इलाज, दवाइयां और जांच उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि यह कैम्प माह में चार दिन बीके अस्पताल में और शेष दिनों में पल्ला समेत विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में मौजूद आयुष विभाग में लगाया जाता है।

उन्होंने बताया कि एम्स की तरफ से लगाए जा रहे इन कैम्पों को एक शनिवार छोड कर और एक मंगलवार छोड़कर लगाया जाता है। जिसमें इस माह फिलहाल 09, 19 और 23 जुलाई को कैम्प लगाए जाऐंगे। उन्होंने बताया कि कैम्प में निःशुल्क आयुर्वेदिक उपचार, दवाइयां, ब्लड टेस्ट, योग, योगा आहार बिहार के बारे में सलाह और गठिया, घुटने का दर्द, कंधे का दर्द, गर्दन का दर्द और कमर का दर्द के उपचार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए वैक्सीन जरूरी : उपायुक्त

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड बचाव के लिए टीकाकरण अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। वैक्सीनेशन अभियान के तहत समाचार लिखे जाने तक जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर आयोजित वैक्सीनेशन कैम्पों में अब तक कुल 117410 लोगों को बूस्टर डोज वैक्सीन भी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आज के आंकड़ो को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल पहली व दूसरी डोज़ सहित कुल 4094393 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### रविंद्र फागना ने 35 रन से जीता मैच



**फरीदाबाद।** रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली में प्रैक्टिस मैच खेला गाया। मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने गुलाब क्रिकेट अकादमी को 35 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए ओवर 45.1 में 10 विकेट पर 227 रन बनाए। टीम की ओर से यश कौशिक ने 68 रन, समीर खान ने 65 रन, रिजवान खान ने 46 रन, दीपिका ने 17 रन बनाए। गुलाब क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए तन्मय ने तीन विकेट, विनय ने दो विकेट, धर्मेंदर और निशांत एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुलाब क्रिकेट अकादमी ने 47.4 ओवर में 10 विकेट पर 192 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अरिन ने 35 रन, आकाश ने 31 रन, तन्मय ने 28 रन, पियूष ने 21 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए श्रुति और गर्वित ने दो-दो विकेट, प्रियांशु और मोहम्मद, अभिषेक, साहिल और समीर ने एक-एक विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार समीर खान को दिया गया।

### दंपति पर मां-बेटे से मारपीट का मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** डबुआ कॉलोनी में मां-बेटे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर डबुआ थाना पुलिस ने दर्ज किया है, लेकिन आरोपी गिरफ्त से बाहर हैं। सुषमा रानी डबुआ कॉलोनी में अपने बेटे के साथ रहती है। शिकायत के अनुसार 28 जून को सुषमा के पड़ोसी पूनम भड़ाना और राजकुमार भड़ाना ने घर से निकलते ही सुषमा को जान से मारने की धमकी दी। इन दोनों पति-पत्नी की वजह से सुषमा का बेटा गहरी चोट से आहत है। उसकी जान खतरे में है। पूनम ने कई बार सुषमा के साथ सार्वजनिक रूप से न केवल मारपीट की बल्कि पूरी गली में घसीटा। लेकिन आरोप है कि यह परिवार राजनीतिक पकड़ के चलते बार-बार कानूनी कार्रवाई से बच निकलता है। इतना ही नहीं आरोपियों की बहन भी डबुआ कॉलोनी आकर परेशान करती है। सुषमा का आरोप है कि आरोपी परिवार उसे और उसके बेटे की हत्या करके घर को कब्जाना चाहते हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पूनम भड़ाना और राजकुमार भड़ाना के खिलाफ मानसिक उत्पीड़न, शारीरिक उत्पीड़न, अभद्र भाषा का प्रयोग करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

### ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के पीछे का विज्ञान पर सत्र



**फरीदाबाद।** एनएएसी और आईक्यूएसी द्वारा ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के पीछे का विज्ञान पर एक सत्र आयोजित किया गया था। दिन के वक्ता डॉ. गौरव छाबड़ा थे। वह ज्योतिष में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्हें वैदिक ज्योतिष, नाड़ी ज्योतिष, लाल किताब, वास्तु विज्ञान और अंकशास्त्र में 15 से अधिक वर्षों का अनुभव है। इस सत्र में सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। वास्तुशास्त्र एक वैदिक विज्ञान है जो एक परिसर में उत्पन्न सुखद और कष्टदायक आवृत्तियों के बीच अंतर बताता है। ज्योतिष आपके जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को निर्धारित करता है, जिसका अर्थ है कि उनका सत्तारूढ़ चिह्न हमारी स्वयं की भावना से लेकर हमारे गहरे रहस्यों, हमारे पारिवारिक जीवन और बीच में हर विवरण को प्रभावित कर सकता है। वक्ता ने वास्तु शास्त्र के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आधुनिक वास्तु और पारंपरिक वास्तु के बीच अंतर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि आधुनिक वास्तु में 16 जोन हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि वास्तु शास्त्र केवल नकारात्मक ऊर्जा या दिशाओं से संबंधित नहीं है। वास्तु समान रूप से किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, रिश्ते, धन और उस स्थान को प्रभावित करता है जिसमें वे रह रहे हैं। डॉ. सतीश आहूजा, प्रधान निदेशक और डॉ. रितु गांधी अरोड़ा, वाइस प्रिंसिपल ने संकाय के लिए इस तरह के एक व्यावहारिक सत्र के आयोजन के लिए नैक और आईक्यूएसी समन्वयकों डॉ सरिता कौशिक, डॉ अनामिका भार्गव और टीम के सदस्यों के प्रयासों की सराहना की।

### अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने अवैध शराब तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम टीकाराम है जो फरीदाबाद की बसेल्वा कॉलोनी का निवासी है। क्राइम ब्रांच की टीम पुलिस थाना ओल्ड एरिया में गश्त कर रही थी की गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अपने ठैया पर अवैध शराब बेचने का काम करता है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को अवैध शराब सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से देसी शराब की दो तथा अंग्रेजी शराब की एक पेटी बरामद की गई। आरोपी से जब शराब बेचने का लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका जिसके पश्चात आरोपी को काबू करके थाने लाया गया और उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था परंतु लोकडाउन में नौकरी छूट जाने के बाद इसे कोई काम नहीं मिला इसलिए उसने शराब बेचना शुरू कर दिया। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

### राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष नियुक्त



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन का बल्लभगढ़ शहरी प्रधान दिनेश तेवतिया को नियुक्त किया। यह जानकारी राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष अशोक गांधी ने दी। गांधी ने कहा कि मजबूत व्यापारी साथी उनकी व्यापारियों के प्रति निष्ठा और समाज में उनके द्वारा किए हुए कामों को देखते हुए तेवतिया की नियुक्ति की गई है। तेवतिया के जुड़ने से बल्लभगढ़ के व्यापारी और व्यापार संगठन मजबूत होगा और जल्द ही पूरे फरीदाबाद जिले की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और व्यापार संगठन को मजबूत किया जाएगा। विदित है कि व्यापार संगठन प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में व्यापारियों की हितों की लड़ाई समय-समय पर लड़ता रहा है और उनके कुशल नेतृत्व में व्यापार संगठन बड़ी मजबूती के साथ प्रदेश में आगे बढ़ रहा है। नवनियुक्त प्रधान दिनेश तेवतिया ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग एवं जिला अध्यक्ष अशोक गांधी का आभार जताते हुए कहा कि उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। व्यापारियों के हितों की लड़ाई तन-मन-धन के साथ लड़ेंगे और व्यापारी के हितों के लिए किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे और ना ही किसी तरह का दबाव मानेंगे। मंगलवार को बल्लभगढ़ के गणमान्य व्यापारियों की मौजूदगी में उनको नियुक्ति पत्र सौंपा गया है! मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विजय जैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण गर्ग, अशोक गुप्ता, विजय अरोड़ा, अनिल कालड़ा, जयदेव सेठी, अशोक अरोड़ा, दुलीचंद मलरेना, जवाहरलाल तेवतिया, अमित गुप्ता, गौरव ठुकराल, ओम प्रकाश भाटी, सरदार तिलोचंद, वेद प्रकाश, वेद प्रकाश, वैष्णव, जगदीश, चन्द्र पाल, राजू लांबा, बंटी तनेजा आदि दर्जनों मौजूद व्यापारी एवं व्यापारी प्रतिनिधियों ने उनको अध्यक्ष बनने की बधाई दी।

# लापरवाही : एमडीयू ने हिंदी विषय का गलत प्रश्नपत्र भेजने से विद्यार्थी परेशान

### प्रश्नपत्र गलत आने के आधे घंटे बाद एमडी यूनिवर्सिटी ने परीक्षा को किया स्थगित

**कविता।** फरीदाबाद

**एमडी** यूनिवर्सिटी की लापरवाही के कारण विद्यार्थियों की मुश्किले लगातार बढ़ती जा रही हैं। यूनिवर्सिटी के आए दिन ऐसे कारनामें सुनने को मिलते हैं, जिसके कारण विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका नजर आता है। ऐसा ही कुछ मंगलवार को हुआ।

प्रदेशभर में महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय के बीए छठें सेमेस्टर की हिन्दी कम्पल्सरी कोर्ड 94404 बीए फाईनल ईयर का पेपर ऑउट ऑफ सिलेबस भेज दिया गया। जिसके बाद कॉलेज की तरफ से यूनिवर्सिटी को मेल भेजकर इस बारे में सूचना दी गई। सूचना मिलने पर यूनिवर्सिटी की तरफ से गलती मानते हुए उक्त परीक्षा को स्थगित कर दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आधे घंटे तक गलत पेपर देखकर हंगामा किया। हंगामा कर रहे विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि हिन्दी जैसे विषय का पेपर जब आउट ऑफ सलेब्स आ सकता है, तो ऐसे में किसी ओर विषय की क्या बात करें।


सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय से बाहर आती छात्राएं।

**विषय से हटकर पूछे सवाल :** हिन्दी के एक टीचर ने बताया कि एमडी यूनिवर्सिटी की तरफ से बीए फाईनल ईयर का पेपर मंगलवार को होना था। लेकिन इस पेपर में सभी सवाल विषय से हटकर पूछे गए थे। परीक्षा शुरू होने पर जब विद्यार्थियों को पेपर मिला, तब इसका खुलासा हुआ। स्टूडेंट्स के हंगामा करते हुए शिकायत करने पर टीचर्स ने प्रश्नपत्र देखा तो उनको भी गड़बड़ी समझ में आई। तुरंत इस बात की सूचना एमडी यूनिवर्सिटी को मेल के जरिये भेज दी गई। जिसके आधे घंटे बाद एमडी यूनिवर्सिटी ने मेल का जवाब देते हुए मेल के जरिये ही पेपर को स्थगित कर दिया।

**नहीं की घोषणा:** स्टूडेंट्स की शिकायत सही पाए जाने पर और यूनिवर्सिटी से जवाब आने पर सभी प्रश्नपत्र और कॉपियां जमा कराकर पेपर कैंसिल कर दिया गया। परीक्षा की अगली तिथि बाद में घोषित की जाएगी। प्रदेश के राजकीय और निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स का कहना था कि जब यूनिवर्सिटी से हिन्दी के सवाल ही नहीं हो पा रहे हैं, तो अन्य विषयों पर काम कैसे होगा। उन्होंने मांग की है कि प्रश्नपत्र की जांच किसने की थी। इसकी जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाए। प्रश्नपत्र छपने से पहले बाकायदा एक समिति प्रश्नपत्रों की जांच करती है। समिति में विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति होती है। बहरहाल पेपर की फाइनल तिथि बाद में घोषित की जाएगी। वहीं यूनिवर्सिटी की लापरवाही के कारण हजारों विद्यार्थियों को जहां परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं उनका समय भी बर्बाद हुआ है।

## ऑपरेशन मजनू के तहत 20 मनचलों को किया काबू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**महिलाओं** के साथ साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों को सबक सिखाने के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए महिला पुलिस थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया और दुर्गा शक्ति की टीम ने महिला विरुद्ध अपराध में सराहनीय कार्य करते हुए बीते दो सप्ताह में 20 मनचलों को काबू करके अच्छा सबक सिखाया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए आरोपियों में फरीदाबाद के मनोज, सौरव, राहुल, समीर, कुनाल, रितेश, अंकित, शुभम, मुनेश, सचिन, विनोद, मनोज, जुबेर, आमिर, प्रवीण, सचिन, सूरज के साथ पलवल के रहने वाले कर्मवीर व आदित्य और बिहार निवासी मशीर का नाम शामिल है। आरोपियों को एनआईटी एरिया में स्थित विद्यालय, पार्क आदि सार्वजनिक स्थानों पर महिला व छात्र छात्राओं से छेड़छाड़ करते हुए काबू किया है। पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद रहकर वहां पर छात्राओं या लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करने वालों पर निगरानी रखती हैं। सादी वर्दी में तैनात इन महिला पुलिसकर्मियों से थोड़ी दूर पर ही दुर्गा शक्ति की टीम मौजूद रहती है। यदि कोई भी लड़का सादी वर्दी में मौजूद महिला पुलिसकर्मियों या किसी अन्य लड़की के साथ किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ करता है, भद्दे कमेंट पास करता है या उनका पीछा करता है तो थोड़ी दूरी पर ही मौजूद दुर्गा शक्ति की टीम को इशारा करके मौके पर बुलाया जाता है और वहीं पर आरोपी को मौके से दबोच लिया जाता है। आरोपियों में ज्यादातर आवारा किस्म के लड़के या कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र शामिल होते हैं।


आपरेशन मजनू के तहत पुलिस द्वारा काबू किए गए मजनू।

## किस्मत से मिलता है भागवत कथा सुनने का सौभाग्य : प्रताप


लकड़पुर शिव दुर्गा विहार में आयोजित भागवत कथा में भाग लेते वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह।

**फरीदाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह ने कहा कि भागवत कथा सुनने का मौका किस्मत से ही मिलता है और वह सौभाग्यशाली होते हैं। विजय प्रताप शिव दुर्गा विहार लकड़पुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शिरकत करने पहुंचे और व्यासजी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने 11 हजार रुपये की सहयोग राशि भी भेंट की। कथावाचक ने राजा परीक्षित का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि कोइ भी व्यक्ति दुनिया में जीने के लिए नहीं आया है, मरने के लिए आए हैं। जन्म के साथ ही हमारी मृत्यु तय हो जाती है। मृत्यु का मतलब है परिवर्तन, जो दुनिया हर क्षण, हर पल परिवर्तन होती है। कांग्रेसी नेता विजय प्रताप ने सत्संग ध्यानपूर्वक सुना और कहा कि भगवान को प्रसन्न करने के लिए ध्यान करना जरूरी है। यही भगवान को पाने का सबसे सरल एवं सहज तरीका है। तुलसीदास ने कहा है कलियुग में यज्ञ करना कठिन काम है, कोई नास्तिक है कोई कुपंथी है और कोई कहेगा हम संत नहीं मानते, हम धर्म नहीं मानते। इसलिए तुलसीदास जी ने सोचा कि कलयुग में नालायक लोग भी होंगे, तो ऐसे में भगवान के नामों को जपने से तीर्थ यात्रा, यज्ञ तथा समाधि का फल मिल जाता है।

## भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं को गिरफ्तार करे भाजपा : महेन्द्र चौधरी

### भाजपा-जजपा मिलकर प्रदेश को लूटने का काम कर रहे हैं : धर्मबीर भडाना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भाजपा** की संगठित लूट का हिस्सा हैं धनेश अदलखा। इसलिए वह महाराष्ट्र में होने वाले राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग तक में शामिल होने पहुंच जाता है। यह बात आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी महेन्द्र चौधरी ने मंगलवार को बड़खल-गुड़गांव रोड स्थित जिला कार्यालय पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कही।

आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर इसको सहन नहीं करेगी और इनके खिलाफ सड़क पर उतरेगी। इसी के तहत बुधवार छह जुलाई को नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा और भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं की गिरफ्तारी की मांग की जाएगी।


पत्रकारों से बातचीत करते आम आदमी पार्टी के सह प्रभारी महेंन्द्र चौधरी।

महेन्द्र चौधरी ने बताया कि धनेश अदलखा के तार सीधे मुख्यमंत्री से जुड़े हुए हैं और हमें उम्मीद नहीं है उनका कोई बाल बांका बिगाड़ सकता है। सह प्रभारी ने कहा कि अभी जिला स्तर पर प्रदर्शन किए जा रहे हैं, मगर भ्रष्टाचारियों की गिरफ्तारी शीघ्र नहीं हुई तो मुख्यमंत्री का घेराव किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने बताया कि फरीदाबाद नगर निगम में हुए 200 करोड़ से अधिक के घोटाले में शामिल विधायक एवं मंत्री तथा आईएएस अधिकारियों के नाम उजागर करें सरकार और नगर निगम फाइनेंस कमेटी में शामिल मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर सहित मास्टर माइंड धनेश अदलखा पर कार्रवाई को लेकर आम आदमी पार्टी बुधवार प्रातः 10 बजे नगर निगम कार्यालय से नीलम चौक तक पैदल मार्च निकालेगी। नगर निगम आयुक्त का घेराव करेगी। इस मौके पर महेन्द्र चौधरी ने वार्ड नं. 18 से चुनाव लड़ चुके लखबीर सिंह लक्खा को अपने साथियों के साथ जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना, महासचिव भीम यादव, महिला जोन अध्यक्ष मंजु गुप्ता, राकेश भड़ाना, प्रवेश मेहता, हितेश पाल्टा, चंचल तंवर, गोविन्दा एवं अरुण कुमार के नेतृत्व में पटका एवं टोपी पहनाकर आम आदमी पार्टी में शामिल कराया।

## व्यापारियों के लिए पोर्टल खोलने पर जताया सीएम का आभार

**फरीदाबाद।** प्रदेश की भाजपा सरकार ने व्यापारियों को तोहफा देते हुए पोर्टल को दोबारा तीन महीने के लिए यानि 30 सितंबर तक खोल दिया गया है। फरीदाबाद के सभी लीज होल्डर व्यापार वर्ग के सरकार के इस फैसले से बेहद उत्साहित हैं। बड़खल विधायक सीमा त्रिखा से बीते कुछ दिन पहले फरीदाबाद के अलग-अलग कोनों से व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा एवं उनकी तमाम टीम उनके निवास स्थान पर मिलने आई थी। उन्होंने विधायक को एक प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें पोर्टल को दोबारा आरंभ कराए जाने की मांग की थी। इस बाबत सीमा त्रिखा ने स्थानीय निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता से मुलाकात की और उनके समक्ष व्यापारियों की समस्या रखी। सीमा त्रिखा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी व्यापारियों के इस मुद्दे को रखा, जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही जनता की मांग पर पोर्टल को दोबारा आरंभ कर दिया जाएगा।

# वेब सीरीज झोलाछाप की टीम पहुंची जेसी बोस

### मीडिया विभाग के साथ मिलकर किया कार्यक्रम का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हाल** में ही वूट ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'झोलाछाप' की स्टार कास्ट आज जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद पहुंची और अपनी वेब सीरीज का प्रमोशन किया। प्रमोशन कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के संचार एवम मीडिया तकनीकी विभाग के साथ मिलकर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने पूरी स्टार कास्ट का विभाग में पहुंचने पर स्वागत किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा की सिनेमा समाज का प्रतिबिंब है, सिनेमा सामाजिक समस्याओं को प्रस्तुत करने का एक मंच है, जिन्हें वेब सीरीज बखूबी चित्रित करती है। उन्होंने निर्देशक ज्योति प्रकाश और इंडोगामा फिल्म फेस्टिवल 2018 के दौरान बनाए गए सीएमटी विभाग के बीच मजबूत बंधन का भी उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा की फिल्म निर्माण, निर्देशन व एक्टिंग के क्षेत्र में जाने वाले विद्यार्थियों के लिए आज यह सुनहरा अवसर है कि वे इस क्षेत्र की संभावनाओं व परेशानियों के बारे में झोलाछाप की स्टार कास्ट से जान सकते हैं।


जेसी बोस विश्व विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते वेब सीरीज झोलाछाप की स्टार कास्ट।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल जानकारी देने के उद्देश्य से समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कराए जाते रहते हैं। वेब सीरीज के डायरेक्टर ज्योति प्रकाश ने बताया कि झोलाछाप वेब सीरीज गांवों में मेडिकल सुविधाओं के अभाव पर आधारित है। उन्होंने बताया की इस वेब सीरीज में ये दिखाया है कि गांवों के लोग क्यों किसी अच्छे डॉक्टर के पास न जाकर किसी झोला छाप डॉक्टर के पास जाते हैं। वहीं इस सीरीज की मुख्य नायिका महक मनवानी व नायक लवकुश कुंडू ने बताया की यह वेब सीरीज बहुत अच्छे सामाजिक संदेश को प्रस्तुत करती है। इस वेब सीरीज का मुख्य उद्देश्य ही गांव के लोगों को मेडिकल सुविधाओं के प्रति सजग करना है। उन्होंने कहा कि इस सीरीज का कंटेंट हिंसात्मक ना हो कर बहुत ही मनोरंजनात्मक हैं जिसे पूरे परिवार के साथ बैठ कर देखा जा सकता है। इस दौरान वेब सीरीज की पूरी स्टार कास्ट ने मीडिया विभाग के विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया।

## बाग लगने पर सात हजार रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में जलशक्ति अभियान टू के तहत धान की खेती की जगह बाग लगने पर सात हजार रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि किसानों को दी जाएगी। फलों का बाग लगाने पर किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेतों में फलदार पौधों के बाग लगाने वाले किसानों को बागवानी विभाग अब ज्यादा सब्सिडी देगा। अब विभाग ने किसानों को मिलने वाली सब्सिडी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक कर दिया है। सब्सिडी का पैसा बाग लगाने वालों को तीन किस्तों में दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अधिक सब्सिडी देना सरकार का मकसद किसानों की आय व फलों के उत्पादन को बढ़ाना है। एक किसान को अधिकतम 10 एकड़ तक सब्सिडी दी जाएगी।जिला बागवानी अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने कहा कि सरकार ने बाग लगाने वालों को अब 50 प्रतिशत सब्सिडी देने का निर्णय लिया है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है।

इसी कड़ी में हरियाणा सरकार द्वारा आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में ऐसी ही एक योजना है हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाता है। डीसी जितेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने में की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा योजना के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।

**योजना का उद्देश्य :** डीसी ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाना है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को 3 लाख तक का ऋण 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाएगा। इस ऋण के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं स्वरोजगार स्थापित कर सकेंगी एवं दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी। यह योजना देश की महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाएगी।

**हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना**

**योजना के लाभ तथा विशेषताएं:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना महिलाओं के जीवन में नया बदलाव लेकर आएगी। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को अपना स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# भाजपा की प्रगति

## हताश विपक्ष

**वरिष्ठ** भाजपा नेता अमित शाह ने दावा किया है कि अगले 30-40 साल भगवा पार्टी का युग होगा। इसे विपक्ष द्वारा खारिज करना या बड़बोला बयान बताना उचित नहीं होगा। विपक्ष को इसे लापरवाही के साथ भी नहीं लेना चाहिए। भाजपा की प्रगति को देखत हुए विपक्ष को भी केवल बयान देने से आगे निकलना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संभवत: भाजपा का रथ थमने वाला नहीं है, बल्कि इसकी गति बढ़ रही है। यह विपक्ष तथा बुद्धिजीवी वर्ग के बड़े हिस्से के लिए चिन्ता का विषय है क्योंकि उनका एक भय सच साबित हुआ है। हालांकि, भाजपा की यात्रा में असंख्य सफलताओं के साथ ही पिछले साल पश्चिम बंगाल जैसी विफलतायें भी सामने आई हैं, पर इसकी बढ़त लगभग सभी जगह है और उसे किसी खांचे में बंद नहीं किया जा सकता है। कुछ राजनीतिक व वैचारिक नेता शाह के बयान में एक लापरवाही भी देख सकते हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। वे ऐसे लोगों में नहीं हैं जो केवल अपनी प्रशंसा से खुश हो जाएं। उनके लिए प्रशंसा कभी काफी नहीं होती है तथा वे हमेशा और अधिक की तलाश में रहते हैं। केवल किसी राज्य में विजय काफी नहीं है, भाजपा के विधायकों व सांसदों की संख्या बढ़नी चाहिए और हर वृद्धि के बाद मोदी-शाह जोड़ी एक और वृद्धि का प्रयास करते हैं। वे न केवल 543 लोकसभा सीटों, बल्कि हर राज्यसभा सीट, हर राज्य तथा यहां तक कि नगरपालिकाओं के लिए भी संघर्ष करते हैं। इस जोड़ी ने भाजपा की जीन्स से लापरवाही को समाप्त कर दिया है। यह नई भाजपा है, यह अटल बिहारी वाजपेयी या लालकृष्ण आडवाणी वाली भाजपा नहीं है। कहने का यह अर्थ नहीं कि वाजपेयी-



आडवाणी नीत भाजपा सुस्त या आरामतलब थी। इसके एकदम उलट वह हमेशा अत्यधिक सक्रिय, मुखर तथा जोश से भरी रहती थी।

यहां तक कि 1980 के दशकांत में जब भगवा पार्टी लोकसभा में केवल दो सीट तक सिमट गई थी, तब भी उसकी सक्रियता में कोई कमी नहीं आई थी और उसके नेता अपनी उपस्थिति प्रदर्शित करते रहते थे, जबकि लोकसभा में कांग्रेस की सदस्य संख्या 400 से भी अधिक थी। भाजपा के विरोधी और चाहे जो कहें, वे इसे सुस्त या लापरवाह नहीं कह सकते हैं। मोदी और शाह के नेतृत्व में भगवा पार्टी और अधिक गतिशील हो गई है। बहुत सी पार्टियां सत्ता से बाहर रहने पर इस प्रकार की ऊर्जा, उद्देश्य व गतिशीलता नहीं प्रदर्शित करती हैं जैसा कि भाजपा ने किया। अपनी अखिल भारतीय उपस्थिति का दावा करने वाली कांग्रेस पार्टी निश्चित रूप से ऐसी नहीं है। वह 1980 में सत्ता में इसलिए वापस आई क्योंकि जनता पार्टी अपने ही विरोधाभासों के बोझ से ध्वस्त हो गई थी। यही स्थिति दूसरे प्रयोग की रही जिसे जनता दल ने एक दशक बाद दुहराया। 2004 में भी देश की 'सबसे पुरानी पार्टी' सत्ता में इसलिए नहीं आई कि उसके नेताओं ने सड़कों पर भाजपा के खिलाफ विजय के लिए बहुत पसीना बहाया था। वास्तव में उसकी सीटें भाजपा से केवल 7 अधिक थीं। इसका कारण यह था कि भगवा पार्टी का संदेश अस्पष्ट था और इसे अभियान के दौरान आरएसएस का समर्थन नहीं मिला था। इस पृष्ठभूमि में देखने पर शाह का दावा असंभव नहीं लगता है। यदि देश की 'सबसे पुरानी पार्टी' तथा अन्य विपक्षी पार्टियां भाजपा को सत्ता से हटाना चाहती हों तो उनको भड़काऊ भाषण देने व वाइरल ट्वीट करने से अधिक काम करना होगा। उनको कोई ऐसी चीज पेश करनी होगी जा राजनीतिक रूप से उचित तथा चुनावी रूप से संभव हो। उनको अपनी लापरवाही से मुक्ति पानी होगी।

# विधि-निर्माताओं के पालाबदल की समस्या

**कुछ पार्टी नेताओं का जनता की इच्छा कुचलने तथा सांसदों व विधायकों को सदनों से हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।**



**रवि शंकर कपूर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



महाराष्ट्र में हुए हालिया राजनीतिक नाटक ने एक बार फिर दलबदल-विरोधी कानून पर ध्यान आकर्षित किया है। कुछ विश्लेषक चाहते हैं कि इसे अधिक प्रभावी या मजबूत बनाया जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि यह अब तक बने विधायनों में सर्वाधिक रूढ़िवादी कानून है और इसने लोकतंत्र को भारी नुकसान पहुंचाया है। दलबदल-विरोधी कानून के समर्थक कहते हैं कि 'आया राम-गया राम' राजनीति के अपमानजनक युग का अंत होना चाहिए। आखिरकार कोई संसद सदस्य-एमपी या विधानसभा सदस्य-एमएलए उस पार्टी के खिलाफ कैसे वोट दे सकता है जिसके टिकट पर वह चुनाव जीता हो या जीती हो? क्या यह उस पार्टी से धोखा नहीं है जिसने उस नेता पर विश्वास किया है? निश्चित रूप से यह धोखा है और पार्टी को विद्रोही विधिनिर्माता से निपटने का पूरा अधिकार है। वह ऐसे नेता को निकाल सकती है। लेकिन उसे इस नेता को लोकसभा या विधानसभा से निकाल कर ले जाने का अधिकार नहीं है क्योंकि उनको वहां पार्टी के बजाय जनता ने भेजा था। जनता के जनादेश को पार्टी के मालिकों की सनक और पसंद से निरर्थक नहीं बनाया जा सकता है, भले ही वे चाहे जितने शक्तिशाली और उच्च श्रेणी के ही क्यों न हों। विधि निर्माता विधायिका में इसलिए प्रवेश करते हैं क्योंकि उनको पार्टी के सर्वोच्च नेताओं के बजाय जनता वहां भेजती है। ऐसे में मुट्ठी भर पार्टी नेताओं और प्रबंधकों को यह अनुमति नहीं दी जा सकती है कि वे जनता की इच्छाओं के साथ मजाक करें। दलबदल-विरोधी कानून के समर्थक कहेंगे कि पालाबदल या विधि निर्माताओं की खरीद-बिक्री निन्दनीय है और इसे रोका जाना चाहिए।

लेकिन इससे ज्यादा बड़ी व ज्यादा निन्दनीय बात थोक में पालाबदल है। दलबदल कानून लागू होने के बाद यही परिघटना दिखाई देती है। दूसरे शब्दों में कहें तो दलबदल, थोक दलबदल की तुलना में काफी कम बुरी है। यदि आपका सांसद या विधायक विधायिका में आपका समुचित प्रतिनिधित्व नहीं करता है तो उस पर सवाल उठाया जा सकता है। लेकिन यदि वे महत्वपूर्ण मुद्दों पर पार्टी व्हिप का पालन करते हैं तो उन पर सवाल नहीं उठ सकता है। आप केवल यह कह सकते हैं कि वे अपनी स्वतंत्र इच्छा से काम नहीं करते हैं, जिसे पार्टी के सर्वोच्च नेताओं ने उनसे छीन लिया है।

दलबदल कानून इसलिए खराब है क्योंकि यह सांसदों और विधायकों को शक्तिहीन कर संसदीय लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व के विचार की ही हत्या कर देता है। इसका एक उदाहरण देना काफी होगा। अत्यधिक जल प्रदूषण जैसा कोई बड़ा मुद्दा आपके क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। आपके क्षेत्र की जनता इसके लिए सुधारात्मक उपायों हेतु आंदोलन करती है, वे विधायक से समस्या बताते हैं जो सहायता करने का वादा करते हैं। विधानसभा में यह मुद्दा आता है, लेकिन विधायक को जबरन 'व्हिप' के माध्यम से सुधारात्मक उपाय के खिलाफ वोट करने को कहा जाता है। ऐसे में विधायक से संपर्क करने पर वे कहते हैं कि वे व्हिप का पालन करने को मजबूर हैं और वे इस मामले में पार्टी अनुशासन तोड़ने के भय से वोट नहीं कर सकते हैं। यह कैसा प्रतिनिधित्व है, यदि आपका निर्वाचित प्रतिनिधि आपकी समस्या सरकार के सामने नहीं रख सकता है? इस प्रकार की समस्या अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों के सामने भी आ सकती है। तकनीकी रूप से संसदीय लोकतंत्र में कार्यपालिका विधायिका के प्रति जवाबदेह होती है, पर व्यवहार में इसका उल्टा होता है। सांसदों और विधायकों को अपने संबंधित पार्टी नेतृत्व की बात माननी होती है और उनके आदेशों का पालन करना पड़ता है। इस प्रकार लोकतंत्र अपने सिर के बल खड़ा हो जाता है। जहां जनता से सीधे चुने गए विधि-निर्माता सिद्धान्त रूप से जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं, पर व्यवहार में वे पार्टी प्रबंधकों के प्रति जवाबदेह और वास्तव में उनके चाकर बन जाते हैं। गुलामों व भेड़ों की तरह नौकरों को भी उसी प्रकार सुविधाजनक रूप से सत्तारूढ़ लोगों की इच्छानुसार हांका जा सकता है, जैसा चरवाहा भेड़ों के साथ करता है। यह स्थिति दशकों से जारी है। अंग्रेजी भाषा इस तथ्य से ध्यान नहीं हटा सकती है कि लोकतंत्र का स्तर गिरा है। राजनीतिक शब्दावली में ऐसी अभिव्यक्तियां आम हैं कि 'मुख्यमंत्री अपने समर्थकों को एकजुट रखने का प्रयास कर रहे हैं ताकि विपक्ष उनका शिकार न कर सके', 'विधायकों को एक रिजार्ट में भेजा गया है' तथा 'पार्टी ने विधायकों को व्हिप जारी कर दिया है।' दुनिया के किसी अन्य लोकतंत्र में भारत की तरह व्हिप इतना खतरनाक नहीं होता है और दुनिया में कहीं भी विधायक व्हिप का उल्लंघन करने के कारण सदन की सदस्यता नहीं खोते हैं। भीड़, झुंड, शिकार, हांकना, शिकार तथा व्हिप जैसे शब्दों का प्रयोग राजनीतिक टिप्पणीकारों के बजाय जानवरों के प्रशिक्षकों की शब्दावली है। इसके बावजूद चोटी के पत्रकार तथा जनता की राय बनाने वाले अन्य लोग अक्सर इन शब्दों का प्रयोग करते हैं। इस प्रकार वे अचेतन रूप से निर्वाचित प्रतिनिधियों तथा लोकतंत्र का क्षरण स्वीकार कर लेते हैं।

हम यहां तक कैसे पहुंचे हैं? इस संबंध में मूल दोष 1985 में सेविधान का 52वां संशोधन है जिसे आम शब्दावली में दलबदल-विरोधी कानून कहा जाता है। इसने सांसदों और विधायकों को पार्टी मालिकों का गुलाम बना दिया है। 1985 के 52वें संविधान संशोधन की उद्देशिका और कारणों में कहा गया है, 'राजनीतिक पालाबदल की बुराई राष्ट्रीय चिन्ता का विषय बन गई है। यदि इसका मुकाबला नहीं किया जाता है तो इससे हमारे लोकतंत्र तथा उसे बनाए रखने वाले सिद्धान्तों की नीव ही खोखली हो सकती है।' संभवत: नया कानून 'विधायी अराजकता' समाप्त करने के लिए लाया गया था। इसमें प्राविधान था कि यदि कोई विधि-निर्माता उस पार्टी से इस्तीफा देता है जिसके टिकट पर वह चुना गया था, अथवा यदि वह मतदान, मतदान से अलग रहने अथवा सदन में उस राजनीतिक पार्टी के 'किसी निर्देश के विपरीत' काम करता है जिसके टिकट पर उसे चुना गया था या उसे ऐसी राजनीतिक पार्टी से निकाल दिया जाता है तो वह अपनी विधायिका की सदस्यता खो देगा। यह ऐसी पार्टी के 'संविधान द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार' होगा। यह कानून बनाने वाले तत्कालीन विधि मंत्री अशोक सेन ने दावा किया था कि इससे 'देश की राजनीति से वह गंदगी दूर होगी जो सालों से एकत्र होती जा रही है।' उनका कहना था कि इस कानून से राजनीति में भ्रष्टाचार समाप्त हो जाएगा। यह समझने के लिए किसी को राजनीतिक विश्लेषक होने की आवश्यकता नहीं है कि यह कानून लागू होने के बाद अनुशासनहीनता तथा अविश्वसनीयता बढ़ गई है। इस प्रकार इलाज निश्चित रूप से उस बीमारी से अधिक खतरनाक सिद्ध हुआ है जिसके ठीक होने का दावा किया जा रहा था। वास्तव में इसने एक अन्य बीमारी को जन्म दिया है जिसे निर्वाचित प्रतिनिधियों को गुलाम बनाना कहा जा सकता है। यह देखना दिलचस्प है कि उस समय विपक्ष ने विधेयक का विरोध किया था। भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के लालकृष्ण आडवाणी ने दु:ख प्रकट किया था कि इससे 'कांग्रेस-आई जैसी पार्टी में विरोध को कुचल दिया जाएगा।' यह बात अलग है कि जब उनकी पार्टी 2003 में सत्ता में आई औ वे उप-प्रधानमंत्री बने तब भाजपा-नीत सरकार ने कानून को और कठोर बनाने का फैसला किया। 1985 के कानून में यदि विधायक दल के एक तिहाई सदस्य अलग होते या अलग पार्टी बनाने या किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में शामिल होने का निर्णय करते तो उसे 'विभाजन' माना जाता। भाजपा नीत सरकार ने 2003 में 91वें संशोधन के माध्यम से विभाजन या विलय को ज्यादा कठोर बना दिया। इसके बाद से किसी विधायक दल के दो तिहाई सदस्यों का अलग होना जरूरी हो गया। स्पष्ट रूप से उस समय आडवाणी व उनके साथियों ने 'विरोध कुचलने' वाली बात भुला दी थी।

लेकिन केवल भाजपा को ही बड़बोलेपन का दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। 5 फरवरी, 2017 को केरल के कोजीकोड में साहित्य समारोह में बोलते हुए कांग्रेस सांसद व तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री शशि थरूर ने कहा था कि दलबदल-विरोधी कानून ने लोकतंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डाला है क्योंकि इसने जन-प्रतिनिधियों की वोटिंग शक्ति को प्रभावित किया है। पीटीआई के अनुसार उन्होंने कहा था, 'दलबदल-विरोधी कानून का लोकतंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जन-प्रतिनिधि अपनी अंतरात्मा की आवाज पर वोट नहीं दे सकता है। उसे पार्टी की इच्छानुसार वोट देना होता है।' हाल ही में कांग्रेस छोड़ने वाले वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल भी दलबदल-विरोधी कानून समाप्त करना चाहते थे। लेकिन दु:ख की बात है कि उनको यह बात विधि मंत्री रहते हुए नहीं समझ में आई। इससे स्पष्ट है कि सत्ता में रहते हुए कोई दल कठोर कानूनों का समर्थन करता है, पर विपक्ष में आने पर उनकी निन्दा करता है। इस बीच दुनिया के अन्य देशों की तरह यहां भी उदारवाद संकट में है। टैगोर की इच्छा थी कि यह देश 'स्वतंत्रता के स्वर्ग' में जाग्रत होना चाहिए। लेकिन भारत के विधि-निर्माताओं को जंजीरों में बांधने वाला यह देश निश्चित रूप से वैसा नहीं है।

# प्लास्टिक प्रतिबंध के विकल्प जरूरी

**कोटा श्रीराज**
(लेखक, पर्यावरण पत्रकार हैं)



सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध लागू हो गया है, लेकिन उपयुक्त विकल्पों की कमी से पता चलता है कि पिछले सबक नहीं सीखे गए हैं। भारत में 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक बैन लागू हो गया है। वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में, सरकार ने पहचान की गई 19 सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने की अपनी अधिसूचना को लागू किया है। प्रतिबंध के उल्लंघन के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 के तहत दंड और जेल की सजा आमंत्रित करने की संभावना है। सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम वे हैं जो एक बार उपयोग किए जाते हैं और त्याग दिए जाते हैं। उनमें उच्च कचरागत क्षमता और उच्च स्तर की गैर-सड़नशीलता होती है। सरकार ने सभी राज्यों को प्रतिबंधित तैयार माल की आपूर्ति पर अंकुश लगाने और पेट्रोकेमिकल उद्योगों को एसयूपी के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले पॉलीस्टाइनिन जैसे कच्चे माल की आपूर्ति करने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी किए हैं। 19 एसयूपी वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध एक स्वागतयोग्य कदम है जो पर्यावरण और वन्य जीवन को राहत देने का वादा करता है। स्टायरोफोम कप, प्लेट और प्लास्टिक के चम्मच और कांटे लंबे समय से हमारे शहरों, पार्कों, समुद्र तटों, रेलवे पटरियों और यहां तक कि वन्यजीव अभ्यारण्यों के चारों ओर आंखों के सामने रहे हैं। वास्तव में, भारत भर में लैंडफिल एसयूपी से भरे हुए हैं जो अगले 400 वर्षों में भी बायोडिग्रेड नहीं होंगे। भारत में प्रति वर्ष 35 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जो प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 3 किलो प्लास्टिक कचरा है। 2020-21 के दौरान, भारत ने 41,26,997 टन प्लास्टिक कचरा पैदा किया। इन चौंका देने वाले आंकड़ों को देखते हुए, सरकार के लिए पहल शुरू करना उपयुक्त है। लेकिन क्या भारत तैयार है, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि क्या इस बार प्रतिबंध कारगर होगा?



भारत में एसयूपी पर प्रतिबंध का प्रयास बहुत पहले 1999 से किया जाता रहा है जब पॉलिथीन बैग की बिक्री प्रतिबंधित हुई। तब से लेकर अब तक कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय कानूनों को अधिनियमित और कार्यान्वित किया गया है। हालांकि, पिछले 22 साल इस बात का प्रमाण हैं कि हमारे पास अभी भी प्लास्टिक कटलरी और कई अन्य एसयूपी आइटम बाजार में खुलेआम उपलब्ध हैं। अब तक, केंद्र ने राज्यों को एसयूपी को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया था, लेकिन राज्यों के प्रयास काफी हद तक अप्रभावी थे और एसयूपी हमेशा की तरह फले-फूले। पूर्व के एसयूपी निरर्थक प्रतिबंध का कारण हमेशा ढीले क्रियान्वयन को जिम्मेदार ठहराया जाता है जो ठीकठाक आरंभ होता था। वर्तमान प्रतिबंध इस खामी को दूर करने का प्रयास करता है और काफी हद तक अप्रभावी क्रियान्वयन मसले को हल कर सकता है। लेकिन अतीत में एसयूपी प्रतिबंध की विफलता का असली कारण सिर्फ ढिलाई से लागू किया जाना नहीं रहा है। एसयूपी के स्थायी विकल्पों की कमी प्रतिबंध के अप्रभावी रहने का प्रमुख कारण रहे हैं और बहुत पहले कोई दैनिक जीवन में एसयूपी वस्तुओं का पुनरुत्थान देख सकता था। सरकार एसयूपी प्रतिबंध अधिसूचना और उसके नियमों को लागू करने पर अपना जोर बनाए रखती नजर आती है और उद्योग व लोगों के लिए प्रभाव और उपयुक्त विकल्पों पर कम ध्यान दिया गया है। नतीजतन, उस एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के प्रतिस्थापन के तरीकों व साधनों पर, कुछ स्थानों पर कुछ दिनों की छूट को छोड़कर, गंभीर खामी नजर आती है, जो देश के एक बड़े हिस्से में प्रतिबंधित है।

इन एकल उपयोग वाले प्लास्टिक उत्पादों को समाप्त करने के लिए दी गई अवास्तविक समय सीमा का अर्थ है कि देश के औद्योगिक घराने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के लिए व्यावहारिक और किफायती समाधानों पर शोध और विकास करने में असमर्थ रहे हैं। नतीजतन, सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों की निर्माण क्षमता में कमी है और उनके कच्चे माल के लिए कोई सेट सप्लाई चेन भी उपलब्ध नहीं है।

सरकार इसके बजाय प्रतिबंध को टालने का विकल्प चुन सकती थी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों की समानांतर रेखा विकसित करने में समय का उपयोग कर सकती थी जो सहजतापूर्वक एसयूपी स्लॉट्स जगह ले लेता। यह न केवल प्रतिबंध को और अधिक सफल बना देता बल्कि एसयूपी के उत्पादन में लगे लोगों के प्रयासों और उत्पादन मशीनरी में निवेश किए गए उद्योगों की पूंजी को भी बचा लेता। भारत को पूर्ण प्लास्टिक-मुक्त भविष्य की ओर बढ़ने की जरूरत है और यह कम समय में संभव नहीं हो सकता। सरकार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्लास्टिक उद्योग का समर्थन नहीं कर सकती है और न ही करना चाहिए,हालांकि यह एसयूपी पर प्रतिबंध लगाती है क्योंकि यह दो कदम आगे और एक कदम पीछे ले जाने के समान होगा। भारतीय प्लास्टिक उद्योग को एक तरफ धीरे-धीरे वैकल्पिक सामग्री अपनाने की ओर मोड़ना चाहिए और दूसरी तरफ प्लास्टिक की वस्तुओं के उत्पादन और उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए, हर तिमाही में प्लास्टिक की वस्तुओं पर क्रमिक रूप से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इस संतुलित तरीके से सरकार वास्तव में दैनिक जीवन से प्लास्टिक को समाप्त कर सकती है।

कुछ अपवादात्मक उपयोगों की अनुमति दी जा सकती है जैसे कि चिकित्सा और रक्षा उद्देश्यों के लिए। बेहतर माहौल के लिए लोगों को उम्मीद है कि एसयूपी पर नवीनतम प्रतिबंध सफल होगा। लेकिन पिछली विफलताओं से कुछ सबक हैं, जिन्हें दोहराया नहीं जाना चाहिए। सरकार को दुकानदारों और उपभोक्ताओं को किफायती विकल्प उपलब्ध कराते हुए प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करना चाहिए।

## आप की बात

### धार्मिक कट्टरता

**नोयडा** में एक कार्यक्रम में शामिल हुए जेएनयू के स्कूल ऑफ सोशल साइंस में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रणव कुमार ने वर्तमान में धार्मिक कट्टरता के कारण घट रही निर्मम घटनाओं पर देश को चेताते हुए कहा है कि अगर देश में धार्मिक कट्टरता पर लगाम नहीं लगी तो, राजस्थान के उदयपुर व महाराष्ट्र के अमरावती में हुई दिल दहला देने वाली घटनाएं निरंतर बढ़ती जाएंगी, जिससे आगामी कुछ वर्षों में पूरा देश भयग्रस्त हो जाएगा। वैसे इन घटनाओं से देश का बहुसंख्यक वर्ग अभी भी भय में है। उन्होंने कहा कि इस्लामिक कट्टरता शुरू में जम्मू कश्मीर में ही ज्यादा थी, लेकिन धीरे धीरे यह केरल, पंजाब, राजस्थान बंगाल के बाद यूपी सहित अन्य प्रदेशों में भी पनपने लगी है। भारत सरकार को कट्टरता के कारण निरंतर बढ़ती घटनाओं जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करनी चाहिये ताकि भविष्य में आने वाले खतरे को वर्तमान में समाप्त किया जा सके। अगर इन घटनाओं की प्रतिक्रिया समाज से आने लगी तो देश की स्थिति भयानक हो जाएगी जिसपर काबू पाना भी आसान नहीं होगा। सभी समुदायों के बीच भाईचारा विकसित करना भी जरूरी हो गया है।

-**ललित शंकर,** गाजियाबाद

### आराध्यों का अपमान

**लीना** मणिमेकलाई द्वारा अपनी डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म के ट्रेलर रिलीज़ के बाद लगता है कि देश में एक वर्ग जानबूझ कर हिन्दुओं की भावनाओं के साथ खेलता है। उन्हें लगता है कि हिन्दू तो सहिष्णु है इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। ज्ञानवापी विवाद के समय भगवान शिव के ऊपर तरह तरह की टिप्पणी की गई और अब मां काली को जिस रूप में फिल्म में दर्शाया गया है इससे देश के सबसे बड़े वर्ग की भावनाएं आहत हुई हैं पर ऐसा करने वालों के ऊपर कोई फर्क नहीं पड़ता। नूपुर शर्मा द्वारा दिये गए बयान को आधार बना कर देश में कई निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। क्या उच्च न्यायालय द्वारा ऐसी ही टिप्पणी लीना मणिमेकलाई के लिए की जाएगी। नूपुर शर्मा तो माफी भी मांग चुकी हैं, जबकि लीना मणिमेकलाई ने माफी मांगने से साफ मना कर दिया। मेरा सरकार और माननीय न्यायालय से अनुरोध है कि इस मामले को दबाया न जाये बल्कि लीना मणिमेकलाई के ऊपर कड़ी कार्यवाही करके एक उदाहरण स्थापित करे जिससे आगे चलकर कोई ऐसा करने की हिम्मत न करे। क्योंकि हिंदू समाज ऐसे ही अपने आराध्यों का अपमान कब तक सहता रहेगा?

-**नागेन्द्र,** मेरठ


### बंदूक की संस्कृति

**दुनिया** के विकाशील देशों में शामिल भारत की युवापीढ़ी पाश्चात्य देशों की तरफ ललचायी नज़रों से देखती है। हमारे युवाओं में से कई वहां हमेशा-हमेशा के लिए बसना चाहते हैं। पश्चिमी चकाचौंध भरी लाइफ स्टाइल, वहां का खुलापन, वहां का खान पान, वहां का अय्याशी भरा जीवन, हमारी युवा पीढ़ी को खूब लुभाता है। मगर उसी के साथ खतरनाक बन्दुक की संस्कृति भी सामने आई है। 3 जुलाई को डेनमार्क के शॉपिंग सेंटर में एक 22 वर्षीय युवक ने अंधाधुंध गोलीबारी करके 3 लोगों को मार दिया। दर्जनों घायल हुए। उसके बाद 4 जुलाई को शिकागो स्थित हाईलैंड पार्क में जब स्वतंत्रता दिवस परेड चल रहा थी तो एक व्यक्ति ने वहां गोलीबारी करके छह लोगों को मौत के घाट सुला दिया। क्या ऐसे खतरनाक देशों को हमें अब भी सपनों का देश समझना चाहिए ? अकेले अमेरिका में हर वर्ष 40 हज़ार लोग, बिना आतंकवादियों के, अपनों की गोलीबारी से जान गवां बैठते हैं। यह भी अमेरिका की एक सच्चाई है।

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया





**भाजपा** सत्ता में गरीबों का सशक्तीकरण करती है, जबकि विपक्ष केवल परिवारों का सशक्तीकरण करता है।

- **जे.पी. नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष

**ये** हमले गलती के बजाय सचेतन रूप से जानबूझ कर लगाए निशाने हैं।

- **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति





**मोदी** घमंडी हो गए हैं। वे अपना विरोध करने वाली सरकारें गिरा रहे हैं।

- **के. चंद्रशेखर राव**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री

# मुख्यमंत्री ने एलडीए का सीमा विस्तार करने के दिए निर्देश

● नामांतरण प्रक्रिया को सरल किया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विकास प्राधिकरणों की कार्य प्रणाली को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने अपने निर्देश में कहा है कि लखनऊ आज मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में अत्याधुनिक नगरीय सुविधाओं से लैस हो रहा है। विभिन्न नगरों से लोग यहां आकर अपना स्थायी निवास बनाना चाहते हैं। वर्तमान में 45 लाख से अधिक आबादी एलडीए की सीमा के भीतर निवास करती है। साल दर साल लखनऊ का विस्तार हो रहा है किंतु यह विकास अनियोजित है। इसे व्यवस्थित स्वरूप दिए जाने की आवश्यकता है। ऐसे में लखनऊ विकास प्राधिकरण के परिक्षेत्र को विस्तार दिया जाए। मेट्रोपोलिटन बोर्ड की तर्ज पर इस संबंध में वृहद कार्ययोजना तैयार कर यथाशीघ्र प्रस्तुत किया जाए।

व्यापक जनहित के दृष्टिगत विकास प्राधिकरणों में संपत्ति के नामांतरण की प्रक्रिया का सरलीकरण जरूरी है। वर्तमान में नामांतरण प्रभार सम्बंधित परिसंपत्ति का 1 प्रतिशत देय है। इसे कम किए जाने की आवश्यकता है। वर्तमान प्रक्रिया जटिल है तकनीक के सहयोग से इसे और व्यवहारिक बनाया जाना चाहिए। आवास विभाग अंतर्गत विकास प्राधिकरणों में विधिक उत्तराधिकार, वसीयत की स्थिति में म्युटेशन फीस अधिकतम 5000 तक होनी चाहिए। फ्री होल्ड अथवा गिफ्ट संपत्ति के मूल्य के आधार पर अधिकतम 10000 का शुल्क लिया जाना चाहिए। लीज संपत्ति की स्थिति में 1 प्रतिशत म्युटेशन फीस ली जा सकती है। लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर की विशिष्ट योजना को अगले 2 महीने में प्रारंभ करा दिया जाए। यह योजना लखनऊ को एक आकर्षक स्वरूप देने वाली होगी। लखनऊ में गोमती नदी के दोनों तटों पर तथा नैमिषारण्य अतिथि भवन के आसपास कुछ झुग्गी बस्तियां हैं। इनका चिन्हीकरण यहां के निवासियों का व्यवस्थापन कराया जाए। नियमानुसार इन्हें पीएम आवास, शौचालय आदि शासकीय योजनाओं से जोड़ा जाना चाहिए। यह कार्य जल्द से जल्द करा लिया जाए। बटलर झील को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाए। हर विकास प्राधिकरण, नगरीय निकाय में टाउन प्लानर की तैनाती की जाए। आईआईटी अथवा राज्य सरकार तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों का सहयोग लिया जाना चाहिए। परियोजनाओं का निर्धारण करते समय आगामी 50 वर्षों की स्थिति को ध्यान में रखें। हर कॉलोनी में सभी जरूरी सुविधाएं हों।

## राष्ट्रपति चुनाव के लिए 12 को आएंगी मतपेटियां

**लखनऊ।** राष्ट्रपति चुनाव के लिए यूपी में भी तैयारियां तेज हो गई हैं। 18 जुलाई को विधानभवन के तिलक हाल में सभी विधानसभा सदस्य सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाल सकेंगे। इसके पहले 12 जुलाई को दिल्ली से दो मतपेटियां हवाई जहाज से लखनऊ लाई जाएंगी। राष्ट्रपति चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी बृज भूषण दुबे की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस्य प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें चुनाव के दौरान कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए जाने के निर्देश दिए गए। वोट डालने में विधायकों को कोई असुविधा न हो इसके लिए मुकम्मल इंतजाम होंगे। कोविड प्रोटोकाल का सख्ती से पालन होगा। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय शुक्ला, एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, डीएम सूर्य पाल गंगवार व अन्य अधिकारी मौजूद थे। विधायकों को वोट डालने के लिए मतपत्र दिया जाएगा।

## लोकल से ग्लोबल बनता यूपी का ओडीओपी

● पर्व-त्योहारों पर स्थानीय उत्पाद देने की मजबूत हो रही परंपरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वोकल** फार लोकल के नारे को जमीन पर उतारने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओपी चार साल में ही लोकल से ग्लोबल होने की राह पर है। दशहरा हो या होली, दीपावली, नववर्ष हो या कोई खास समारोह अब गिफ्ट हैंपर, सम्मान या स्मृति चिन्ह के रूप में खास अतिथियों को ओडीओपी के ही उत्पाद दिए जाते हैं। मिलने वाले खास अतिथियों को तो मुख्यमंत्री लगभग अनिवार्य रूप से ओडीओपी उत्पादों का ही गिफ्ट हैंपर देते हैं।

हाल ही में प्रदेश के ओडीओपी उत्पादों की तब जबरदस्त ब्रांडिंग हुई जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-7 देशों की बैठक दौरान इनके राष्ट्राध्यक्षों और प्रधानमंत्रियों को उत्तर प्रदेश के ओडीओपी उत्पादों को भेंट स्वरूप दिया। यह पहला अवसर नहीं है। इससे पहले भी कुशीनगर अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लोकार्पण के अवसर पर बौद्धिष्ट देशों से आये अतिथियों को भगवान बुद्ध का प्रसाद माना जाने वाला सिद्धार्थनगर का ओडीओपी उत्पाद कालानमक चावल भेंट के रूप में दिया गया। 24 जनवरी 2018 को उत्तर प्रदेश के प्रथम स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तबके राज्यपाल राम नाईक की मौजूदगी में इस बेहद महत्वाकांक्षी योजना को लांच किया था। मकसद था प्रदेश के परंपरागत कला, कौशल, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं संवर्द्धन करते हुए प्रदेश का समग्र विकासए स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना। लांच होने के करीब चार साल में ही यह योजना सफलता की नई गाथा रच रही है। यही वजह है कि अपने हर संबोधन में मुख्यमंत्री इस योजना का जिक्र जरूर करते हैं। पिछले पांच वर्षों में निर्यात 88 हजार करोड़ से बढ़कर 156 लाख करोड़ पहुँच गया। उत्तर प्रदेश के ओडीओपी उत्पाद देश-दुनियां में ब्रांड बनें। इससे जुड़े लोगों के जीवन में खुशहाली आए इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इसमें कॉमन फैसिलिटी सेंटर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। ये ऐसे केंद्र होंगे जहां एक ही छत के नीचे संबंधित जिले के ओडीओपी उत्पाद की ग्रेडिंग, पैकिंग, स्टोर समय जरूरत की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ऐसे ही चार सीएफसी केंद्रों सीतापुर, आगरा, आजमगढ़, सिद्धार्थनगर और अम्बेडकरनगर का लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया। इस तरह के सीएफसी हर जिले में बननी है। यही नहीं ओडीओपी के लिए ही सिडबी की मदद से 35 जिलों में स्वावलंबन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस तरह के केंद्र हर जिले में स्थापित किए जाने हैं। जमाना ऑनलाइन बाजार का है। लिहाजा ओडीओपी उत्पादों को सरकार ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी कराया गया है। इस प्लेटफार्म का सरकार लगातार विस्तार भी कर रही है। मसलन हाल ही में सरकार और अमेजन के बीच एक एमओयू पर दस्तखत किए गए हैं। अमेजन कानपुर में एक डिजिटल केंद्र केंद्र स्थापित किया है।

## शराब की फुटकर दुकानों की ई-लाटरी का तीसरा चरण संपन्न

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि कि देशी मदिरा की 346, विदेशी मदिरा की 127, बीयर की 112, भांग की 53 दुकानों तथा 6 मॉडल शॉप के व्यवस्थापन के लिए तीसरे चरण की ई-लाटरी मंगलवार को प्रदेश के 58 जिलों में सम्पादित की गई। इसमें देशी मदिरा की 337, विदेशी मदिरा की 127, बीयर की 112, भांग की 39 दुकानों तथा 6 मॉडल शॉप का व्यवस्थापन हुआ। इन दुकानों के व्यवस्थापन से लगभग 34.11 करोड़ रुपए की लाइसेंस फीस राज्य सरकार को प्राप्त होगी। देशी मदिरा की व्यवस्थित हुई 337 दुकानों में लगभग 62.64 लाख बल्कर लीटर कोटा व्यवस्थित हुआ। ई-लॉटरी के तीसरे चरण में विज्ञापित दुकानों पर कुल 19139 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिससे राज्य सरकार को प्रोसेसिंग फीस के रूप में लगभग 47.88 करोड़ रुपया प्राप्त हुआ है।

## ऑक्सीजन उपलब्धता में आत्मनिर्भर हुआ यूपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चिकित्सा** शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुहिम का असर दिखने लगा है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर सेवाओं में भी वृद्धि हो रही है। प्रदेश अब ऑक्सीजन उपलब्धता में आत्मनिर्भर हो चुका है। इतना ही नहीं जनवरी तक मेडिकल कॉलेजों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की क्षमता तिगुनी हो जाएगी। सरकार की ओर से मेडिकल कॉलेजों में 30 करोड़ रुपए और खर्च कर ऑक्सीजन प्लांट इंस्टाल कराए जा रहे हैं।

सीएम योगी ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त दुरुस्त करने के लिए पिछले पांच सालों में युद्ध स्तर पर कार्य किए हैं। सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों के क्षेत्र में दुगुने से अधिक की वृद्धि हुई है। इसी के मद्देनजर एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज की नीति पर कार्य किया जा रहा है। योगी 2.0 के सौ दिनों में संभल और महाराजगंज जिले में दो मेडिकल कॉलेजों से एमओयू भी किया जा चुका है और जल्द ही दो अन्य जिलों में मेडिकल कॉलेजों का एमओयू होने जा रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना में ऑक्सीजन की मांग सबसे अधिक देखी गई थी। जनवरी 2021 में मेडिकल कॉलेजों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की क्षमता 241 किलो लीटर थीए जिसे ढ़ाई गुना बढ़ाकर 624 किलो लीटर कर दिया गया है। यही नहीं अगले साल जनवरी तक 820 किलो लीटर तक और बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा हर मेडिकल कॉलेज में 20 किलो लीटर का टैंक अनिवार्य कर दिया गया है। अब मेडिकल कॉलेजों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की किल्लत नहीं होगी।

## मुख्य सचिव ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट का किया औचक निरीक्षण

● लाइट हाउस प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करायें अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पीएम और सीएम का यह संकल्प है कि हर गरीब के सर पर छत हो। बेघरों को घर देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के साथ मुख्यमंत्री तहत आवास मुहैया कराए जा रहे हैं। शहरों में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत गरीबों के लिए सस्ते और आधुनिक तकनीकी और सुविधाओं से लैस अफोर्डेबल आवास निर्मित किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। एसटीपी, फायर फाइटिंग सिस्टम, सीवर, नल, गैस, बिजली कनेक्शन आदि से जुड़े सभी विभाग समय-समय पर रिव्यू करते रहें। उन्होंने कहा कि जहां भी कोई समस्या है उसे विभागीय समन्वय स्थापित कर शीघ्र उसका समाधान कर लिया जाए ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का लाभ मिल सके और उनके खुद के आवास का सपना पूरा हो सके।

गौरतलब है कि गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों के लिए सस्ते घर बनाने के लिए नई तकनीक को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का नाम दिया गया है। लाइट हाउस प्रोजेक्ट केंद्रीय शहरी मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें फैक्ट्री से ही बीम.कालम और पैनल पहले से ही तैयार कर लिया जाता है। जिससे इस तरह के फ्लैट तैयार होने में कम लागत आती है। फ्लैट की उम्र 50 साल होती है। राजधानी लखनऊ में सुल्तानपुर रोड पर अवध विहार में 14 मंजिल के भवन वाले 1040 आवास की यह योजना करीब दो एकड़ में विकसित की गई है। प्रधानमंत्री ने इस लाइट हाउस योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया था। यह मकान कनाडा की स्टे इन प्लेस प्रम वर्क तकनीकी बनाए जा रहे हैं। इस योजना के तहत आवासों के अलावा भूतल में पार्किंग, शॉपिंग कॉम्पलेक्स और कम्युनिटी सेंटर का निर्माण होगा।

## राजकीय कार्यालयों में प्रलेखीकरण पर जोर देने की आवश्यकताः भूसरेड्डी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर भूसरेड्डी की अध्यक्षता में मंगलवार को गन्ना विकास विभाग की 'निर्माण-निर्देशिका' का विमोचन न्यू स्कालर हास्टल के सभाकक्ष में किया गया। इस मौके पर श्री भूसरेड्डी ने कहा कि सभी राजकीय कार्यालयों में प्रलेखीकरण पर जोर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापरक निर्माण तभी हो सकता है जब निर्माण कार्यों का संचालन कर रहे अधिकारी एवं अभियंता आदि निर्धारित व्यवस्था, नियमों, शासनादेशों आदि से भिज्ञ रहें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा कराये जाने वाले समस्त निर्माण कार्यों को सुगमता से सम्पादित करने हेतु समय-समय पर विभाग की नीतियों, नियमों एवं शासनादेशों के परिप्रेक्ष्य में आदेश तथा निर्देश निर्गत किये जाते हैं। विभाग द्वारा निर्गत इन महत्वपूर्ण आदेशों एवं निर्देशों को निर्माण-निर्देशिका नामक पुस्तक के रूप में संकलित कर प्रकाशित कराये जाने से अधिकारियों द्वारा इनका अध्ययन कर निर्माण कार्यों को सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पादित कराया जा सकेगा। गन्ना विकास विभाग की निर्माण शाखा के कार्यवाहक मुख्य अभियंता अरूण कुमार यादव द्वारा पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में निर्माण निर्देशिका की विषय सूची पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया गया कि गन्ना विकास विभाग के अन्तर्गत कार्यरत अभियन्त्रण शाखा के माध्यम से नये सम्पर्क मार्गों का निर्माण पूर्व निर्मित सम्पर्क मार्गों का सुदृढीकरण एवं पुनर्निर्माण तथा विभागीय भवनों के निर्माण, मरम्मत एवं उनकी रंगाई पुताई आदि कार्यों के चयन, गुणवत्ता, एकरूपता, पारदर्शिता, आगणन, निविदा आमंत्रण, गुणवत्ता प्रबन्धन एवं अनुश्रवण आदि से संबंधित समस्त सूचनाओं को इस पुस्तक में संकलन किया गया है।

## ट्रांसफर घोटालों की जांच एसआईटी से कराकर श्वेत पत्र जारी करें सीएम

**लखनऊ।** कांग्रेस के विधान परिषद दल के नेता दीपक सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि अगर वह सरकार चलाने में न्यायप्रिय है तो ट्रांसफर घोटालों की जांच एसआईटी से कराकर श्वेत पत्र जारी करने का कष्ट करें। सीएम को लिखे पत्र में दीपक सिंह ने कहा है कि वर्तमान समय में योगी 2.0 में यह चर्चा बड़े जोरों शोरों से चल रही कि प्रदेश की जनता को सरकार के 100 दिन के इस मन्थन में कुछ अमृत निकालेगी परन्तु जिस तरह से 100 दिन के मन्थन में उप्र सरकार के दर्जनों विभागों के ट्रान्सफर घोटालों का विष निकला है उसे उप्र की जनता हजम नहीं कर पा रही है। सरकार के स्वास्थ्य, कृषि, मत्स्य, बेसिक शिक्षा आदि विभागों में अधिकारियों, कर्मचारियों के स्थानान्तरण में मंत्रियों-उच्च अधिकारियों के बीच घोटालों व धन उगाही से स्वतः स्पष्ट हैं।

## आज से कांग्रेस विहीन हो जाएगी विधान परिषद

● सपा के छह, बसपा के तीन व कांग्रेस के दीपक का कार्यकाल आज खत्म

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र** के विधानमंडल के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि उच्च सदन में अब कांग्रेस का कोई प्रतिनिधित्व नहीं रह जाएगा। वह इसलिए, क्योंकि बुधवार को सपा के 6, बसपा के 3 और कांग्रेस के एक सदस्य का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा।

प्रदेश विधान मण्डल के इस उच्च सदन कांग्रेस के एकमात्र सदस्य दीपक सिंह बुधवार को रिटायर हो जाएंगे। पांच जनवरी 1887 को प्रांत की पहली विधान परिषद गठित हुई थी और आठ जनवरी 1887 को थार्नहिल मेमोरियल हाल इलाहाबाद में संयुक्त प्रांत की पहली बैठक हुई थी। तब से अब तक कभी ऐसा नहीं हुआ जब विधान परिषद में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व न रहा हो। मगर अब बुधवार से प्रदेश विधान परिषद में कांग्रेस का एक भी सदस्य नहीं रह जाएगा। बीजेपी के जिन दो सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा था उन्हें दोबारा विधान परिषद भेज दिया गया है। इनमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और पंचायतीराज मंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हैं। सपा के जगजीवन प्रसाद, बलराम यादव, डा कमलेश कुमार पाठक, रणविजय सिंह, राम सुन्दर दास निषाद और शतरूद्र प्रकाश का कार्यकाल बुधवार को खत्म हो रहा है। इनके अलावा बसपा के अतर सिंह राव, सुरेश कुमार कश्यप और दिनेश चन्द्रा भी रिटायर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी विधान परिषद के सदस्य थे लेकिन इस बार वह विधान सभा के सदस्य हो गए हैं। विधान सभा के चुनाव में गोरखपुर सीट से विजय हुए हैं और उन्होंने विधान परिषद की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था। इस तरह से कुल 13 सीटें रिक्त हुई। इसके साथ ही जिन 13 सदस्यों को विधान परिषद भेजा गया है उनका कार्यकाल भी आज से शुरू हो गया है। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप, आयुष राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु और अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजादी अंसारी के अलावा लखनऊ महानगर के मुकेश शर्मा और कन्नौज के पूर्व विधायक रहे बनवारी लाल दोहरे का कार्यकाल बुधवार से शुरू होगा। इसी के साथ सपा के स्वामी प्रसाद मौर्य, सहारनपुर के शाहनवाज खान और सीतापुर के पूर्व विधायक जासमीर अंसारी का भी कार्यकाल बुधवार से ही शुरू होगा।

## मंत्रियों के पास नहीं है अधिकार ब्यूरोक्रेट्स चला रहे सरकारः कांग्रेस

● उपमुख्यमंत्री को अपने ही विभागों के तबादलों की जानकारी न होना हास्यास्पद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** ब्रजेश पाठक की ओर से स्वास्थ्य विभाग में हुए तबादलों में नियम कानूनों की अनदेखी किए जाने को लेकर बीते सोमवार को अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को लिखे गए पत्र के बाद विपक्षी दल आक्रामक हो गए हैं। कांग्रेस ने कहा है कि उपमुख्यमंत्री को अपने ही विभाग के तबादलों की जानकारी न होना हास्यास्पद है।

शासन ने स्वयं द्वारा जारी तबादला नीति का मखौल उड़ाते हुए अधिकारियों के माध्यम से नियमों एवं शर्तों की धज्जियां उड़ाई है। इससे जहां एक तरफ व्यापक भ्रष्टाचार परिलक्षित होता है वहीं राजधानी के प्रतिष्ठित चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी हो जाने से दूर दराज के जनपदों से लखनऊ इलाज के लिए आने वाले मरीजों की जान खतरे में पड़ गयी है। राजधानी एवं प्रदेश के कई चिकित्सालयों में चिकित्सा के परास्नातक कोर्स की पढ़ाई कर रहे तमाम डीएनबी ट्रेनीज का भविष्य फैकल्टीज के स्थानांतरण के बाद अंधकारमय होता दिख रहा है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पांडेय ने कहा कि बड़े-बड़े दावे करने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की असफ लताओं का खुलासा स्वयं उनके उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कर रहे हैं। योगी सरकार के मंत्रियों के पास न कोई अधिकार है न ही विभाग के बारे में विशेष जानकारी।

## सीएम करें हस्तक्षेप, मंत्री व ब्यूरोक्रेसी के बीच चल रही रार खत्म कराएं: सिराज मेहदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** विधान परिषद के पूर्व सदस्य एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस के नेता सिराज मेहदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंत्री और अफ सरशाही के बीच चल रही रार को समाप्त कराने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार के शीर्ष मंत्री द्वारा विभाग की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा करना और तबादले से सम्बंधित पत्रावली तलब किया जाना गंभीर मामला है। इस मामले को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए, वरना दूरगामी नतीजे होंगे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की ओर से तबादलों को लेकर अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को लिखे पत्र के संदर्भ में वरिष्ठ नेता सिराज मेहदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इस बात के साफ संकेत हुकूमत में दो नंबर की हैसियत रखने वाले उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ विभाग तबादला प्रक्रिया पर उंगली उठा कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री और अफ सरशाही के बीच चल रही यह रार स्वास्थ विभाग तक ही सीमित नहीं इस बीमारी से दूसरे विभाग भी बुरी तरह प्रभावित हैं, जिससे न केवल विकास कार्य बल्कि जन सुविधाए भी उचित तरह से लोगो को नहीं मिल पा रही हैं। एक ओर मुख्यमंत्री प्रदेश के विकास और जनसुविधाओं को बेहतर करने के लिए जी जान से जुटे और दूसरी ओर उन्हीं की अफसरशाही अपने कृत्य से उनके प्रयासों को नाकाम करने में लगे हैं। मेहदी ने कहाकि सरकार ने 15 जून को तबादला नीति जारी की थी और हिदायत दी गई थी कि सारे तबादले 30 जून तक पूरे कर लिए जाएं। बावजूद इसके अंतिम दिन थोक में अधिकारियों-कर्मचारियों को इधर से उधर करना अपने आप संदेह पैदा करते है।

## सदस्यता अभियान से शहर, गांव व घर-घर तक पहुंचेंगेः अखिलेश

● सपा प्रमुख समेत कई नेता बने सदस्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**सपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय से सपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने पार्टी की सदस्यता लेते हुए कहा कि हम लोकतंत्र बचाने के लिए, जनता से सहयोग लेंगे और जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम शहरों के साथ ही गांव व घर-घर तक पहुंचेंगे। सदस्यता अभियान के बाद कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

इस मौके पर उन्होंने योगी सरकार को भी निशाने पर लिया और कहा कि सरकार की उपलब्धियों की पोल खुल गई है। जब उनके डिप्टी सीएम को पता चला कि बिना उनसे पूछे तबादला हो गया। उन्होंने छापेमार लेकिन कार्रवाई नहीं कर पाए। इससे साफ है कि सरकार में कुछ ताकतें है जो पीछे से सरकार चला रही हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यह बात मंगलवार को सपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कही। इस दौरान पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कवि उदय प्रताप सिंह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सदस्य बनाकर समाजवादी पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित लखनऊ जनपद से चुनाव लड़े प्रत्याशियों एवं पूर्व विधायकों को पार्टी सदस्यता दिलाई। श्री अखिलेश यादव के हस्ताक्षर से आज जिन्होंने सदस्यता ग्रहण की उनमें प्रमुख हैं रविदास मेहरोत्रा, अरमान खान विधायकगण, सुशीला सरोज, अभिषेक मिश्रा, गोमती यादव, सोनू कन्नौजिया, अनुराग भदौरिया, पूजा शुक्ला, राजू गांधी सभी प्रत्याशी सहित पूर्व मंत्री आरके चौधरी, पूर्व प्रत्याशी मेयर मीरावर्धन, सांसद प्रत्याशी सीएल वर्मा तथा राजबाला रावत एवं जयसिंह जयंत आदि। समाजवादी पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान में वे स्वयं भी चिह्नित कर गांव शहरों में जाएंगे। उन्होंने पार्टी नेताओं तथा कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने के लिए गांव.गांव घर.घर जाने की अपील की। उन्होंने कहा इस अभियान में बूथस्तर तक हर वर्ग तक जाना है। हर दरवाजे तक पहुंचकर पार्टी की नीतिए कार्यक्रम और फैसलों की जानकारी दी जाएगी। श्री यादव ने कहा कि यह सदस्यता अभियान लोकतंत्र को बचाओं का अभियान चलता रहेगा। इस अभियान में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की भी सक्रिय भूमिका होगी। उदय प्रताप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है। हमें समाजवाद को मजबूत करना होगा। संविधान की उद्देशिका में वर्णित लोकतंत्रए समाजवाद और पंथनिरपेक्षता परस्पर एक दूसरे से सम्बन्धित है। इस सदस्यता अभियान के साथ समाजवादी पार्टी ने सन् 2024 में होने वाले लोकसभा और सन् 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी संगठन में बड़े बदलाव की ओर कदम उठाया है।

## विधायक जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सदन में उठाने का प्रयास करें: सतीश महाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र** विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने एक नई परम्परा की शुरुआत की है। वह इन दिनों विधान सभा सदस्यों के अलग-अलग ग्रुप बनाकर उनसे परस्पर वार्ता कर विचारों का आदान प्रदान कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में उन्होंने 40 वर्ष आयु तक के विधायकों से वार्ता कर अपने अनुभव साझा किए। साथ ही उनके विचारों को भी जाना।

लखनऊ स्थित एक होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 4 घण्टे 30 मिनट तक 32 युवा विधायकों से वार्तालाप के दौरान इस बात का संदेश दिया कि वह जनता के बीच रह कर उनकी आवश्कताओं को जाने और फिर उनकी समस्याओं को सदन में उठाने का पूरा प्रयास करें। श्री महाना ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि को हर गतिविधि पर जनता अपनी पैनी नजर रखती है। यदि उसने जनप्रतिनिधि के तौर पर विधान सभा में भेजा है तो उसकी भी आपसे काफी अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि युवा विधायकों के पास बार-बार जीत कर सदन में आने के अवसर बने रहें। इसी भावना के साथ वह जनता के बीच रहकर काम करें। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि सत्र के दौरान सदन में अधिक से अधिक समय दें। साथ ही पुस्तकालय में जाकर अध्ययन भी अवश्य करें। विधान सभा अध्यक्ष के इस नये कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने जमकर सराहना की और कहा कि जितना हमें विधान सत्र के दौरान सीखने को नहीं मिला उससे ज्यादा हमें इस कार्यक्रम में सीखने को मिला है। वार्ता के दौरान विधायकों ने विधान सभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि वह उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार विधान सभा की विभिन्न समितियों में समायोजित करने का कार्य करें। इस पर विधान सभा अध्यक्ष ने उनकी बातों को गौर से सुनकर उसे पूरा करने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी विधान सभा अध्यक्ष कुछ विधायकों का एक कार्यक्रम कर चुके है जो विधायक होने के साथ ही पेशे से डॉक्टर भी है। विधान सभा अध्यक्ष शीघ्र ही 5 बार से अधिक बार जीत कर आए विधायकों, प्रोफेशनल्स एवं महिला सदस्यों का अलग ग्रुप बनाकर उनसे संवाद करेंगे।

सीतापुर में 37 नए आपराधिक गैंग पंजीकृत, पुलिस के सौ दिनों का रिपोर्ट कार्ड

# 163 अभियुक्तों पर लगाया गैंगेस्टर, 139 को भेजा जेल

● **गैंगेस्टरों की 58 प्रकरणों में 36 करोड़ 6 लाख 75 हजार 266 रुपये की संपति जब्त**

● **पिछले सौ दिनों में 12 नए अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट**

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर पुलिस** ने पिछले सौ दिनों की अवधि में जनपद में 37 नए गैंग पंजीकृत किए हैं। यह गैंग लूट, नकबजनी शराब तस्करी, गोवध और चोरी की वारदातें अंजाम देते हैं। इसके अलावा गैंगेस्टर एक्ट के तहत 40 अभियोग दर्ज करते हुए 163 अभियुक्तों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट तामील किया गया है। इनमें से 139 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। जेल भेजे गए 139 गैंगेस्टरों में गोकशी के 30, शराब करोबार से जुड़े 33 तथा 100 अन्य अपराधों से जुड़े अभियुक्त हैं। सीतापुर पुलिस ने पिछले सौ दिनों का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए यह जानकारी दी है। सीतापुर पुलिस की ओर से जारी सौ दिनों के लेखा जोखा में बताया गया है कि गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत 58 प्रकरणों में 36 करोड़ 06 लाख 75 हजार दो सौ 66 रुपये की संपति जब्त की गई है। जिसमें 06 करोड़ 66 लाख 30 हजार 951 रुपये की संपति शराब माफिया, 02 करोंड़ 54 लाख 28 हजार आठ सौ रुपये की संपति



गौकशों और चार भूमाफियों की 24 करोड़ 04 लाख 48 हजार 956 रुपये की संपति शामिल है। इसके अलावा आबकारी अधिनियम के तहत 1302 अभियोग पंजीकृत करते हुए 1290 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ 22 हजार 607 लीटर कच्ची शराब और 3680 किलो लहन नष्ट किया गया। पिछले सौ दिनों में 12 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। अभियान चलाकर लंबित विवेचनाओं में से 4810 मामले निस्तारित की गई। गुंडा अधिनियम के अंर्तगत 464 अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिसमें 22 अपराधियों को जिला बदर घोषित किया गया। चेकिंग में नौ जिला बदर ऐसे मिले जो जनपद की सीमा में ही निवास कर रहे थे, उन्हें गिरफ्तार कर गुंडा अधिनियम में चालान किया गया है। जिला स्तरीय टॉप-10 अपराधियों में से अब कुल 262 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। पचपन इनामिया अपराधियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया है। थानों पर जब्तशुदा 2600 वाहनों का शत प्रतिशत निस्तारण किया गया। मिशन शक्ति के तहत 171 महिला बीट का आवंटन किया गया, जिसमें 342 कर्मी नियुक्त किए गए। महिलाओं से संबंधित विकास योजनाओं की 14 हजार ई बुकलेट का वितरण कराया गया, 20 हजार 680 सार्वजनिक जगहों पर चेकिंग के दौरान 7 हजार 20 शोहदों को हिदायत देकर छोड़ा गया जबकि 180 शोहदों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सौ दिनों की अवधि के दौरान छह वादों में उम्रकैद, 16 वादों में दस साल से अधिक, 27 वादों में दस साल से कम की सजा सुनाई गई, इन मामलों में पुलिस की पैरवी का अहम योगदान रहा। दो हजार 455 वाहनों का ई चालान, 85 वाहन सीज कर 6 हजार 18 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। 513 अतिक्रमण अभियान चलाए गए जिनमें 711 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। इसी तरह बिना किसी प्रतिरोध के 1322 धार्मिक स्थानों से 3481 लाउड स्पीकर हटाते हुए 2883 लाउड स्पीकरों को 1425 संस्थानों व स्थलों पर लगाया गया।

# भाजपा विचारधारा आधरित दल हैः रमेश भार्गव

● **बिसवां व खैराबाद देहात मंडल कार्यसमिति की बैठक ब्लाक परिसर में संपन्न हुई**

**सीतापुर।** बिसवा देहात मण्डल कार्यसमिति की बैठक रामाभारी में संपन्न हुई बैठक में क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ फाउंडेशन की प्रदेश संयोजक पूनम मिश्रा, जिला महामंत्री रमेश कुमार भार्गव दीपू, मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर कश्यप, नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, महामंत्री खुशीराम मौर्य, छोटे लाल भार्गव महामंत्री, राकेश वर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख, मिथिलेश सिंह, मधुकांत मौर्य, सुमेरी सिंह चौहान, रिंकू ख़ान, रामनरेश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर खैराबाद देहात भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक स्थानीय ब्लाक परिसर में आज संपन्न हुई प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र ने कहा भारतीय जनता पार्टी विचारधारा आधारित दल है। अपनी नीतियों, सिद्धांतों व आदर्शों के चलते भाजपा ने देश के जनमानस के दिलों में अपनी जगह बना ली है। संजय मिश्रा कहा हमारे महापुरुषों के बलिदान के चलते भाजपा आज प्रत्येक गांव व नगर में आम जनमानस की पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक में प्रत्येक बूथ पर भाजपा मजबूती से खड़ी है। मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार शुक्ला ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार



व्यक्त किया। अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को स्वच्छ भारत अभियान, पौधारोपण, सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार, विदेशी सामानों का बहिष्कार,जल संचयन के विषय में संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम से पूर्व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई ।संचालन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने किया। कार्यक्रम के पश्चात जिला पंचायत सदस्य संदीप मिश्रा के भाई सौरभ मिश्रा की पिछले दिनों आकस्मिक मृत्यु पर 2 मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर अपूर्व अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य अनूप त्रिपाठी सहित मंडल कार्यसमिति, मोर्चा व शक्ति केंद्रों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीतापुर में वृहद स्तर पर किया गया पौधरोपण

● **सांसद, राज्यमंत्री, अपर प्रमुख सचिव सहित जिले के अधिकारियों ने लगाए पौधे**

संवाददाता। सीतापुर



**पर्यावरण संरक्षण** के लिए मंगलवार को जनपद में वृहद्ध स्तर पर पौधरोपण किया गया। जनपद मुख्यालय से लेकर नगरों, कस्बों और गांवों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों ओर समाजसेवी संस्थाओ के अलावा ग्रामीणों किसानों ने पौधा का रोपण कर धरा पर हरियाली फैलाने का संदेष दिया। फल एवं छायादायी पौधों का रोपण करने के साथ औशधि पौधें भी रोपे गए। सागौन, चिलवल, कंजी, नीम, पीपल, जामुन, अर्जुन, बरगद, गूलर, पाकर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। वन विभाग के कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के मुताबिक लक्ष्य के सापेक्ष 72 प्रतिषत पौध रोपण का काम मंगलवार को पूरा कर लिया गया। बता दें कि सीतापुर में 71 लाख 11 हजार 685 पौधों का रोपण किया जाना है। इसी क्रम में मगलवार को सीतापुर में सोमवार को वृहद वृक्षारोपण की शुरुआत हो गई, जिसका शुभारंभ जीआईसी के परिसर में माध्यमिक शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव जिले की नोडल अधिकारी आराधना शुक्ला ने किया। सीतापुर में 72 लाख के करीब पौधों का वृक्षारोपण किया जाना है, नोडल अधिकारी आराधना शुक्ला ने दो दिन पहले ही वृक्षारोपण को लेकर स्थलीय निरीक्षण करना शुरू कर दिया था। एसीएस आराधना शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिन वृक्षों को उन्होंने स्वयं लगाया है। इस मौके पर राज्यमंत्री अजीत वर्मा, सांसद राजेश वर्मा, जिलाधिकारी अनुज सिंह, सीडीओ अक्षत वर्मा सहित तमाम अधिकारीगण मौजूद रहे। रेउसा संवाददाता के अनुसार पशु अस्साल परिसर, अकसोहा गौशाला, महेशपुर गौशाला में पशु चिकित्सक रेउसा डॉ जागेन्द्र वर्मा ने बृक्षारोपण किया। खंड विकास अधिकारी रजनीश शुक्ला, जेई रूबी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनधि अवधेश चौहान, एडीओ पंचायत विनोद यादव, सचिव सोमपाल, मनोज मौर्य, राहुल आनंद। रेउसा ब्लॉक परिसर, गौशाला, पंचायत भवन, स्कूल परिसर आदि में पौधे रौपे गए।

## नवागत अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन)ने किया पदभार ग्रहण



**बरेली।** श्री राजीव अग्रवाल ने इज्जतनगर मंडल पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) का पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व आप इज्जतनगर मंडल पर ही वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) के पद पर कार्यरत थे।श्री राजीव अग्रवाल ने रूड़की विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक तथा आई.आई.टी., दिल्ली से सिविल इंजीनियरिंग में परास्नातक की उपाधी प्राप्त करने के उपरांत भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के माध्यम से रेल सेवा में पदार्पण किया। आप वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) के पद का कार्यभार बखूबी निभा चुके हैं। आपको बैडमिंटन खेलने एवं संगीत में अभिरुचि है। आप रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। आपको रेल प्रबंधन एवं रेल परिचालन का गहन अनुभव प्राप्त है।

## 100 दिवसीय कार्ययोजना में पुलिस ने की प्रभावी कार्यवाही

**बरेली।** शासन द्वारा निर्धारित 100 दिवसीय कार्ययोजना के अन्तर्गत बरेली पुलिस द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही की गयी । पुलिस ने जनपद के कुख्यात तस्कर माफियाओं एवं 69 गैंगस्टर अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 33,51,58,341 रुपए की सम्पत्ति जब्तीकरण करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी । अपराधियों को चिन्हित कर 139 गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गई। थाना स्तर से टॉप-10 अपराधी व वांछित वारण्टिया ेंकी गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाकर समस्त थानों द्वारा कुल 4387 गिरफ्तार किये गये है । 86 चिन्हित टॉप-10 अपराधियों के विरूद्ध हिस्ट्रीशीट खोली गयी है।बालिका एवं महिला सम्बन्धी अपराधों में सम्बन्धित थाना पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर न्यायालय से पोक्सो एक्ट के 58अभियुक्तों को अन्य कारावास एवं 02 अभियुक्तों को आजीवन कारावास से दण्डितकिया गया । समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा हेतु विशेष दल द्वारा स्कूलों व सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान, सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओंध् हेल्पलाइन न0 1090, 1078,102, 108, 181,112,1076, 1930 की विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया।सभी थानों पर महिला बीट को प्रभावी बनाये जाने के लिए 18 नई को जनपद के समस्त थानों से 548 महिला बीट पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया तथा बीट क्षेत्र के महिलाओं कोसरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया । समस्त थानों पर आगन्तुकों के लिए बैठने एवं पेयजल की उचित व्यवस्था तथा महिला आगुन्तकों केलिए शौचालयों की व्यवस्था की गयी।

# मण्डलायुक्त ने वट वृक्ष लगाकर किया वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

**संडीला (हरदोई)।** प्रदेश सरकार के महा वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ लखनऊ मण्डलायुक्त द्वारा वट वृक्ष का पौधा लगाकर किया गया। मण्डलायुक्त रोशन जयकब ने ग्राम नारायनपुर में मियाबाकी पद्धति से वृक्षारोपण का शुभारंभ स्वंय वट वृक्ष लगाकर किया। इस अवसर पर उन्होंनें वृक्षों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे इन वृक्षों की देखभाल भी करें। यहां 350 पौधे लगाए गए। यहां सीडीओ आकांक्षा राना, एसडीएम देवेन्द्र पाल सिंह, बीडीओ एपी सिंह, बीडीओ राजीव गुप्ता तथा पुलिस उपाधीक्षक महावीर सिंह, एपीओ आलोक कुमार अस्थाना, एडीओ पंचायत मेवाराम, एडीओ पीपी तथा ग्राम प्रधान एवंत माम ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम समोधा में आयोजित वृक्षारोपण समारोह में क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा ने वृक्ष लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। यहां बीडीओ बेंहदर तथा एसडीएम समेत नोडल अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने यहां गौशाला का भी उद्घाटन किया। पुलिसकर्मियों ने वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया जिसमें प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह समेत तमाम पुलिसकर्मियों ने वृक्ष लगाए। नगर पालिका परिषद द्वारा कान्हा गौशाला तथा सेंट



वृक्षारोपण करते मण्डलायुक्त तथा अन्य अधिकारी

थेरेसा बाईपास पर सड़क के किनारे वृक्षारोपण किया। यहां अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, एसआई सौरव शुक्ला, जलकल अभियंता सुनील यादव समेत कई सभासद मौजूद रहे। ग्राम पंचायत मलेहरा में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख संघ संरक्षक कुंवर वीरेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित गुप्ता ने वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुंवर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है की वृक्षारोपण करके इस धरती को सुरक्षित बनाने का कार्य करें। यहां अमरजीत सिंह, बुद्धालाल, ग्राम पंचायत अधिकारी सलीम खां आदि मौजूद रहे।

# जिलेभर में समारोहपूर्वक रोपे गए पौधे, लोगों से की हरियाली बढ़ाने की अपील

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**आजादी के** अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत मंगलवार अलसुबह खीरी में वृक्षारोपण जन आंदोलन-2022 का आगाज हुआ। वन एवं वन्यजीव विभाग तथा अन्य राजकीय कार्यदायी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ने तय लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का रोपण शुरू किया।

नपाप लखीमपुर के तत्वावधान में छाउछ में नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस. ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष निरुपमा बाजपेई, आकांक्षा अध्यक्ष अल्पना सिंह, अर्बन बैंक चेयरमैन पुष्पा सिंह, सीडीओ अनिल सिंह ने विभिन्न प्रजातियों के पौधेरोपण किया। वहीं इसी परिसर में महिलाओं द्वारा शक्ति वन की आधारशिला रखी। नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस. ने कहा कि जीवन बिना वन के संभव नहीं है। धरती बचाना है तो पौधरोपण करें। आने वाली पीढ़ी को खूबसूरत व हरा भरा बनाकर दें। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि हरियाली लाने, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधरोपण करना जरूरी है। वृक्षों से पर्यावरण की सुरक्षा होती है। आकांक्षा अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक पौध रोपित कर धरती का आभूषणयुक्त बनाना है। पौधरोपण न केवल वैज्ञानिक रूप से बल्कि आध्यामिक रूप से हम सबके लिए आवश्यक है। सीडीओ अनिल सिंह ने कहा कि वृक्ष बिना किसी अपेक्षा के हमें जीवनदायी आक्सीजन, फल, ईंधन देते हैं और इसके साथ ही वह हमें बहुत बड़ी सीख भी देते है।

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएमओ आफिस प्रांगण में पौधरोपण किया गया। यह कार्यक्रम सांसे से हो रही कम आओ वृक्ष लगाएं हम की थीम पर मनाया गया। कार्यक्रम डा. शैलेंद्र भटनागर की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। वहीं एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ डा. बीसी पंत और डिप्टी सीएमओ डा. धनीराम भार्गव ने पौधे लगाकर वृहद कार्यक्रम की शुरुआत की। इसी तरह 200 शैय्या



चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल में भी अधीक्षक डा. एसी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न कराया गया। उपस्थित समस्त कर्मचारियों ने प्रांगण पौधारोपण किया। इस दौरान डा. पूनम, देवनंदन श्रीवास्तव, सचिन मिश्रा, श्रद्धा श्रीवास्तव, रत्ना सिन्हा, ईशा तिवारी, ममता नीलांजना, निशा मिश्रा, ईशा तिवारी, करुणा और शिवानी शुक्ला सहित अन्य स्टाफ भी पौधारोपण किया।

वन महोत्सव के अवसर पर एसपी संजीव सुमन ने वृक्षारोपण अभियान-2022 के अन्तर्गत पुलिस लाइन में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि वृक्ष मानवता की रक्षा के लिए बहुत जरूरी हैं। वृक्ष लगाकर हम अपने पर्यावरण व परिवेश को स्वच्छ व सुन्दर बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थाने, चौकी व पुलिस कार्यालय परिसर में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा बड़ी संख्या में फलदार, छायादार आदि पौधों को लगाकर वृक्षारोपण अभियान में अपना योगदान किया गया।

वामा सारथी, उप्र पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु परिवार कल्याण केन्द्र परिसर में योग शिविर का शुभारंभ किया गया। पुलिस परिवार की महिलाओं व बालिकाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने तथा जीवनशैली में योग के माध्यम से सकारात्मकता लाने हेतु भारतीय योग संस्थान द्वारा परिवार कल्याण केन्द्र परिसर में योग शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नरेश चंद्र वर्मा प्रांतीय प्रधान, सेवक सिंह अजमानी संरक्षक, रमेश कुमार वर्मा जिला पुरुष प्रधान, अर्चना श्रीवास्तव जिला महिला प्रधान, किरण अग्रवाल महिला जिला मंत्री, डा. सुशीला सिंह महिला जिला संगठन मंत्री, सुमन वर्मा क्षेत्रीय प्रधान, राम बहादुर जिला कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। उक्त शिविर के माध्यम से योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन महिलाओं एवं बालिकाओं को योगाभ्यास कराया जाएगा तथा योग के विभिन्न आसनों एवं आयामों के विषय में बताकर योग से होने वाले लाभ के विषय में जागरूक किया जाएगा।

**निघासन संवाददाता के अनुसार,** वृक्षारोपण जन आंदोलन-2022 के तहत ग्राम लुधौरी के पंचायत भवन में प्रधानपति मनोज जायसवाल की मौजूदगी में समूह की महिलाओं को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं समूह की महिलाओं को पौध वितरित किए गए। ग्राम्य विकास अधिकारी स्वाती लोधी व प्रधानपति मनोज जायसवाल ने पंचायत भवन में पौधरोपण भी किया। इस दौरान ग्राम रोजगार सेवक राजू गिरी, सौरभ जायसवाल, ग्राम पंचायत सदस्य पूरन कश्यप व पत्रकार संजीव श्रीवास्तव सहित तमाम समूह की महिलाएं मौजूद रही। इसी तरह ग्राम पंचायत मूड़ा बुजुर्ग में गुड्डी देवी ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष भाजपा सौरभ शुक्ला की माता द्वारा भी वृक्ष लगाया गया। ग्राम पंचायत सचिव उपदेश वर्मा, ग्राम रोजगार सेवक आशीष कनौजिया, प्राथमिक विद्यालय सरपतहा के समस्त स्टाफ़व समूह के महिलाएं व ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

**मैलानी संवाददाता के अनुसार,** थाना मैलानी पुलिस के प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल, उप निरीक्षक कौशल किशोर, अवनीश्वर तिवारी, मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश द्विवेदी, आरक्षी जितेन्द्र कुमार चौरसिया, आरक्षी रोबिन व आरक्षी जाबिर ने थाना परिसर में उपस्थिति होकर वृक्षारोपण किया।

**ढखेरवा संवाददाता के अनुसार,** मिशन शक्ति के तहत ग्राम पंचायत सेमरी के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंचनपुर में वृक्षारोपण का कार्य प्रधानपति ताज खान की देखरेख में खंड विकास अधिकारी रमियाबेहड़ अतिथि कार्यक्रम अधिकारी रमियाबेहड़, ग्राम विकास अधिकारी पंकज कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय कि प्रधानाध्यापक निशी यादव, तकनीकी सहायक राकेश कुमार अवस्थी, ग्राम रोजगार सेवक शिव शंकर, पंचायत सहायक मोहम्मद आदिल, आशा बहुएं, समूह की महिलाएं, समस्त अध्यापकगण व ग्राम वासियों के साथ मिशन शक्ति वृक्षारोपण के तहत वृक्षारोपण का कार्य संपन्न कराया गया।

# पेज एक का शेष

## सोशल मीडिया...

सोशल मीडिया मंचों को मिलने वाले राजस्व में कुछ हिस्सा मिलना चाहिए। इस समय ऐसी सोच को समर्थन मिल रहा है।

## नुपुर पर...

कि नुपुर की अनियंत्रित जुबान ने पूरे देश को आग में झोंक दिया। न्यायालय ने यह भी कहा था कि देश में जो कुछ हो रहा है उसके लिए शर्मा अकेले जिम्मेदार हैं। न्यायालय ने शर्मा की विवादित टिप्पणी को लेकर विभिन्न राज्यों में दर्ज प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने संबंधी उनकी याचिका स्वीकार करने से इनकार करते हुए क हा था कि नुपुर शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में टिप्पणी या तो सस्ता प्रचार पाने के लिए या किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत या किसी घृणित गतिविधि के तहत की। बयान में इन टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा गया है कि हम जिम्मेदार नागरिक के तौर पर यह मानते हैं कि किसी भी देश का लोकतंत्र तब तक ही बरकरार रहेगा, जब तक कि सभी संस्थाएं संविधान के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करती रहेंगी। बयान में कहा गया कि इन दुर्भाग्यपूर्ण और अप्रत्याशित टिप्पणियों के कारण देश और विदेश में लोग हतप्रभ हैं। इसमें कहा गया है कि यदि कानून के शासन एवं लोकतंत्र को बनाए रखना है और इसे आगे बढ़ाना है तो इन टिप्पणियों को नजरअंदाज करना बहुत गंभीर है और इन्हें न्याय की परवाह करने वाले लोगों का मन शांत करने के रुख के साथ वापस लिए जाने की आवश्यकता है। बयान में उल्लेख किया गया है कि शर्मा ने शीर्ष अदालत के समक्ष न्याय प्रणाली तक पहुंच का अनुरोध किया था। इसमें कहा गया है कि अदालत की टिप्पणियों का न्यायिक रूप से याचिका में उठाए गए मुद्दे से कोई संबंध नहीं है और इन्होंने न्याय प्रदान की सभी कसौटियों का अप्रत्याशित तरीके से उल्लंघन किया है। इसमें कहा गया नुपुर को न्यायपालिका तक पहुंच से वस्तुत: वंचित कर दिया गया था और इस प्रक्रिया में भारत के संविधान की प्रस्तावना, भावना और सार का उल्लंघन किया गया। बयान में दावा किया गया कि इन टिप्पणियों ने उदयपुर में दिन-दिहाड़े सिर कलम करने के नृशंस कृत्य को अप्रत्यक्ष तरीके से छूट दे दी। इसमें कहा गया कि कानून से जुड़े समुदाय का इस टिप्पणी पर आश्चर्यचकित होना तय है कि प्राथमिकी के कारण गिरफ्तारी होनी चाहिए। देश में बिना नोटिस दिए अन्य एजेंसियों पर इस प्रकार की टिप्पणियां वास्तव में चिंताजनक और खतरनाक हैं। बयान पर हस्ताक्षर करने वालों ने शीर्ष अदालत के पहले के आदेशों का हवाला देते हुए शर्मा की सभी प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने की याचिका का भी बचाव किया।इसमें कहा गया कि यह समझ से परे है कि नुपुर शर्मा के मामले के साथ अलग व्यवहार क्यों किया जा रहा है। उच्चतम न्यायालय का यह रुख प्रशंसनीय नहीं है और यह इस देश की शीर्ष अदालत की शुचिता एवं गरिमा को प्रभावित करता है। बयान में कहा गया कि जो मामले अदालत के समक्ष लंबित नहीं है, उन पर इस प्रकार की न्यायिक टिप्पणियां भारतीय संविधान के सार और भावना को नष्ट करती हैं। याचिकाकर्ता को इस तरह की निंदात्मक टिप्पणियों से मजबूर करना, उसे बिना मुकदमे के दोषी घोषित करना और याचिका में उठाए गए मुद्दे को लेकर उसे न्याय तक पहुंच से वंचित करना कभी लोकतांत्रिक समाज का हिस्सा नहीं हो सकता। टेलीविजन पर प्रसारित एक बहस के दौरान पैगंबर के बारे में की गई शर्मा की टिप्पणी के विरोध में देशभर में प्रदर्शन हुए थे और कई खाड़ी देशों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। भाजपा ने बाद में शर्मा को पार्टी से निलंबित कर दिया था।

## नुपुर शर्मा...

द्वारा वीडियो में व्यक्त किए गए इस तरह के संदेशो को दरगाह का संदेश नहीं माना जा सकता। कार्यालय ने कहा कि यह उनका अपना व्यक्तिगत बयान है और निंदनीय है। उल्लेखनीय है कि उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड के मामले में दो मुख्य आरोपियों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण कर रहा है।

## केरल में...

शोषण को सबसे अधिक क्षमा करता है। मंत्री ने दावा किया कि इसी कारण से देश में कॉरपोरेट क्षेत्र में करोड़पति बढ़े हैं। हालांकि, चेरियन की टिप्पणी मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस और भाजपा को नागवार गुजरी। टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हुए केपीसीसी अध्यक्ष के सुधाकरन और राज्य विधानसभा में नेता विपक्ष वी डी सतीशन ने मुख्यमंत्री विजयन से चेरियन को कैबिनेट से हटाने का अनुरोध किया या फिर कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी।

## छत्तीसगढ़ पुलिस...

दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया है कि दोनों प्रोडयूसर ने ही न्यूज में हेरा फेरी की है। राजीव रंजन ने तो सिर्फ न्यूज पढ़ी थी। रणविजय सिंह ने बताया पुलिस राजीव रंजन से अभी पूछताछ कर रही है और दोनों प्रोड्यूसरों को भी खोज रही है, उक्त मामले मैं नोएडा पुलिस ने एंकर को अभी तक भी छत्तीसगढ़ पुलिस को नहीं सौंपा है।

## जज को...

है। हममें से प्रत्येक को निडर होकर अपना कर्तव्य निभाने वालों के साथ खड़ा होना चाहिए। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस कर्नाटक की भाजपा सरकार पर लगातार हमला करती रही है। राहुल गांधी ने सोमवार को पुलिस भर्ती घोटाले में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को बर्खास्त करने की मांग की थी।

## एक दिन...

विमान के बाएं टैंक में ईंधन की मात्रा में असामान्य कमी दिखने लगी जिसके कारण विमान को कराची की ओर मोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि जब कराची हवाई अड्डे पर जांच की गई, तो बाएं टैंक से कोई रिसाव नहीं पाया गया। पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (पीसीसीए) के एक अधिकारी ने कहा कि स्पाइसजेट की दिल्ली से दुबई जा रही उड़ान के पायलट ने पाकिस्तान के वायुक्षेत्र में उड़ान भरने के दौरान नियंत्रण टॉवर से संपर्क किया और बताया कि विमान में कुछ तकनीकी खामी आ गई है। उन्होंने कहा कि पायलट ने आपात स्थिति में विमान उतारने का अनुरोध किया जिसकी मानवीय आधार पर अनुमति दे दी गई। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद पाकिस्तान इंटरनेशन एअरलाइंस के इंजीनियरों ने स्पाइसजेट के चालक दल के सदस्यों के साथ तकनीकी खामी का पता लगाने और इसे ठीक करने के लिए काम किया। उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर विमान की लाइट इंडिकेटर मशीनरी में समस्या थी, लेकिन इसे तुरंत ठीक नहीं किया जा सका, इसलिए यात्रियों को दुबई ले जाने के लिए एक अन्य विमान की व्यवस्था की गई। कराची हवाई अड्डे के एक अन्य सूत्र ने कहा कि विमान में लगभग 150 यात्री सवार थे जिन्हें भोजन और जलपान उपलब्ध कराया गया। इसके बाद दिन में, स्पाइसजेट के क्यू 400 विमान के विंडशील्ड में बीच हवा में तब दरार आ गई जब यह 23,000 फुट की ऊंचाई पर था जिसके बाद इसे मुंबई हवाई अड्डे पर प्राथमिकता के आधार पर उतारा गया। डीजीसीए के अधिकारियों ने कहा कि गुजरात के कांडला से आ रहे इस विमान के कैबिन में हालांकि किसी तरह के दबाव की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। कांडला-मुंबई उड़ान से संबंधित घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए स्पाइसजेट ने कहा, पांच जुलाई, 2022 को, स्पाइसजेट क्यू 400 विमान एसजी 3324 (कांडला- मुंबई) उड़ान पर था। जब यह 23,000 फुट की ऊंचाई पर था तो इसकी पी 2 साइड के विंडशील्ड के बाहरी शीशे में दरार आ गई। दबाव सामान्य देखा गया। विमान मुंबई में सुरक्षित उतर गया। वहीं, दिल्ली-दुबई उड़ान से संबंधित घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए स्पाइसजेट ने कहा, पांच जुलाई, 2022 को स्पाइसजेट बी737 विमान की उड़ान एसजी-11 (दिल्ली-दुबई) को संकेतक लाइट में खराबी के कारण कराची की ओर मोड़ दी गई। विमान कराची में सुरक्षित उतरा और यात्रियों को भी सुरक्षित उतार लिया गया। इसने कहा, कोई आपात स्थिति घोषित नहीं की गई और विमान सामान्य तरीके से उतरा। विमान में किसी भी अन्य खराबी की कोई सूचना नहीं है। यात्रियों को जलपान दिया गया है। अन्य विमान कराची भेजा जा रहा है जो यात्रियों को दुबई ले जाएगा। गत 19 जून से अब तक स्पाइसजेट के विमानों में तकनीकी खामी की सात घटनाएं हो चुकी हैं।

## पीडीएस कार्यान्वयन...

शासित प्रदेशों में राज्य खाद्य आयोगों के कार्यों को पूरी तरह से सामाजिक ऑडिट करने और उनका संचालन करने जैसे अभ्यास, अधिनियम की वास्तविक भावना को और मजबूत करेंगे।

# मुंबई में भारी बारिश के बीच जलभराव और यातायात संकट

## ● मुख्यमंत्री शिंदे ने हालात का जायजा लिया



**मुंबई।** मुंबई और इसके आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को भारी बारिश के कारण अनेक स्थानों पर जलभराव देखने को मिला, जिससे ट्रेन और वाहनों की आवाजाही धीमी हो गई। महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने राज्य प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक सावधानी बरतने समेत यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई जान-माल का नुकसान न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ग्रस्त इलाके से साढ़े तीन हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। बरसात से महानगर में सामान्य जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और तत्काल राहत मिलती नजर नहीं आ रही। नगर निकाय के अधिकारियों ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 24 घंटों में मुंबई और इसके उपनगरों में मध्यम से भारी बारिश की भविष्यवाणी की है, अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। उन्होंने कहा कि द्वीप शहर (दक्षिण मुंबई) में सुबह आठ बजे समाप्त 24 घंटों की अवधि में औसतन 95.81 मिमी बारिश हुई, जबकि इसी अवधि के दौरान पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में क्रमश: 115.09 मिमी और 116.73 मिमी बारिश दर्ज की गई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकारियों ने कहा कि सुबह आठ बजे से 11.30 बजे के बीच द्वीप शहर में औसतन 41 मिमी बारिश हुई, जबकि पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में क्रमश: 85 मिमी और 55 मिमी बारिश हुई।

रेलवे सूत्रों ने कहा कि मुंबई की जीवन रेखा मानी जाने वाली उपनगरीय ट्रेन सेवाएं कुर्ला के पास पटरियों पर जलजमाव के कारण मध्य रेलवे (सीआर) के मुख्य और हार्बर कॉरिडोर पर प्रभावित हुईं। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवाजी सुतार ने कहा कि मध्य रेलवे मार्ग के सायन, कुर्ला, तिलक नगर और वडाला क्षेत्रों में पटरियां पानी में डूब गईं। यात्रियों ने पड़ोसी नवी मुंबई में हार्बर लाइन पर पनवेल, खंडेश्वर और मानसरोवर स्टेशन में कुछ सबवे में गंभीर जल-जमाव की शिकायत की, जिससे उन्हें टखने तक पानी से गुजरना पड़ा। आईएमडी ने अगले चार दिनों में महाराष्ट्र के लिए भारी बारिश की चेतावनी की है, जिसके बाद मुख्यमंत्री शिंदे ने राज्य प्रशासन के अधिकारियों को सावधानी बरतने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई जान-माल का नुकसान न हो। आईएमडी ने दक्षिण कोंकण क्षेत्र और गोवा के लिए ऑरेंज अलर्ट और उत्तरी कोंकण, उत्तर मध्य और दक्षिण मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा क्षेत्रों के लिए एलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग चार रंग पर आधारित भविष्यवाणियां जारी करता है। हरे रंग का मतलब कोई चेतावनी नहीं, पीले रंग का मतलब निगरानी रखें, नारंगी रंग का मतलब सतर्क रहना है, जबकि लाल रंग का मतलब चेतावनी है और इस स्थिति में कार्वाई करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने एक बयान में कहा कि शिंदे ठाणे, रायगढ़, पालघर, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के कलेक्टरों के संपर्क में हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल को भी अलर्ट रहने को कहा गया है।

बयान में कहा गया है कि मुंबई की स्थिति पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुंबई के पास स्थित रायगढ़ जिले में कुंडलिका नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। अंबा, सावित्री, पातालगंगा, उल्हास और गढ़ी नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के करीब है। सीएमओ के बयान में कहा गया, बढ़ती बारिश और बाढ़ जैसी स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री शिंदे ने मुख्य सचिव मनु कुमार श्रीवास्तव के साथ चर्चा की है। संरक्षक सचिवों को अपने जिलों में पहुंचने और स्थिति की निगरानी करने के लिए कहा गया है।

# शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव मैंने भाजपा नेतृत्व को दिया था: फडणवीस

**भाषा।** नागपुर

**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि महा विकास आघाड़ी सरकार के गिरने के बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व को एकनाथ शिंदे को नया मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव दिया था। फडणवीस ने यह भी स्वीकार किया कि वह उप मुख्यमंत्री का पद संभालने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चर्चा और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हस्तक्षेप के बाद उन्होंने अपना निर्णय बदल दिया।

फडणवीस ने कहा कि भाजपा नेतृत्व का मानना था कि उन्हें सरकार का हिस्सा होना चाहिए, क्योंकि संविधानेतर प्राधिकार के माध्यम से सरकार चलाना सही नहीं होगा। संवाददाताओं से यहां बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि भाजपा-शिवसेना गठबंधन ने 2019 का चुनाव जीता था, लेकिन जनादेश चुरा लिया गया। उन्होंने कहा कि इसलिए उनकी पार्टी और शिंदे के नेतृत्व वाला शिवसेना का गुट सत्ता के लिए नहीं, बल्कि समान विचारधारा के लिए एक साथ आए हैं। फडणवीस ने कहा, हमारे नेता नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह और जेपी नड्डाजी और मेरी मंजूरी से (शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला लिया गया)... यह कहना गलत नहीं होगा कि शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव (भाजपा नेतृत्व के पास) मैं लेकर गया था और उन्होंने (नेतृत्व ने) इसे स्वीकार कर लिया।

ज्ञात हो कि उद्धव ठाकरे के शक्ति परीक्षण से पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद, शिंदे ने 30 जून को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, जबकि फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने कहा, यह भी तय किया गया था कि मैं सरकार से बाहर रहूंगा। लेकिन भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुझे फोन किया और कहा कि पार्टी ने (मुझे उपमुख्यमंत्री बनाने का) फैसला किया है। यहां तक कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी मुझसे बात की थी। फडणवीस ने कहा कि वह उपमुख्यमंत्री का पद स्वीकार करने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं थे और उन्होंने मन बना लिया था कि वह बाहर से एकनाथ शिंदे सरकार की मदद करेंगे। उन्होंने कहा, लेकिन मैंने अपने नेताओं के आदेश का पालन करते हुए अपना फैसला बदल दिया।

# द्रौपदी मुर्मू भारी बहुमत से जीतेंगी हमे पूरा भरोसा: नीतीश कुमार

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजग की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के बारे में मंगलवार को कहा, हमलोगों को पूरा भरोसा है कि वह भारी बहुमत से जीतेंगी। मुर्मू के साथ राजग नेताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए नीतीश ने उनके बारे में कहा, हमलोगों को पूरा भरोसा है कि भारी बहुमत से जीतेंगी। यह बहुत खुशी की बात है कि एक आदिवासी महिला देश के सर्वोच्च पद के लिए उम्मीदवार है। राजग की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार और झारखंड की राज्यपाल रह चुकी मुर्मू ने संसद और बिहार विधानसभा सदस्यों से चुनावी समर्थन हासिल करने लेने के लिए मंगलवार को पटना का दौरा किया। मुर्मू, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ 11.13 बजे विशेष विमान से पटना पहुंची जहां उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल और राज्य के अन्य मंत्रियों ने उनका स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी हवाई अड्डा पर मौजूद थे।

हवाई अड्डा परिसर को फूलों से सजाया गया था भाजपा कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए पार्टी के झंडे के साथ बाहर सड़कों पर खडे थे। सचिवालय भवन के पास दिग्गज आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने दौरे की शुरुआत की। सचिवालय भवन के पास बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मुर्मू ने नीतीश कुमार और सांसदों तथा विधायकों सहित राजग के सभी वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की और समर्थन की अपील की। बिहार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने बताया कि बैठक में जदयू सहित पूर्व मुख्यमंत्री मांझी के नेतृत्व वाली हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा. (सेक्युलर) और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाली रालोजपा सहित राजग के सभी नेता मौजूद थे।

# हालिया घटनाक्रम से दुखी, पर शिवसेना को और मजबूत बनाऊंगा: उद्धव

**औरंगाबाद।** शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा है कि वह कुछ सदस्यों को लाभ मिलने के बावजूद पार्टी छोड़ता देख आहत हैं और जल्द मराठवाड़ा क्षेत्र के हिंगोली का दौरा करेंगे। शिवसेना नेताओं ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उद्धव की यह प्रतिक्रिया हिंगोली जिले के एक शिवसेना विधायक संतोष बांगर के महाराष्ट्र विधानसभा में विश्वास मत पर मतदान से कुछ देर पहले एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले बागी गुट में शामिल होने के एक दिन बाद आई है। दिलचस्प बात यह है कि हिंगोली जिले के कलामनुरी से विधायक बांगर को हाल ही में विद्रोह के शुरुआती दिनों के वीडियो में रोते हुए बागियों से शिवसेना में लौटने की अपील करते हुए देखा गया था। बांगर के सोमवार को शिंदे गुट में शामिल होने और विश्वास मत के पक्ष में मतदान करने के बाद हिंगोली के सरकारी गेस्ट हाउस में मंगलवार को जिले के शिवसेना नेताओं की एक बैठक आयोजित की गई थी। शिवसेना नेता रमेश शिंदे ने बताया कि उद्धव ने बैठक में शामिल पार्टी कार्यकर्ताओं से फोन पर बात की और कहा कि वह जल्द हिंगोली का दौरा करेंगे। शिंदे के मुताबिक, उद्धव ने शिव सैनिकों से कहा कि उन विधायकों और मंत्रियों को अपना साथ छोड़ते देखना बेहद तकलीफदेह है, जिन्होंने शिवसैनिकों की वजह से जीत दर्ज की और सब कुछ हासिल किया। बैठक से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें उद्धव कह रहे हैं, लेकिन, जिन लोगों को कुछ हासिल नहीं हुआ, वे मेरे साथ हैं। मैं आप लोगों से मिलने के लिए जल्द हिंगोली आऊंगा।

शिंदे ने कहा कि शिव सैनिक बांगर को आखिरी समय में बागी गुट से जुड़ता देख स्तब्ध थे। उन्होंने कहा, शिवसेना स्थिर है। जिन शिव सैनिकों को बैठक के बारे में सूचित किया गया था, वे इसमें शामिल हुए। इससे पहले, बांगर को एक वीडियो में रोते हुए और यह कहते हुए देखा गया था कि महाराष्ट्र में माहौल खराब हो गया है और शिंदे के साथ सभी असंतुष्टों को पार्टी में वापस आ जाना चाहिए, क्योंकि उद्धव ठाकरे उन्हें निश्चित रूप से माफ कर देंगे। बांगर ने छत्रपति शिवाजी महाराज और बाल ठाकरे के अनुयाई के रूप में शिवसेना की तारीफ भी की थी और कहा था कि हिंदुत्व के भगवा ध्वज को बिना किसी दाग के ऊंचा रखना सभी का कर्तव्य है। शिंदे ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र के अंतिम दिन महत्वपूर्ण शक्ति परीक्षण में जीत हासिल की थी। 288 सदस्ईय सदन में 164 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में, जबकि 99 ने इसके खिलाफ मतदान किया था। बांगर के आने से शिंदे गुट में शामिल होने वाले शिवसेना विधायकों की संख्या 40 पर पहुंच गई है।



सोलापुर में वरकारी आंदोलन में तुलसी का पौधा सर पर लेकर भाग लेती हुई महिलाएं।

## राज्यसभा सदस्य पबित्र मार्गेरिटा असम के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव नियुक्त

**गुवाहाटी।** भाजपा के राज्यसभा सदस्य पबित्र मार्गेरिटा को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का राजनीतिक सचिव नियुक्त किया गया है। मार्गेरिटा असम प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता भी हैं। वह नलबाड़ी के विधायक जयंत मल्ला बरुआ का स्थान लेंगे जिन्हें हाल में राज्य के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। मार्गेरिटा ने इस नियुक्ति के लिए सरमा का आभार जताया। उन्होंने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे देश के ऐसे सक्षम, ऊर्जा से भरे हुए, मेहनती और लोकप्रिय मुख्यमंत्री का राजनीतिक सचिव नियुक्त किया गया। प्रदेश भाजपा प्रमुख भाबेश कलिता और संगठन महासचिव पी एन शर्मा ने कहा कि मार्गेरिटा को पार्टी की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। 48 वर्षीय मार्गेरिटा 2014 में भाजपा में शामिल हुए थे तभी से वह पार्टी के प्रवक्ता हैं और पार्टी की सोशल मीडिया टीम के प्रभारी भी रह चुके हैं।

# दिव्यांगों को विमान में चढ़ने में मदद करने के लिए 20 हवाईअड्डों पर एंबुलिफ्ट की सुविधा

**नई दिल्ली।** केंद्र के सुगम्य भारत अभियान के तहत 20 हवाईअड्डों पर दिव्यांगों या चलने-फिरने में परेशान यात्रियों को विमान में चढ़ने में मदद करने के लिए जरूरी उपकरण एंबुलिफ्ट लगाया गया है। दिव्यांग मामलों के विभाग ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन हवाई अड्डों में विजयवाड़ा, कानपुर, पोर्ट ब्लेयर, जोधपुर, बेलगाम, सिलचर, झारसुगुडा, राजकोट और हुबली शामिल हैं। चलने-फिरने में परेशान यात्रियों, व्हीलचेयर पर चलने वाले दिव्यांग यात्रियों और अपनी हवाई यात्रा के दौरान स्ट्रेचर पर रहने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए यह पहल की गई है। विभाग ने यह भी कहा कि भारत के 35 अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों और 69 घरेलू हवाईअड्डों में से 55 अब दिव्यांगजन सुलभ सुविधाओं से सुसज्जित हैं। इसके अलावा 41 हवाईअड्डे पूरी तरह से एअरोब्रिज से सुसज्जित हैं। 20 हवाईअड्डों को सुगम्य भारत अभियान के तहत एम्बुलिफ्ट से सुसज्जित किया गया है।

दिव्यांग यात्रियों, चलने-फिरने में परेशान यात्रियों या दिव्यांग हवाई-यात्रियों, या व्हीलचेयर का उपयोग करने वाले लोगों या बुजुर्गों के लिए एम्बुलिफ्ट का उपयोग बोर्डिंग वाहन के रूप में किया जाएगा। केंद्रीय दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को जुलाई के अंत तक सार्वजनिक भवनों का आकलन करने को कहा है, जिन्हें सुगम्य भारत अभियान के तहत दिव्यांगों के लिए कम से कम संभव समय में सुगम बनाया जाना है। सुगम्य भारत अभियान का उद्देश्य देश के दिव्यांग समुदाय की सेवा करना है। दिव्यांग व्यक्तिय अधिकार अधिनियम, 2016 में इस साल 14 जून तक सभी मौजूदा सार्वजनिक भवनों को सुगम बनाने के लिए पांच साल की समयसीमा प्रदान की गई थी। अब तक 585 राज्य भवनों और।,030 केंद्र सरकार के भवनों को दिव्यांगों के लिए बाधा मुक्त बनाया गया है।

## इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में इंदौर का व्यक्ति गिरफ्तार

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर में इंस्टाग्राम पर एक आपत्तिजनक पोस्ट के जरिए एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में 20 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राहुल कुमार ने मंगलवार को कहा कि पुलिस ने सोमवार को इंदौर के रहने वाले देवराज ठाकुर को सैयद रफीक की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। रफीक ने शिकायत में कहा कि ठाकुर की पोस्ट ने उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने कहा कि शिकायत की पुष्टि के बाद पुलिस ने ठाकुर के खिलाफ भादंवि की धारा 153-ए (धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने शिकायत दर्ज होने के छह घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का साइबर दस्ता जिलों में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर नजर रख कर कार्रवाई कर रहा है।

# मोदी को गरीबों की नहीं, कसीनो की फिक्र है: कांग्रेस

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने कुछ जरूरी खाद्य वस्तुओं को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने के फैसले को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इस सरकार को आम लोगों और गरीबों की नहीं, बल्कि कसीनो (जुआघर) की फिक्र है क्योंकि वह कसीनो पर कर लगाने से पहले वह पांच बार सोचती है, लेकिन आटे पर कर लगाने से पहले इसकी एक बार समीक्षा तक नहीं करती।

मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि अगर जीएसटी का एक स्लैब और एक दर हो तो गरीबों और मध्य वर्ग पर बोझ कम हो जाएगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट किया, स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी 18 प्रतिशत, अस्पताल में कक्ष पर जीएसटी 18 प्रतिशत। हीरे पर जीएसटी 1.5 प्रतिशत। गब्बर सिंह टैक्स इस बात का दुखद स्मरण कराता है कि प्रधानमंत्री किसका ख्याल रखते हैं। उन्होंने कहा, एक स्लैब और कम दर वाली जीएसटी से गरीबों और मध्य वर्ग पर बोझ कम करने में मदद मिलेगी।

कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने संवाददाताओं से कहा, आज गब्बर सिंह टैक्स हिंदुस्तान के मध्यम आय वर्ग के लोगों की थाली से रोटी लूटकर भागने का काम कर रहा है...हमारे देश की सरकार कसीनो पर कर लगाने से पहले पांच बार सोचती है, पर आटे पर कर लगाने से पहले एक बार भी समीक्षा की जरूरत नहीं समझती। उन्होंने आरोप लगाया, पिछले 8 साल में एक हंसती, खेलती, बढ़ती अर्थव्यवस्था को कैसे नष्ट किया गया है, इस पर केस स्टडी लिखा जाना चाहिए कि बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था को कैसे नष्ट किया जाता है।

## क्विक न्यूज

### रिम ऑफ द पैसेफिक युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रही भारतीय नौसेना

**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे बड़ा नौसेना युद्धाभ्यास रिम ऑफ द पैसिफिक इस बार हवाई द्वीप में हो रहा है जिसमें भारतीय नौसेना के लड़ाकू पोत आईएनएस सतपुड़ा और पी-8आई विमान हिस्सा ले रहे हैं। आईएनएस सतपुड़ा 27 जून को हवाई द्वीप पहुंचा जबकि पी-8आई ने युद्धाभ्यास स्थल पर दो जुलाई को दस्तक दी। अमेरिका की मेजबानी में 28 देशों की नौसेना इस युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रही है। लंगर डालने के चरण में कई संगोष्ठी, युद्धाभ्यास की योजना पर चर्चा और खेल प्रतियोगिता हुई। समुद्री चरण का युद्धाभ्यास 12 जुलाई को शुरू होगा और चार अगस्त को युद्धाभ्यास का समापन समारोह होगा। अधिकारी ने बताया कि 38 युद्धपोत, 31 ड्रोन, 170 विमान और करीब 25 हजार सैनिक इस बहु आयामी युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। पी-8आई बहुराष्ट्रीय समन्वय, बहु मंचीय उन्नत पनडुब्बी रोधी युद्धाभ्यास में हिस्सा लेगा। अमेरिकी कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित पी-8 विमान की भारतीय नौसेना पहली अंतरराष्ट्रीय ग्राहक थी।

### पीएम ने तेजस्वी से बात की, लालू के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राजद के नेता व बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को फोन कर उनके पिता व पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के स्वास्थ्य की जानकारी ली। यह जानकारी सूत्रों ने दी। राजद प्रमुख लालू प्रसाद को सोमवार को पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह पूर्व मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी पत्नी राबड़ी देवी को आवंटित सरकारी आवास में रहते हैं। वह घर में सीढ़ियों से गिर गए थे, जिससे उनके दाहिने कंधे की हड्डी टूट गई थी। चौहत्तर वर्षीय लालू प्रसाद अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। चारा घोटाला मामलों में जमानत पर रिहा लालू ने पिछले महीने झारखंड उच्च न्यायालय से गुर्दा प्रतिरोपण के लिए विदेश, खासकर सिंगापुर जाने की इजाज़त ली थी।

### कन्हैयालाल हत्याकांड के एक और आरोपी को हिरासत में भेजा

**जयपुर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने उदयपुर के कन्हैया लाल हत्याकांड मे गिरफ्तार एक और आरोपी को मंगलवार को यहां विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे 12 जुलाई तक एनआईए की हिरासत मे भेज दिया। एनआईए की टीम ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरोपी मोहम्मद मोहसिन को यहां विशेष अदालत में पेश किया। विशेष लोक अभियोजक टीपी शर्मा ने बताया कि मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने मोहम्मद मोहसिन को 12 जुलाई तक एनआईए की हिरासत मे भेज दिया। मो. मोहसिन को कन्हैया की दुकान की रेकी करने और साजिश रचने के आरोप मे सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। हत्याकांड में मुख्य आरोपी रियाज अख्तरी और गौस मो. को घटना के कुछ घंटे बाद ही पिछले मंगलवार को गिरफ्तार किया था। दो अन्य आरोपियों, मोहसिन और आसिफ, को कन्हैया की दुकान की रेकी करने और साजिश के आरोप में पिछले बृहस्पतिवार की रात गिरफ्तार किया गया था। ये चारो 12 जुलाई तक के लिए एनआईए की हिरासत मे है।

### अल्पसंख्यक मोर्चा प्रमुख को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**जम्मू।** लश्कर-ए-तैयबा के गिरफ्तार आतंकवादी तालिब हुसैन शाह के साथ अपने कथित संबंधो को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रही भाजपा ने मंगलवार को पार्टी के जम्मू में अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शेख बशीर को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इससे पहले एक कथित पत्र सामने आया था जिसमें बशीर ने शाह को सोशल मीडिया के लिए पार्टी की एक इकाई में पदाधिकारी के तौर नियुक्ति का आदेश दिया था। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी शाह कुछ समय के लिए एक राजनीतिक दल से जुड़ा था और उसने खुद को एक मीडियाकर्मी भी बताया था। यह जानकारी सामने आई थी कि शाह भाजपा का एक सक्रिय सदस्य था और पार्टी ने हाल में उसका चयन जम्मू क्षेत्र में अल्पसंख्यक मोर्चा के आईटी एवं सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के प्रभारी के तौर पर किया था। जम्मू कश्मीर भाजपा की अनुशासनात्मक समिति के प्रमुख सुनील सेठी ने सोशल मीडिया में प्रसारित एक पत्र के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है जिसमें संकेत दिया गया है कि आपने तालिब हुसैन को अल्पसंख्यक मोर्चा में एक अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया था जो आतंकी गतिविधियों मे लिप्त पाया गया है।

### तेलंगाना सरकार काकतीय वंश के समृद्ध इतिहास को दर्शाने वाले कार्यक्रम आयोजित करेगी

**हैदराबाद।** काकतीय राजवंश के समृद्ध इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए तेलंगाना सरकार आगामी सात जुलाई से एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम आयोजित करेगी। तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी एवं उद्योग मंत्री के टी रामाराव, राज्य के पर्यटन, संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री वी श्रीनिवास गौड़ और अन्य ने मंगलवार को इस कार्यक्रम से जुड़ी विवरणिका जारी की। गौड़ ने ट्वीट किया, काकतीय वैभव सप्तम नाम का यह कार्यक्रम सात से 13 जुलाई तक चलेगा। काकतीय राजवंश ने 12वीं और 14वीं शताब्दी के दौरान वर्तमान तेलंगाना और आंध्र प्रदेश क्षेत्र पर हुकूमत की थी।

## ओमिक्रोन के बीए.2.75 उपस्वरूप का भारत में सीमित प्रसार

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के सबसे अधिक संक्रमणशील स्ट्रेन ओमिक्रोन के बीए.2 के उपस्वरूप बीए.2.75 का अध्ययन करने पर पाया गया है कि भारत में इसका सीमित प्रसार है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी और यह भी कहा कि अब तक इस उपस्वरूप के चलते बीमारी की गंभीरता एवं प्रसार में वृद्धि नहीं पाई गई है।

उन्होंने बताया कि सार्स-कोव-2 का फिलहाल चिंताजनक स्वरूप ओमिक्रोन वीओसी है तथा ऐसा देखा गया है कि वैश्विक स्तर पर बीए.2 ओमिक्रोन ने बीए.1 की जगह ले ली है। भारत में अध्ययन में पाया गया कि बीए.2.75 का सीमित प्रसार है तथा अबतक इस उपस्वरूप के चलते बीमारी की गंभीरता एवं प्रसार में वृद्धि नहीं पाई गई है। चूंकि बीए.2 लगातार उभर रहा है , ऐसे में उसके उपस्वरूप भिन्न उत्परिवर्तनों के सेट के साथ अब विकसित हो रहे हैं।



सैफरान के सीईओ ओलिविर एंड्रीज ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की

# एसीबी ने कर्नाटक में कांग्रेस के नेता एवं विधायक अहमद खान के आवासों एवं कार्यालयों पर छापे मारे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में एसीबी ने प्रवर्तन निदेशालय की एक रिपोर्ट के बाद मंगलवार को कांग्रेस के नेता एवं विधायक बी जेड जमीर अहमद खान से जुड़े पांच स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि छावनी रेलवे स्टेशन के पास खान के आवास, सिल्वर ओक अपार्टमेंट में एक फ्लैट, सदाशिवनगर में एक अतिथि गृह, बनशंकरी में जी के एसोसिएट्स के कार्यालय और शहर के कलासिपाल्या में नेशनल ट्रैवल्स के कार्यालय में छापे मारे गए। एसीबी के एक अधिकारी ने कहा, एसीबी के कई दल आज सुबह से छापे मार रहे हैं। एसीबी के दल दस्तावेजों का सत्यापन कर रहे हैं और जांच जारी है। एसीबी के कई दल चार बार विधायक चुने गए खान से जुड़े पांच स्थानों पर पहुंचे। खान पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली सरकार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रहे थे।

प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल अगस्त में खान और एक अन्य पूर्व मंत्री आर रोशन बेग के आवासों पर 4,000 करोड़ रुपए की आईएमए पोंजी योजना से कथित संबंध को लेकर छापा मारा था। ऐसा बताया जाता है कि इस योजना के जरिए हजारों लोगों को ठगा गया था, जिनमें अधिकतर मुसलमान थे। चामराजपेट विधानसभा क्षेत्र से विधायक खान ईडी के सामने कई बार पेश हो चुके हैं। कांग्रेस ने इस छापेमारी को पुलिस उप-निरीक्षक भर्ती संबंधी उस घोटाले से जनता का ध्यान हटाने का प्रयास करार दिया, जिसमें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमृत पॉल को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह छापेमारी की गई, क्योंकि एसीबी मुख्यमंत्री के नियंत्रण में है।

## सेना का जवान गंगा नदी में बहा, शव बरामद

**देहरादून।** उत्तराखंड में ऋषिकेश के निकट लक्ष्मणझूला में मंगलवार को सेना का एक जवान गंगा नदी में नहाते समय बह गया। बाद में उसका शव बरामद किया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राजस्थान के अलवर जिले के गंडाला गांव के रहने वाले नितुल यादव (25) का शव बरामद कर लिया गया है। उनके अनुसार, छह लोगों का एक दल दोपहर को लक्ष्मणझूला क्षेत्र के फूलचट्टी में गंगा में नहाने गया था लेकिन अचानक जलस्तर बढने से यादव पानी में बहने लगा। उन्होंने बताया कि उसे गोल्फ रैपिड तक बहते हुए देखा गया लेकिन इसके बाद वह लहरों में गुम हो गया। सूचना प्राप्त होने पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया। एसडीआरएफ के गोताखारों ने घटनास्थल से दो किलोमीटर आगे नदी से यादव को खोज निकाला और तुरन्त अस्पताल भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नाटो देशों ने प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए

## ● स्वीडन, फिनलैंड को सदस्य बनाने संबंधी अनुरोध विधाई मंजूरी के लिए राजधानियों में भेजा



भाषा। ब्रसेल्स

**नाटो के** 30 सहयोगियों ने मंगलवार को स्वीडन और फिनलैंड को सदस्य बनाने संबंधी प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए, जिससे दोनों देशों का सदस्यता संबंधी अनुरोध विधाई मंजूरी के लिए गठबंधन की राजधानियों को भेजा गया। तुर्की इसमें हालांकि अब भी अड़ंगा लगा सकता है। वह नाटो का सदस्य है और किसी नए देश को गठबंधन में शामिल करने के लिए सभी सदस्य देशों की मंजूरी आवश्यक होती है। फरवरी में पड़ोसी यूक्रेन पर आक्रमण और उसके बाद से सैन्य संघर्ष के मद्देनजर इस कदम ने रूस को रणनीतिक तौर पर अलग-थलग किए जाने के प्रयासों को और बढ़ाने का काम किया है। नाटो के महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने कहा, यह फिनलैंड, स्वीडन और नाटो के लिए सचमुच एक ऐतिहासिक क्षण है। तीस राजदूतों और स्थाई प्रतिनिधियों ने औपचारिक रूप से पिछले सप्ताह के नाटो शिखर सम्मेलन के निर्णयों को तब मंजूरी दे दी जब गठबंधन ने रूस के पड़ोसी फिनलैंड और स्वीडन को सैन्य क्लब में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। गठबंधन में समझौते के बावजूद, सदस्य देश तुर्की नाटो में स्वीडन और फिनलैंड को अंतिम रूप से शामिल किए जाने को लेकर अभी भी समस्याएं पैदा कर सकता है। हालांकि वह मैड्रिड में हुए शिखर सम्मेलन में संबंधित दोनों देशों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर पहुंचा था। पिछले हफ्ते, तुर्की के नेता रजब तैयब एर्दोआन ने चेतावनी दी थी यदि दोनों देश अवैध कुर्द समूहों या 2016 में असफल तख्तापलट के आरोपी निर्वासित मौलवी के नेटवर्क से जुड़े संदिग्ध आतंकवादियों के प्रत्यर्पण की तुर्की की मांग को पूरी तरह से पूरा करने में विफल रहते हैं तो अंकारा अभी भी प्रक्रिया को अवरुद्ध कर सकता है। उन्होंने कहा था कि तुर्की की संसद समझौते का अनुमोदन करने से इनकार कर सकती है। स्वीडन और फिनलैंड के लिए यह एक बाधा हो सकती है क्योंकि नाटो में उन्हें शामिल करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए सभी 30 सदस्य देशों के औपचारिक अनुमोदन की आवश्यकता होगी। स्वीडन और फ़िनलैंड के विदेश मंत्रियों से एक संवाददाता सम्मेलन में पूछा गया कि क्या समझौता ज्ञापन में उन लोगों के नाम हैं जो तुर्की को प्रत्यर्पित करने होंगे, इस पर दोनों मंत्रियों ने कहा कि ऐसी कोई सूची समझौते का हिस्सा नहीं है। स्वीडन की विदेश मंत्री एन लिंडे ने कहा, हम ज्ञापन का पूरा सम्मान करेंगे। बेशक, ज्ञापन में कोई सूची या ऐसा कुछ नहीं है, लेकिन जब बात आतंकवादियों की आती है तो हमें जो करना चाहिए वह बेहतर सहयोग है। फ़िलैंड के विदेश मंत्री पेक्का हाविस्टो ने भी ऐसे ही विचार व्यक्त किए।

## अमेरिका स्वतंत्रता दिवस परेड गोलीबारी: छह लोगों की मौत, पुलिस ने संदिग्ध को पकड़ा

भाषा। हाईलैंड पार्क (अमेरिका)

**दिवस परेड के** दौरान हुई गोलीबारी में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने गोलीबारी में शामिल 22 वर्षीय संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है। हालईलैंड पार्क पुलिस के प्रमुख लो. जोगमेन ने पहले बताया था कि संदिग्ध की पहचान ई. क्रिमो के तौर पर की गई है और ऐसा माना जा रहा है कि उसके पास हथियार थे और वह सभी की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। हालांकि, पुलिस ने संदिग्ध की हमलावर होने की पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने सोमवार शाम को उसे पकड़ा। पुलिस ने बताया कि अमेरिका में शिकागो शहर के हाईलैंड पार्क के निकट सोमवार को स्वतंत्रता दिवस परेड के दौरान हमलावर ने किसी इमारत की छत से गोलीबारी की थी। गोलीबारी में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 30 अन्य लोग घायल हो गए।

### यमन में सेना के हथियार भंडार में धमाका, तीन लोगों की मौत

**सना।** यमन के दक्षिण पूर्वी अबयान प्रांत में स्थित सेना के एक हथियार भंडार में मंगलवार को विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हो गए। चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लॉदार शहर के एक लोकप्रिय बाजार में स्थित भंडार में तड़के हुए विस्फोट के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है। यमन शहर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के प्रति वफादार बलों का नियंत्रण है। कई घायलों को गंभीर चोटें आई हैं।

## भारतीय उच्चायोग ने कनाडाई अधिकारियों से आपत्तिजनक सामग्री हटाने की अपील की

भाषा। टोरंटो

### ● काली पोस्टर विवाद

**ओटावा** स्थित भारतीय उच्चायोग ने कनाडाई प्राधिकारियों से लघु फिल्म काली से जुड़ी सभी आपत्तिजनक सामग्री हटाने की अपील की है।
उच्चायोग ने कनाडा में मौजूद हिंदू समुदाय के नेताओं से वहां प्रदर्शित लघु फिल्म के पोस्टर में हिंदू देवी के अपमानजनक चित्रण को लेकर शिकायतें मिलने के बाद यह कदम उठाया है। टोरंटो में रहने वाली फिल्मकार लीना मणिमेकलई ने शनिवार को ट्विटर पर अपनी लघु फिल्म काली का पोस्टर साझा किया था, जिसमें हिंदू देवी को धूम्रपान करते और हाथ में एलजीबीटीक्यू समुदाय का झंडा थामे हुए दिखाया गया है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद मणिमेकलई पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप लगने लगे। यही नहीं, सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अरेस्ट लीना मणिमेकलई (लीना मणिमेकलई को गिरफ्तार करो) हैशटैग ट्रेंड करने लगा। वहीं, गौ महासभा नामक समूह के एक सदस्य ने बताया कि उसने दिल्ली पुलिस में मणिमेकलई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग की ओर से सोमवार को जारी बयान में कहा गया है कि उसे कनाडा में मौजूद हिंदू समुदाय के नेताओं से उस लघु फिल्म के पोस्टर में हिंदू देवी के अपमानजनक चित्रण को लेकर शिकायतें मिली हैं, जिसका अंडर द टेंट प्रोजेक्ट के तहत टोरंटो के आगा खान संग्रहालय में प्रदर्शन किया गया था। बयान के मुताबिक, टोरंटो में हमारे महावाणिज्य दूतावास ने कार्यक्रम के आयोजकों को इन चिंताओं से अवगत कराया है। हमें यह भी जानकारी मिली है कि कई हिंदू संगठनों ने मामले में कार्वाई के लिए कनाडाई अधिकारियों से संपर्क किया है। इसमें कहा गया है, हम कनाडाई अधिकारियों और कार्यक्रम के आयोजकों से इस तरह की भड़काऊ सामग्री को वापस लेने का आग्रह करते हैं। तमिलनाडु के मदुरै में जन्मी मणिमेकलई ने सोमवार को कहा कि वह जब तक जिंदा हैं, तब तक बेखौफ होकर अपनी आवाज का इस्तेमाल करती रहेंगी। विवाद पर प्रकाशित एक लेख पर प्रतिक्रिया देते हुए मणिमेकलई ने ट्वीट किया, मेरे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। मैं जब तक जिंदा हूं।

### पीटीसी इंडिया का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में दोगुना

*नई दिल्ली।* पीटीसी इंडिया का एकल आधार पर शुद्ध लाभ मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 155.89 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 63.35 करोड़ रुपए था। पीटीसी इंडिया की कुल आय जून, 2022 को समाप्त तिमाही में घटकर 2,833.34 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 3,595.63 करोड़ रुपए थी। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का एकल आधार पर शुद्ध लाभ बढ़कर 424.81 करोड़ रुपए रहा जो 2020-21 में 410.25 करोड़ रुपए था।

### वेंसर इलेक्ट्रिकल्स का कन्वेंशन आयोजित

**नोएडा।** वेंसर इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने बिजनेस कन्वेंशन 2022 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। लगभग 200 डीलरो, वितरकों और अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वेंसर के निदेशक एवं संस्थापक मनोज कुमार चौधरी ने दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने सभा के सामने अपने अमूल्य विचारों का विस्तार किया। इसके बाद इस आयोजन में वेंसर टीम का परिचय हुआ और उनकी विद्युत उद्योग में परिवर्तन लाने के अथक प्रयासों पर बातचीत हुई। यह आयोजन राजधानी लखनऊ में हुआ।

### जून अंत तक यस बैंक का कर्ज 14 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** यस बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसका ऋण या अग्रिम जून, 2022 के अंत में 14 प्रतिशत बढ़कर1,86,598 करोड़ रुपए हो गया, जो जून, 2021 के अंत तक1,63,654 करोड़ रुपए था। . यस बैंक ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान उसका सकल खुदरा ऋण वितरण 30 जून, 2021 तक के5,006 करोड़ रुपए की तुलना में दोगुना से अधिक होकर समीक्षाधीन तिमाही में 11,431 करोड़ रुपए हो गया।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Rishi Kapoor,S/o Shri Krishana Kapoor, R/o E -11 Jangpura Extension South Delhi-110014. I have changed my name from Rishi Kapoor to Rishi K Kapoor For all future purposes.

PD(90122)A

## निर्यात बढ़ाने के लिए किसानों को धान, गेहूं बुवाई बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें राज्य : गोयल

भाषा। नई दिल्ली




**केंद्रीय खाद्य** और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को राज्यों से कहा कि वे किसानों को धान और गेहूं के लिए बुवाई का रकबा बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें, क्योंकि घरेलू उत्पादन बढ़ने से देश का निर्यात भी बढ़ेगा। भारत में खाद्य और पोषण सुरक्षा पर राज्यों के खाद्य मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए गोयल ने राज्य सरकारों से कहा कि वे पुराने खातों के त्वरित निपटान के लिए 2019-20 तक के वित्त वर्षों के लिए अपने लंबित खाद्य सब्सिडी दावों को जल्द से जल्द जमा कराएं। गोयल ने राज्य सरकारों से कहा कि पुराने खाद्य सब्सिडी दावों को निपटाने के लिए केंद्र के पास धन की कोई कमी नहीं है, लेकिन देरी इसलिए हुई क्योंकि राज्य उचित दस्तावेजों के साथ अपने दावे दाखिल नहीं कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने सभी राज्यों से 15 अगस्त तक सभी सहायक कागजात और ऑडिट रिपोर्ट के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक दावा दायर करने वाले राज्यों को 15 अक्टूबर तक उनका बकाया मिल जाएगा। हालांकि, अगर 30 सितंबर तक कागजात दाखिल किए जाते हैं, तो बिना किसी ब्याज के जनवरी, 2023 तक दावों का निपटारा किया जाएगा। गोयल ने कहा, अक्सर राज्य यह कहते हुए हमारे पास आते हैं कि हमारे पास पुराने लंबित सब्सिडी दावे हैं। बहुत बार सब्सिडी के दावे इसलिए नहीं लंबित रहते हैं क्योंकि धन उपलब्ध नहीं है, बल्कि ऐसा इसलिए होता है क्योंकि उनके द्वारा जरूरी आंकड़े नहीं दिए जाते और वे जरूरी ऑडिट नहीं करा पाते हैं। उन्होंने कहा, हम वर्ष 2019-20 तक सभी का बकाया चुकाने के लिए तैयार हैं ... यदि आप आवश्यक दस्तावेजों को जमा कराने के साथ अपना दावे जमा नहीं कराते हैं, तो हम आपके दावों को शून्य मानेंगे और हम 2019-20 तक की ऐसी सभी फाइलों को बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र एक नई सब्सिडी दावा निपटान नीति लेकर आया है और राज्यों से इसपर सुझाव देने को कहा गया है। गोयल ने कहा कि 2020-21 के बाद के दावों को राज्य सरकारों द्वारा ऑनलाइन दायर किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने सभी राज्यों से चावल और गेहूं की बुवाई का रकबा बढ़ाने का भी आग्रह किया।

## शेयर बाजार ने शुरुआती लाभ गंवाया, सेंसेक्स 100 अंक से अधिक नीचे आया

भाषा। मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजार मंगलवार को शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया और कारोबार समाप्त होने से पहले दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, बैंक और आईटी शेयरों में तेज बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 100 अंक से अधिक गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में नकारात्मक रुख का असर घरेलू बाजार पर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 100.42 अंक यानी 0.19 प्रतिशत टूटकर 53,134.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बैंक, धातु, ऊर्जा तथा दवा कंपनियों के शेयरों में लिवाली से यह एक समय 631.16 अंक तक चढ़ गया था। लेकिन कारोबार समाप्त होने से पहले दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, कुछ बैंक और आईटी शेयरों में तेज बिकवाली से बाजार नुकसान में आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 24.50 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,810.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजार में मौजूदा प्रवृत्ति मंदी को लेकर अनिश्चितता का संकेत देती है। साथ ही मौद्रिक नीति को कड़ा किए जाने से भी निवेशकों का भरोसा डगमगा रहा है...। सेंसेक्स के शेयरों में आईटीसी सबसे अधिक 1.73 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा विप्रो 1.58 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.2 प्रतिशत, लार्सन एंड टुब्रो 1.12 प्रतिशत, मारुति 1.1 प्रतिशत और इंडसइंड बैंक 0.98 प्रतिशत नीचे आए। इन्फोसिस, टीसीएस, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लि. भी नुकसान में रहे।

## इडी ने धन शोधन जांच में वीवो, संबंधित कंपनियों के खिलाफ छापा मारा

भाषा। नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय ने मंगलवार को चीनी स्मार्टफोन विनिर्माता वीवो और संबंधित फर्मों के खिलाफ धन शोधन जांच में देशभर में 44 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि एजेंसी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मेघालय, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में वीवो और उससे संबंधित कंपनियों से जुड़े 44 स्थानों पर तलाशी ले रही है। वीवो अधिकारियों के साथ सहयोग कर रही है और उन्हें सभी जरूरी सूचनाएं मुहैया करा रही है। एक जिम्मेदार कॉरपोरेट के रूप में हम कानूनों के पूरी तरह अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध हैं। जांच एजेंसी ने हाल ही में दिल्ली पुलिस द्वारा जम्मू- कश्मीर स्थित एजेंसी के एक वितरक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद धन शोधन का मामला दर्ज किया था।

**Public Notice**

**This is to inform general public that** Mr. Aditya Garg *is* **the owner of** Shop bearing no. 477-A, On Ground floor, area measuring 12.5 sq. mtr. **"said shop"** and Property no. 838, (Old no. 705), (Oddest no. 477-A, area measuring 37.5 sq. yds. part of on Property bearing no. 838, (old no. 705), area measuring 55.74 sq. mtr. Situated at Mohalla Turaavnagar, Ghaziabad Tehsil & Distt, Ghaziabad **vide two separate Gift Deeds both dated** *26.03.2021 Doc Nos. 4509 & 4510*. **Now,** Mr. Aditya Garg **is mortgaging the above property with Shriram City Union finance Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ M9818228636 (M).**

**Public Notice**

**This is to inform general public that** Sh. Harish Kumar S/o late Sh. Suresh Kumar **has acquired the** Property bearing no. B-49, area measuring 50 sq. Yds. out of Khasra no. 211, Situated at Village Ghonda Gujran Khadar, in the Abadi of Gali. No. 11, Gamri Extn. ILLAQA Shahdara Delhi-110053 **vide** Relinquishment Deed dated 06.03.2019, Doc no. 365 **executed by** Smt. Pushpa Devi W/o late Sh. Suresh Kumar & Mr. Suresh Kumar S/o late Sh. Suresh Kumar, **and Now,** Sh. Harish Kumar **is intending to sell the above said property to** Sh. Kamlesh Singh **vide Sale Deed. Further** Mr. Shubham Singh, Mr. Shivam Singh and Mr. Kamlesh Singh are **mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mrs. Jyoti Prasad & Mr. Dina Nath Prasad** who are intend to purchase the Freehold Residential Portion of Plot No. 2 & 4, area measuring 100 Sq. Yds., out of total area measuring 306 Sq. Yds. out of Khasra No.511 situated at Braj Colony, Deepak Vihar, Village Khora, Pragna Loni Tehsil & Distt. Ghaziabad (U.P.); from **Mr. Hasnain Ahmad S/o Sh. Kallu Hasan** who is owner of the aforesaid property by virtue of **Sale Deed Dated 09.12.2020,** which is registered as Doc. No.10339 in the office of Sub Registrar-Ghaziabad-II and intend to mortgage the same against the financial assistance from **Ummeed Housing Finance Private Limited.** That, Original Death Certificate & Surviving Member Certificate (SMC) of Late Mr. Rama Kant are/is not available/ lost/ misplaced. To comply the requirements of BANK/ NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 7 days at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that Shri Iqbal Ahmed S/O Lt. Shri Meharban Ahmed R/o H. No. A-46/3, St. No. 1, Jafrabad, NewSeelampur, Delhi -53, has purchased the ground floor (commercial) and residential third floor of property bearing No. H.No. 229/14-B, Gali No.2, Railway Colony, Mandawali, Delhi – 110092,measuring 50 sq. yard from Ms. Vishakha Pandey D/o Sh. Mahesh Pandey vide registered sale deed dated 16.06.2022 duly registered with SR VIIIAPreetVihar. On behalf our client i.e. Shri Iqbal Ahmed, the undersigned advocate hereby invites claims or objections from other heir/s or claimant/s or objector/s for transfer of the said right, interest, or title in the said property within a period of 14 days from the publication of this notice, with copies of proofs to support the claim/objection at below mentioned address. If no claims/ objections are received within the period prescribed above, it will be presumed and/or deemed that there are no such claims/objections and if any, the same have been abandoned and my client will at the liberty to transfer his legal right in the manner provided under the bye laws and our client will not entertain subsequent claim, if any.

**Tushar Sharma-Advocate**
**B-1/103 Sant Nagar Burari**
**Delhi-110084. Ph.: 9999592027**

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | योगेश सूद, सिम्मी सूद, ए-138, श्याम पार्क एक्सटेंशन, साहिबाबाद, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBDEL00001954891 | फ्लैट नंबर 0806, 8वां तल, टावर-ए-1, यूनिटेक यूनिहोम्स-3, प्लॉट नंबर जीएच 001, सेक्टर-113, नोएडा-201301 | 03-Jun-2022 Rs. 22,09,274/- | 01-03-2022 |
| 2. | विजय कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, एच नंबर जी-230, अल्फा-2, ग्रेटर नोएडा, नोएडा खाता नंबर :- LBDEL00001995912 | प्लॉट नंबर 129, ब्लॉक-जी, सेक्टर-अल्फा-2, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 27-May-2022 Rs. 13,18,398/- | 20-03-2022 |
| 3. | कासीरमन बालसुब्रमणि, सत्यभामा बूबालन, डीडीए बिल्डिंग 22 ए, पाकेट ए 3, मयूर विहार फेज 3, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002080640, LBDEL00002087966 | एलआईजी फ्लैट नंबर 27 डी, पाकेट ए 1, प्रथम तल, कोंडली घड़ोली, मयूर विहार -III, दिल्ली-110096 | 07-Jun-2022, Rs. 22,83,886.99/- Rs. 6,71,275.99/- | 30-06-2020 |
| 4. | गुलशन कुमार, पूनम डांग, एच नंबर 1 जे/71, एनआईटी फरीदाबाद, खाता नंबर :- LBDEL00002119467 | प्लॉट नंबर 1 जे/71, एनआईटी, ब्लॉक-आई, फरीदाबाद-121001 | 03-Jun-2022 Rs. 25,92,637/- | 31-01-2021 |
| 5. | विकास कुमार, राज कुमार यादव, संतोष कुमार शर्मा, आई 2/6 ए, नाग मंदिर रोड, पंडित मूंगा राम भवन, शास्त्री नगर, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002381624 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 46, प्रथम तल, सेक्टर जी-2, पाकेट-2, ब्लॉक डी 6, नरेला, दिल्ली-110040 | 03-Jun-2022, Rs. 12,12,629/- | 07-03-2022 |
| 6. | शेफाली मोदी, गौरव गुप्ता, एच नंबर 5214, भू तल, सर्व प्रिय विहार, नई दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002421112 | फ्लैट नंबर 801, 8वां तल, टावर 12, पार्श्वनाथ प्रिविलेज, प्लॉट नंबर 11, चौरसिया एस्टेट, सेक्टर पाई, ग्रेटर नोएडा-201307 | 07-Jun-2022 Rs. 30,23,040/- | 11-01-2021 |
| 7. | घनेश्वर ठाकुर, मंजू ठाकुर, एच-5/32, सेक्टर-16, रोहिणी, एच-ब्लॉक, पाकेट-5, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002429403 | फ्लैट नंबर 32, प्रथम तल, ब्लॉक एच, पाकेट 5, सेक्टर-16, दिल्ली | 03-Jun-2022 Rs. 15,96,998/- | 05-03-2022 |
| 8. | कविता रानी कुमार, सुरिन्दर कुमार, परीक्षित कुमार, नितिन कुमार, 102, मैत्री अपार्टमेंट, रोहिणी, सेक्टर-9, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002865202, LBDEL00005332071 | फ्लैट नंबर 87, भू तल, ब्लॉक डी, पाकेट 12, सेक्टर-7, रोहिणी, दिल्ली-110085 | 14-May-2022, Rs. 44,76,161.6/- Rs. 23,11,895/- | 03/02/2022 |
| 9. | अनीता, रूपेश दुबे, फ्लैट नंबर सी-504, मोती रेजीडेंसी, निकट मोरटा ग्राम, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबादखाता नंबर :- LBDEL00002900950 | फ्लैट नंबर 504, 5वां तल, टावर सी, मोती रेजीडेंसी, खसरा नंबर 238, ग्राम मोरटा, गाजियाबाद - 201001 | 07-Jun-2022, Rs. 35,23,914/- | 06-05-2021 |
| 10. | रितु, नवीन सिंह सांगवान, एजिलिटी बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट नंबर एम-7, तृतीय तल, एमआईजी कैटेगिरी, स्थित कश्मीर अपार्टमेंट्स, पीतमपुरा, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002951190 | फ्लैट नंबर 415, भू तल, सेक्टर-26, ओमैक्स सिटी, हैप्पी होम्स, रोहतक-124001 | 07-Jun-2022, Rs. 41,00,549/- | 31-05-2021 |
| 11. | ज्योति बत्सल पांडा, बिंदु मेनन, फ्लैट नंबर 2 यूजीएफ, कर्तव्य अपा. प्लॉट नंबर 111/9, किशनगढ़, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002987246, LBDEL00005189956 | फ्लैट नंबर जी-301, तृतीय तल, राज रेजीडेंसी, गौड़ सिटी-2, प्लॉट नंबर 3, सेक्टर-16 सी, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 03-Jun-2022, Rs.13,58,616/- Rs. 10,05,062.98/- | 03-02-2022 |
| 12. | तुषार मुद्गल, अनीशा दुर्गा, एच नंबर 369, सेक्टर-18, इन्द्र नगर, लखनऊ खाता नंबर :- LBDEL00003153649 | फ्लैट नंबर 1201, 12वां तल, मेघदूतम एनकोर टावर सी, एसएस 1 जीएच 05, सेक्टर-निकटस्थ टेकजोन 4, ग्रेटर नोएडा-201307 | 07-Jun-2022 Rs. 51,42,956/- | 02-03-2022 |
| 13. | दीपक गोयल, कीर्ति गोयल, एस-86, दुर्गा मंदिर मार्ग, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00003769496 | फ्लैट नंबर 8242, 24वां तल, एटीएस अल्योर, टावर 8, पाकेट-पी 7, सेक्टर-22 डी, यमुना एक्सप्रेसवे नोएडा, नोएडा-201307 | 07-Jun-2022, Rs. 38,67,633/- | 28-03-2022 |
| 14. | शैली बंसल, हंशा दिनेश चंद्र बंसल, अनिल कुमार शर्मा, सी-4 एफ/102, द्वितीय तल, जनकपुरी बी 1, दिल्ली खाता नंबर :- स्ठक्म00004014496 | फ्लैट नंबर 901, ग्लोबल हिल व्यू, टावर 3, 9वां तल, सोहना, सेक्टर-11, गुरूग्राम, हरियाणा | 27-May-2022, Rs. 19,76,654/- | 08-03-2022 |
| 15. | यति, कविता, ए-127, सेक्टर-55, नोएडा ए ब्लॉक मार्किट, नोएडा, खाता नंबर :- LBDEL00004847175, LBDEL00004848267 | फ्लैट नंबर 1051, 10वां तल, ब्लॉक जी, प्लॉट नंबर जीसी 7/जीएच 01, सेक्टर-04 गौड़ सिटी 1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा-201303 | 03-Jun-2022, Rs. 19,75,272/- Rs.1,81,316/- | 02-03-2022 |
| 16. | सीमा लाकरा, पवन कुमार, फ्लैट नंबर जीएच-2/403, प्रथम तल, सेक्टर-28, बागबां अपार्टमेंट, रोहिणी, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00004961279 | सम्पत्ति सं. 74 एवं 75, तृतीय तल, छत के अधिकार नहीं, पाकेट-4, ब्लॉक जी, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली-110085 | 07-Jun-2022, Rs. 39,51,282/- | 06-04-2021 |
| 17. | मेघा कौल, युगल हांडा, 15/5, अशोक नगर, वेस्ट दिल्ली, नई दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00005152133 | फ्लैट नंबर एच-806, ऑक्सीरिच संस्कृति, फेज-2, टावर एच, 8वां तल, ग्राम थाडा तहसील, तिजारा अलवर, भिवाडी, राजस्थान-301019 | 03-Jun-2022, Rs. 23,01,059/- | 07-03-2022 |
| 18. | घनेश्वर ठाकुर, मंजू ठाकुर, एच-5/32, सेक्टर-16, रोहिणी, एच-ब्लॉक, पाकेट-5, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00005335850 | फ्लैट नंबर 32, प्रथम तल, ब्लॉक एच, पाकेट 5, सेक्टर-16, दिल्ली | 03-Jun-2022, Rs. 3,48,610/- | 05-03-2022 |
| 19. | ममता वर्मा, रवि कांत वर्मा, 2379, द्वितीय तल, अरावली विहार, सैनिक कालोनी, सेक्टर-49, फरीदाबाद खाता नंबर :- LBFDB00002434444, LBFDB00003071627 | प्लॉट नंबर 34/1, ब्लॉक डी, बुलंद शहर रोड औद्योगिक क्षेत्र, गाजियाबाद-201002 | 07-Jun-2022, Rs. 33,77,288/- Rs. 1,49,481/- | 31-10-2020 |
| 20. | कमलेश कुमार, अर्चना सिंह, एच नंबर 03, गली नंबर 07, धीरज नगर पार्ट -2, ऐतमादपुर, निकट बीबीएल स्कूल, फरीदाबाद खाता नंबर :- LBFDB00004904282 | फ्लैट नंबर एफ-1201, 12वां तल, टावर एफ, सेक्टर-75, टेरा लैविनियम, फरीदाबाद-121001 | 03-Jun-2022 Rs. 14,99,114/- | 05-03-2022 |
| 21. | रूचि गोयल, बृजभूषण गोयल, एच नंबर 183-बी, गली नंबर 5, आदर्श नगर, बल्लभगढ़, फरीदाबाद खाता नंबर :- LBFDB00004923389, LBFDB00005293742 | फ्लैट नंबर सी-1106, मेलबरी काउंटी, सेक्टर-70, 11वां तल, फरीदाबाद-121001 | 07-Jun-2022 Rs. 25,73,005.77/- Rs.1,30,038.67/- | 05-03-2022 |
| 22. | शम्मी चढ्ढा, संगीता चढ्ढा, ए-299, द्वितीय तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली खाता नंबर :- LBGHZ00001496440 | फ्लैट नंबर क्यू/1202, प्लूमेरिया गार्डन एस्टेट, ग्रेटर नोएडा, नोएडा-201301 | 03-Jun-2022 Rs. 1,50,864/- | 10-03-2022 |
| 23. | अमिता यादव, अजय यादव, एच/एन डी-5/532, निकट हमदर्द, गली नंबर 5, पब्लिक स्कूल, संगम विहार, साउथ दिल्ली, नई दिल्ली खाता नंबर :- LBGHZ00004736650 | फ्लैट नंबर 3के 0606, छठा तल, निलया ग्रीन्स, खसरा नंबर 1015, 1023/1 तथा 1023/2 और 1023 एमआई मोरटा, एनएच-58, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 27-May-2022 Rs. 19,07,064/- | 09-03-2022 |
| 24. | राकेश, हरेन्दर कुमार, फ्लैट नंबर 909, भारत सिटी फेज-I, लोनी, 9वां तल, टावर ई, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBGHZ00004922541 | फ्लैट नंबर 909, 9वां तल, भारत सिटी फेज-I, लोनी, ब्लॉक/टावर ई-1, ग्राम निस्तौली, गाजियाबाद | 07-Jun-2022 Rs. 35,92,187/- | 06-04-2021 |
| 25. | हर्ष पाल सिंह, सुनीता, फ्लैट नंबर 15-ए, अभय खंड 4, इंदिरापुरम, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBGHZ00005214600 | फ्लैट नंबर पी 1 0101, प्रथम तल, टावर पी 1, प्लॉट नंबर 4 बी एस-01 बी एस -05, सिद्धार्थ विहार, एनएच-24, गाजियाबाद-201001 | 03-Jun-2022 Rs. 21,72,048/- | 07-03-2022 |
| 26. | आइवर लॉरेंस पशेको, नीलोफर आइव पशेको, सी-205, नीलगिरि कस्टम कालोनी के सामने, ऑफ मारोल मिलिटरी रोड, बामंडयापाडा, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई, खाता नंबर :- LBGUR00003172940 LBGUR00003213837 LBMUM00001194600 LBMUM00001905824 | फ्लैट नंबर 205, द्वितीय तल, सी विंग, नीलगिरि बिल्डिंग बामंडयापाडा, मिलिटरी रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-400072 | 14-May-2022 Rs.17,99,222/- Rs.2,55,740/- Rs.13,43,679/- Rs.2,57,727/- | 03/01/2022 |
| 27. | गोपाल सिंह, नीतिका, 2832, पालम विहार, सेक्टर-23, कार्टरपुरी उर्फ दौलतपुर नसीराबाद 63, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर :- LBGUR00003532926 | फ्लैट नंबर 1907, 19वां तल, टावर टी 1, सुपरटेक अजालिया, स्कारलेट सेक्टर-68, गुरूग्राम, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन, गुरूग्राम-122001 | 07-Jun-2022 Rs. 27,18,331/- | 02-03-2022 |
| 28. | संजय सचदेवा, मंजू सचदेवा, फ्लैट नंबर 704, टावर 4, विपुल लावण्या, सेक्टर-81, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर :- LBGUR00005201580 | दुकान नंबर 215, द्वितीय तल, ब्लॉक डी, सुशांत टावर, सेक्टर-56, गुरूग्राम-122001 | 27-May-2022 Rs. 16,40,781/- | 12-03-2022 |
| 29. | शम्मी चढ्ढा, संगीता चढ्ढा, शम्मी क्रेन्स प्रा. लि., ए-299, द्वितीय तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली खाता नंबर :- LBNOD00001326662 | फ्लैट नंबर आर-1402, 12वां तल, प्लूमेरिया गार्डन एस्टेट, जीएच-01, सेक्टर-यूनिक्रोन-III, ग्रेटर नोएडा, नोएडा-201301 | 03-Jun-2022 Rs. 11,93,691/- | 10-03-2022 |
| 30. | शिवाजी मिश्रा, सुमित देवराज मिश्रा, शीला देवी, बी-3 603, कृष्णा अप्रा गार्डन्स, शिप्रा मॉल के सामने, इंदिरापुरम, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBNOD00001908635 | फ्लैट नंबर 0806, 8वां तल, टावर जीप, यूनिहोम्स फेज-2, जीएचपी-0001, सेक्टर-117, नोएडा-201301 | 07-Jun-2022 Rs. 32,25,146/- | 11-03-2022 |
| 31. | सुनील अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, एच नंबर 792, पाकेट ई, सेक्टर-21, गुरुग्राम, हरियाणा खाता नंबर :- LBNOD00002015526 | फ्लैट नंबर 601, सी 2 टावर, गोल्फ विलेज, गोल्फ कंट्री, टीएस-5, सेक्टर-22डी, यमुना एक्सप्रेसवे, जीबी नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 | 03-Jun-2022 Rs. 19,25,274/- | 11-05-2021 |
| 32. | बीरपाल सिंह राजपूत, आरती सिंह, बिनोद कुमार, फ्लैट नंबर डी-112, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-18 ए, द्वारका, क्यूरेंट अपार्ट. नई दिल्ली खाता नंबर :- LBNOD00002041026 | फ्लैट नंबर जीडीआई0171603, विश टाउन, गार्डन आइजल्स, जेपी ग्रीन्स, सेक्टर-133, नोएडा-201301 | 07-Jun-2022 Rs. 42,60,471/- | 30-09-2018 |
| 33. | सुनील खांटवाल, ललिता खांटवाल, ए 538, सेक्टर-47, नोएडा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBNOD00002105305 | फ्लैट नंबर क्यू 202, टावर क्यू, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर जीएच 02, अजनारा ली गार्डन, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201307 | 03-Jun-2022 Rs. 22,06,523/- | 11-03-2022 |
| 34. | रियाज अहमद, ऐजाज अहमद एवं इलेवन मीडिया प्वाइंट प्रा. लि., बी-46, विजय पार्क, मौज पुर, गली नंबर 23, दिल्ली खाता नंबर :- LBNOD00002342662 | फ्लैट नंबर 2702, 26वां तल, टावर ए 1, विक्टरी एस, टावर ए 1 और ए 2, पाकेट 2, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-143, नोएडा-201301 | 07-Jun-2022 Rs. 66,68,806/- | 31-12-2018 |
| 35. | नरेश पाल सिंह, लता सिंह, 366 ए, रीजेंट शिप्रा सन सिटी, इंदिरापुरम, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBNOD00002435586 | मकान नंबर 365 ए, भू तल, एमआईजी शिप्रा सन सिटी, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201001 | 07-Jun-2022 Rs. 36,97,625/- | 31-12-2020 |
| 36. | कपिल शर्मा, ऋषि कुमार शर्मा, एच नंबर 753, सेक्टर-64 बल्लभगढ़, फरीदाबाद खाता नंबर :- LBNOD00004128218 | प्लॉट नंबर 753, भू तल, सेक्टर-64, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद -121001 | 07-Jun-2022 Rs. 39,44,422/- | 03-04-2021 |
| 37. | सुदर्शन सिंह, दलजीत कौर, बी-90, गली नंबर 8, ईस्ट आजाद नगर, कृष्णा नगर, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली खाता नंबर :- LBNOD00004406611 | प्लॉट नंबर 110, भू तल, ब्लॉक बी, नंदग्राम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201001 | 03-Jun-2022 Rs. 25,42,526.92/- | 06-05-2021 |
| 38. | दीपक कुमार घोजिया, ममता, मकान नंबर एफ 155, निकट न्यू चौपाल ढाका, डा. मुखर्जी नगर, दिल्ली खाता नंबर :- LBNOD00005075429 | फ्लैट नंबर सी/004, टावर 73, एसपीएलएस आवासीय योजना, ब्लॉक सी के, जल निगम रोड, गोविंदपुरम, परगना डासना, तहसील और जिला गाजियाबाद, गाजियाबाद-201001 | 07-Jun-2022 Rs. 26,35,296/- | 07-03-2022 |
| 39. | अजय शुक्ला रंजना शुक्ला, डी 13/6, सेक्टर-71, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, खाता नंबर :- LBNOD00005178339 | फ्लैट नंबर 40 डी, ब्लॉक 10, सेक्टर-73, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 | 27-May-2022 Rs. 11,11,989/- | 07-03-2022 |
| 40. | पूनम शर्मा, उमाकांत शर्मा, यूउएस ट्रेडर्स प्रा. लि., 1/11152-बी, जीआईएफ, पंचशील गार्डन, नवीन शाहदरा, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00004227668, LBDEL00004291302 | फ्लैट नंबर सी/906, 9वां तल, डी बी सिटी ग्वालियर, ब्लॉक सी, निकट शारदा बाल ग्राम सिटी सेंटरी हूरावली लिंक रोड, ग्वालियर | 07-Jun-2022 Rs.31,60,282/- Rs.3,24,364/- | 27-02-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 06 जुलाई, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 6 जुलाई, 2022



# पौधरोपण और उसके संरक्षण में हो जन-जन की भागीदारी

● डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ कनिहार झूंसी में किया पौधरोपण

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**प्रयागराज** में मंगलवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कनिहार झूंसी में आयोजित हुआ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जन प्रतिनिधियों के साथ पौधरोपण किया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश इस बार एक इतिहास रचने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस बार कुल 35 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण एवं वृक्षों के संरक्षण के लिए जन जन की भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के लिए जो भी लक्ष्य मिला है। उसको सभी लोग मिलकर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं कर्मचारी कम से कम एक वृक्ष को गोद के रूप में अवश्य ले तथा उस वृक्ष की संतान की भांति देखभाल करें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण में उत्तर प्रदेश गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करा चुका है। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण को संतुलित बनाये रखते है तथा पर्यावरण प्रदूषण को रोकने में मदद करते है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के लिए खिलौने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रदान किए गए। सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल ने कहा कि यह बहुत ही सुखद क्षण है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री से कहा कि इस क्षेत्र को एक पार्क के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिसमें वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कहा कि सभी लोग अपने सबसे प्रिय के नाम से एक वृक्ष अवश्य लगाएं। कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है। इस अवसर पर विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल ने कनिहार वृक्षारोपण क्षेत्र को पार्क के रूप में विकसित किए जाने के लिए उप मुख्यमंत्री से अनुरोध किया। इसके पूर्व जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम में इस बार जनपद में वृक्षारोपण का कुल लक्ष्य लगभग 70,96,088 निर्धारित किया गया है। जिसमें आज लगभग 50,68,608 पौधों को रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम स्थल कनिहार में आज एक हजार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा लोगों को वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेई विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या भाजपा के गंगापार अध्यक्ष अश्वनी कुमार दुबे जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए नामित नोडल अधिकारी प्रबंध निदेशक जल निगम सचिव नगर विकास अनिल कुमार आईजी डा राकेश सिंह जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान नगर आयुक्त चंद्रमोहन गर्ग मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चन्द्र आदि ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम का संचालन रंजना त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# प्रभारी मंत्री ने जनपद में पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ



पौधरोपण करते प्रभारी मंत्री

● शहर से लेकर गांवों में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी मे किया गया पौधरोपण

● अभियान के प्रथम दिन 20 लाख 18 हजार पौधारोपण का था लक्ष्य

संवाददाता। मऊ

**वन महोत्सव** 2022 के तहत मंगलवार को जनपद में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंहए नोडल अधिकारी विजय विश्वास पंत मंडलायुक्त आजमगढ़ए जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे द्वारा जनपद मुख्यालय स्थित जिला पंचायत गेस्ट हाउस परिसर में पौधारोपण कर किया गया। पौधरोपण अभियान के शुभारंभ के उपरांत प्रभारी मंत्री ने बताया की वृक्षारोपण अभियान मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके तहत पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधारोपण किया जाना है एवं जनपद मऊ में 28 लाख से ज्यादा का लक्ष्य निर्धारित है। इस अभियान की सफलता के लिए शासन एवं प्रशासन पूरी मेहनत कर रहा है।हमें उम्मीद है हम अपने लक्ष्य को अवश्य हासिल करेंगे।

पौधरोपण अभियान के तहत 5ए 6ए7 जुलाई एवं 15 अगस्त को कुल 28 लाख 25 हजार 130 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें से अभियान के प्रथम दिन 05 जुलाई को 20 लाख 18 हजार पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया हैए जो कुल निर्धारित लक्ष्य का लगभग 70 प्रतिशत है। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को भी पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कार्य के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर एक मास्टर प्लान तैयार कर वृक्षारोपण कार्य किया गया। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए पूरे जनपद को कई ज़ोन एवं सेक्टरों में विभाजित कर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की गयी थी। इस दौरान वृक्षारोपण अभियान से जुड़े विभागों के नोडल अधिकारी इस अभियान की सफलता पर लगातार नजर रखे हुए थे। वृक्षारोपण के दौरान जियो टैगिंग का कार्य भी किया जाना हैए जिससे वृक्षारोपण की वास्तविकता पर नजर रखी जा सके। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री नुपूर अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीराम सिंह वर्मा, अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, डीएफ्ओ जीसी प्रभु भाई, नगर मजिस्ट्रेट त्रिभुवन, उप जिलाधिकारी सदर हेमंत चौधरी, तहसीलदार संजीव कुमार, क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रा सहित भाजपा जिला इकाई के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शौचक्रिया को गयी महिला की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या

● घटना की जानकारी मिलते ही एसपी पहुंचे मौके पर, पुलिस बोली प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा

संवाददाता। जालौन (उरई)



घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़ व मृतका धनवंती की फाइल फोटो

**सोमवार की** रात शौच क्रिया के लिए गई महिला की अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। एसपी ने भी मौके पर जाकर मुआयना किया। फोरेंसिक टीम ने नमूने लिए।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी धनवंती कुशवाहा (45) पत्नी रामगोपाल ने सोमवार की रात करीब 8 बजे पति को बताया कि वह शौचक्रिया के लिए जा रही है। गांव के बाहर तालाब किनारे एक बगीचे में धनवंती शौच के लिए चली गई। इसके बाद करीब साढ़े 9 बजे तक जब धनवंती घर वापस नहीं लौटी तो पति ने उसकी तलाश शुरू की। पति रामगोपाल अपने भतीजे शिवशंकर के साथ पत्नी धनवंती को तलाशते हुए जब बगीचे में पहुंचा में तो धनवंती मृत अवस्था में जमीन पर पड़ी थी। गर्दन पर किसी धारदार हथियार से वार किया गया था जिससे मौके पर खून पड़ा हुआ था। पत्नी की हत्या हुई देखकर पति रामगोपाल प्रधान के घर पहुंचा ओर उन्हें घटना की जानकारी दी। प्रधान कौशलेंद्र शरण दुबे ने तत्काल इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ उमेश पांडेय, कोतवाल शैलेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम वीरेंद्र पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। जिसके बाद एसपी रवि कुमार और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। फोरेंसिक टीम ने माके से नमूने लिए जिन्हें परीक्षण के लिए भेजा गया। एसपी को पति रामकुमार ने बताया कि वह घर पर था पत्नी शौच के लिए गई थी। इसी दौरान किसी ने पत्नी की हत्या कर दी। इस संदर्भ में कोतवाल शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पति की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस धनवंती के हत्यारों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। बता दे, धनवंती के चार पुत्रियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। एक 19 वर्षीय पुत्र विवेक है, जो गुजरात में रहकर पानी पूरी का काम करता है। सूचना मिलने पर वह भी घर आ रहा है। रामगोपाल के पास 4 बीघा जमीन है। जिस पर वह खेती बाड़ी का काम करता है। वहीं, ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि धनवंती की हत्या प्रेम प्रसंग को लेकर भी हो सकती है। इसको लेकर पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था। उक्त संदर्भ में इंस्पेक्टर क्राइम वीरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का ही प्रतीत हो रहा है। हत्या की हर पहलू को लेकर जांच की जा रही है। जांच में जो उचित होगा उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## वैन की टक्कर से कई लोग घायल, वाहन पलटा

**कुरारा (हमीरपुर)।** स्थानीय बेरी तिराहा के पास सुबह दस बजे ठेला लगाकर समोसा पकौड़ा तल रहे मजदूर के ठेले पर वैन चालक ने टक्कर मार दिया।जिससे तीन लोग घायल हो गए, बाइक भी क्षतिग्रस्त होगयी है। कई लोग बाल बाल बच गए। तथा चालक गाड़ी भगाकर लेगया तथा चकोठी गांव के तालाब के पास पलटा दिया। कस्बे के निवासी बनवारी ठेले पर नाश्ता के लिए समोसा पकौड़ा बनाता है। सुबह जब वह अपना ठेला लगाकर समोसा बना रहा था। तभी हमीरपुर तरफसे बेरी गांव की तरफजा रही वैन के चालक अमित निषाद ने लापरवाही से मोड़ते समय ठेले में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसका ठेला पलट गया। तथा उसके कड़ाही का गर्म तेल उसके ऊपर गिर गया। जिससे वह झुलस गया। तथा ठेले में समोसा खा रहे दपसौरा गाँव के मजरा गज्जा का डेरा निवासी कन्हैया भी चपेट में आ गया। वह बेरी गांव से निमंत्रण करके वापस गांव जा रहा था।

## बस की चपेट में आने से साइकिल सवार पिता-पुत्र की मौत

**बदायूं (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के बिसौली कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को बेटे को विद्यालय में दाखिला दिलाने के बाद साइकिल से घर लौट रहे पिता-पुत्र की एक बस की चेपट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पनौड़ी निवासी पप्पू सिंह (50) अपने पुत्र अविचल (14) को एमएल इंटर कालेज में कक्षा नौ में दाखिला दिलाने के बाद बेटे को साथ लेकर साइकिल से वापस गांव लौट रहा था। उन्होंने कहा कि राजमार्ग पर गांव मदनजुड़ी के समीप तेज गति से आ रही बस ने दोनों को रौंद दिया। वर्मा ने बताया कि इस हादसे में पुत्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि पिता को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त गांव पनौड़ी की ही दो छात्राएं काजल और रितु भी नगर के एक निजी स्कूल से पढ़कर घर लौट रहीं थीं और इस बस ने उन दोनों छात्राओं को भी टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि छात्राओं को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि काजल कक्षा नौ व रितु कक्षा सात की छात्रा है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद बस सड़क किनारे खाई में जा गिरी और बस के चालक व क्लीनर मौके से फरार हो गए।

## प्रधानों ने ब्लाक कार्यालय में ताला डाल किया प्रदर्शन

**सुमेरपुर।** मनरेगा के कार्यों का भुगतान न होने से खण्ड विकास अधिकारी से नाराज ग्राम प्रधान संघ ने मंगलवार की सुबह ब्लॉक कार्यालय में ताला लगाकर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया, किंतु बाद में ब्लाक प्रमुख की पहल पर दोपहर को धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। बाद में पहुंचें सदर विधायक ने प्रधानों से वार्ता करके उनकी शिकायत दूर करने का आश्वासन दिया। बीडीओ की कई मर्तवा धांधली की शिकायत हो चुकी है। केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से संबंधित कार्य ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना केतहत महत्वपूर्ण कार्य कराए जा रहे हैं, किंतु कार्यों का भुगतान न होने से नाराज प्रधान संघ ने मंगलवार की सुबह ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर वहां ताला लगाकर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया, जिससे मगंलवार को बृहद पौधारोपण का अभियान को करारा झटका लगा, जब पंचायत सचिव पौधारोपण का कार्य प्रधानों के सहयोग के बिना सही ढंग से संपादित कराने में सक्षम नहीं दिखे, धरना प्रदर्शन कर रहे प्रधान संघ का आरोप था कि खण्ड विकास अधिकारी द्वारा भुगतान न किए जाने से मनरेगा के लिए में आगे समस्या आ सकती है, इसलिए बीडीओ को हटाया जाना चाहिए, नारेबाजी के साथ धरने पर बैठे प्रधान संगठन के बीच पहुंचें ब्लॉक प्रमुख ने उनकी समस्याओं को सुनकर तीन दिन के अंदर उनका समाधान कराने का आश्वासन दिया तो सुबह शुरु हुआ धरना प्रदर्शन दोपहर में समाप्त कर दिया गया, तब सभी ब्लॉक कर्मी अपने अपने कार्य पटल पर जाकर आवश्यक कार्य निपटाने शुरू किए। ग्राम प्रधानो द्वारा धरना प्रदर्शन किए जाने की खबर पाकर ब्लॉक पहुंचें सदर विधायक डाक्टर मनोज प्रजापति ने ग्राम प्रधानों से वार्ता करके उनकी समस्या का यथाशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया, इस अवसर पर प्रधानों ने बीडीओ और सहायक लेखाधिकारी पर गम्भीर आरोप लगाए, तो विधायक ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## श्रेष्ठ संगठन से ही श्रेष्ठ राष्ट्र का होता है निर्माण: शिवराम

● आरएसएस के वन विहार कार्यक्रम में जुटे स्वयं सेवक

**जालौन (उरई)।** व्यक्ति श्रेष्ठ नहीं होता है बल्कि संगठन श्रेष्ठ होता है और संगठन से राष्ट्र श्रेष्ठ होता है। इसीलिए भारत माता की जय बोला जाता है। यह बात आरएसएस के वन विहार कार्यक्रम में जिला सह संघ चालक शिवराम ने कही। आरएसएस का वन विहार कार्यक्रम स्थानीय स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित जिला सह संघ चालक शिवराम ने कहा कि आरएसएस व्यक्ति से श्रेष्ठ संगठन और संगठन से भी श्रेष्ठ राष्ट्र को मानता है। क्योंकि राष्ट्र से ही हम सबका अस्तित्व है। इसलिए राष्ट्र को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए भारत माता की जय का उद्बोधन दिया जाता है। जिला कार्यवाह गौतमजी ने कहा कि आज वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण हमारे लिए एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इस पर रोक लगनी चाहिए। तेजी कट रहे पेड़ों की भरपाई के लिए हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। जिला प्रचारक शिवम ने कहा कि वन विहार कार्यक्रम के अंतर्गत नए व पुराने कार्यकर्ताओं में पूरे वर्ष कार्य करने की ऊर्जा का संचार किया जाता है। अंत में सहभोज के साथ वन विहार कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर जिला व्यवस्थ प्रमुख मोहित, समग्र ग्राम प्रांत प्रमुख महेश, नगर संघ चालक अशोक, नगर कार्यवाह सीताराम, सह नगर कार्यवाह रामेंद्र, नगर प्रचार प्रमुख अंशुल, नगर प्रचारक साहिबजी, कौशल, अभय प्रताप, सोनू चौहान, वाचस्पति मिश्रा, अनूप, दीपक, अन्नी आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री के पॉलीथिन मुक्त अभियान को प्रभावी बनाने को की पहल

● छोटे व्यापारियों को वितरित किये कपड़े व कागज के थैले

संवाददाता। चित्रकूट



छोटे व्यापारियों को कपड़े व कागज के थैले देते शानू गुप्ता

**राष्ट्रीय जनउद्योग** व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता की अगुवाई में पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पॉलीथिन मुक्त भारत अभियान को प्रभावी बनाने को शहर में विभिन्न स्थानों पर कपडे व कागज के थैलों का नि:शुल्क वितरण किया।

मंगलवार को व्यापारी नेता शानू गुप्ता की अगुवाई में व्यापारियों ने जिला मुख्यालय के ट्राफिक्र चौराहा से प्रयागराज हाईवे मार्ग पर हाथ ठेले वाले मध्य वर्गीय व्यापारियों को कपडे व कागज के थैले नि:शुल्क बांटे। फल, सब्जी, किराना, दूध, गुमटी, होटल वालों को विशेष रुप से जागरूक कर कहा कि आम जनता को पॉलीथिन मुक्त करने को जागरूक करें। व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि पॉलीथिन पूर्णतया प्रतिबंधित है। यह मानव के लिए सबसे हानिकारक है। जानवर भी इसे खाकर बीमार होते हैं। सभी को पॉलीथिन त्यागना होगा। उन्होंने कहा कि कपडे व कागज के थैलों को अपनाना होगा, ताकि हमारी आने वाली पीढियां जागरूक रहें और उनकी सुरक्षा हो सके। इस मौके पर जिला स्वच्छता समन्वयक शिवा कुमार, व्यापारी नेता सुनील हड्डू, विनोद केशरवानी, शेपू जायसवाल, विनोद आर्या, विष्णू गुप्ता, सुनील जायसवाल, शकुन्तला गुप्ता, नन्दकिशोर गुप्ता, अमित गुप्ता, स्वतंत्र गुप्ता, राजेन्द्र मामा आदि मौजूद रहे।

## युवती को अगवा कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 21 वर्षीय युवती को कथित रूप से अगवा कर उसके साथ दो माहीने तक बलात्कार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उभांव थाना के प्रभारी अविनाश सिंह ने मंगलवार को बताया कि उभांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 21 वर्षीया युवती को दो माह पहले इसी थाना क्षेत्र के कुंडैल गांव के रहने वाले मोइन इराकी ने कथित रूप से अगवा कर लिया तथा उसे लखनऊले गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद शादी का झांसा देकर उसके साथ कथित रूप से बलात्कार किया। युवती के पिता की तहरीर पर मोइन के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धाराओं में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी मोइन को मंगलवार को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया है।

## खड़े ट्रक से रोडवेज बस की टक्कर में युवक की मौत

**मथुरा (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जैत थाना क्षेत्र में दिल्ली से आगरा जा रही रोडवेज की बस सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई जिससे इस घटना में एक युवक की मौत हो गई और चालक समेत दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार हादसा सोमवार की आधीरात करीब 12 बजे हुआ। उन्होंने कहा कि ईदगाह डिपो की एक बस दिल्ली से लौट रही थी और यह दुर्घटना जैंत थाना क्षेत्र में हाईवे स्थित संजय कॉलेज के सामने हुई। उन्होंने बताया कि बस में सवार युवक की मौके पर मौत हो गई, मृतकों की पहचान आगरा के थाना बाह के नरहोलीपुरा निवासी देवेंद्र (25) के रूप में हुई। इस हादसे में बस चालक कृष्णकांत और बस में बैठे रवि गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया।

# धरा को हरा-भरा करना हमारा नैतिक कर्तव्य: जेपीएस राठौर

● मरौली झील पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता ने किया पौधरोपण

संवाददाता। बांदा





**सरकार द्वारा** चलाये जा रहे महत्वाकांक्षी पर्यावरण एवं हरीतिमा संरक्षण में वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत प्राण वायु उत्पन्न करने वाले पौधों का रोपण आज वन प्रभाग बांदा द्वारा ग्राम पंचायत मटौंध ग्रामीण परमपुरवा के पास विकास खण्ड बडोखर खुर्द की मरौली झील पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता जेपीएस राठौर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग रहे।मुख्य अतिथि जेपीएस राठौर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरी भरी ये धरा, हरी भरी वसुन्धरा, इस धरा को हरा भरा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जनपद में चलाये जा रहे अभियान में नदियों एवं तालाबों के जीर्णोद्धार में जनपद के अधिकारियों ने मिट्टी को निकालकर सिर पर रख ढोने का कार्य किया है यह बहुत प्रशंसनीय कार्य है। कभी कभी छोट छोटे कार्य बहुत बडा स्वरूप ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि मौसम के अनुकूल इस बार वृक्षारोपण कर इस अभियान को एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। यह वृक्षारोपण अभियान आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पेड लगाना महत्वपूर्ण नही बल्कि उन्हें संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जो जमीन वनों के लिए हो उनमें जाली लगाकर पौधों का संरक्षण किया जाये। उन्होंने माताओ बहनों को इस अभियान में जुडने का आहवाहन किया

इस वर्ष प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण करने का लक्ष्य है, जिसमें जनपद बांदा में 5288580 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसमें वन विभाग द्वारा 1339140 तथा अन्य विभागों द्वारा 3949440 है, जिसमें शासन के निर्देशानुसार आज जनपद में 3851966 पौधों का रोपण बृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया है। 6 जुलाई 2022 को 378000 तथा 15 अगस्त 2022 को 756000 पौधों का रोपण कर धरती को हरे श्रृंगार के रूप में सजाया जायेगा। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा द्वारा जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में एक एक बाल वन युवा वन की स्थापना की जायेगी तथा जनपद बांदा की विधान सभा तिन्दवारी के ग्राम सिंहपुर में रमेश पटेल की निजी भूमि पर 200 पौधों का रोपण कर शक्ति वन की स्थापना की जायेगी। इसके साथ ही वहीं पर 300 पौधों का रोपण कर फलोद्यान वन की स्थापना की जायेगी तथा जनपद बांदा में पर्यावरण विभाग द्वारा 4 स्थलों पर मियावाकी पद्धति से वृक्षारोण कराया जायेगा।

इस अवसर पर राज्यमंत्री जेपीएस राठौर के द्वारा मरौली झील अमृत सरोवर के भीठों पर पारिजात का पौधा लगाकर हरियाली का सन्देश दिया। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग द्वारा भी पारिजात के वृक्ष का रोपण किया गया। विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी द्वारा कचनार के पौधे का रोपण किया गया तथा जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल द्वारा आम के पौधे का रोपण किया गया एवं मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्या द्वारा पीपल के पौधे का रोपण तथा जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह द्वारा चकेसिया के पौधे तथा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वन्दना गुप्ता द्वारा कचनार के पौधे का रोपण किया गया एवं नगर मजिस्ट्रेट केशव नाथ गुप्ता बांदा द्वारा जामुन के पौधे का रोपण किया गया तथा मटौंध के नत्थूराम प्रजापति के पुत्र अजीत कुमार प्रजापति जो वर्ष 2000 में पाकिस्तान से गोरिल्ला युद्ध करते अदम्य साहस एवं वीरता का सन्देश देते हुए राजौरी में शहीद हुए थे उनकी पत्नी रानी देवी द्वारा पीपल के पौधे का रोपण किया गया तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रिन्सी मौर्या द्वारा उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा मंत्री द्वारा शॉल एवं नारियल भेंटकर सम्मानित किया गया तथा हर सम्भव मदद का आश्वासन भी दिया गया।

# बेयरस्टॉ-रूट ने इंग्लैंड को दिलाई रिकॉर्ड जीत

**● भारत को 7 विकेट से हराया, पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर की**



**भाषा।** बर्मिंघम

**कठिन लक्ष्य** को आसानी से हासिल करने के फन में माहिर हो चले जॉनी बेयरस्टॉ और जो रूट ने भारत के नामचीन गेंदबाजी आक्रमण को धता बताते हुए इंग्लैंड को टेस्ट क्रिकेट में उसके सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट से जीत दिलाई और पांच मैचों की श्रृंखला 2 -2 से बराबर की। इंग्लैंड ने इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 से जीती श्रृंखला में 278, 299, 296 रन के लक्ष्य को हासिल करके जीत दर्ज की थी। चौथे दिन भारत के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट लेकर इंग्लैंड पर दबाव बनाने की कोशिश की थी लेकिन आखिरी दिन मंगलवार को इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने अंगद के पांव की तरह क्रीज पर डटे रहकर जीत दर्ज की। बुमराह को छोड़कर समूचा भारतीय आक्रमण इन दोनों के सामने बौना साबित हुआ। इंग्लैंड ने पांचवें दिन 119 रन का लक्ष्य 19 . 4 ओवर में हासिल कर लिया। कप्तानी छोड़ने के बाद से शानदार बल्लेबाजी कर रहे रूट 142 रन बनाकर नाबाद रहे जो उनका 28वां शतक है। उन्होंने बेयरस्टॉ (नाबाद 114) के साथ 269 रन की अटूट साझेदारी की। पहली पारी में 106 रन बनाने वाले बेयरस्टॉ ने एक और यादगार पारी खेलकर कोच ब्रेंडन मैकुलम के आक्रामकता के फलसफे को नए मायने दिए। रूट पिछली आठ पारियों में 11, नाबाद 115, 176, 3,5, नाबाद 86, 5 और नाबाद 142 रन बना चुके हैं। वहीं बेयरस्टॉ ने।,16,8,136,162, नाबाद 71 , 106 और नाबाद 114 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका से दो मैच हारने के बाद भारत की यह लगातार तीसरी हार है। पहली पारी में 132 रन की बढ़त बनाने के बाद भारत को यह हार बहुत खलेगी। इससे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष दो में रहने की भारत की उम्मीदों को भी झटका लगेगा। इस हार के बावजूद बतौर कप्तान अपने कैरियर के पहले मैच में बुमराह ने प्रभावित किया। जीत के लिए 378 रन का लक्ष्य देने के बाद फील्ड का जमावड़ा बेहतर होना चाहिए थे। राहुल द्रविड़ के कोच बनने के बाद से भारत ने विदेश में चार में से तीन टेस्ट गंवाए हैं और परंपरावादी बल्लेबाज रहे द्रविड़ के लिए यह अच्छी शुरूआत कतई नहीं है। बल्लेबाज इक्के दुक्के रन आसानी से लेते रहे और दबाव हटने पर खुलकर खेले। क्षेत्ररक्षकों के बीच जगह तलाशना उनके लिए चुनौतीपूर्ण नहीं रहा। भारत के तीसरे और चौथे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर प्रभावित नहीं कर सके और रविंद्र जडेजा को भी विकेट नहीं मिले। यह सवाल उठना लाजमी है कि रविचंद्रन अश्विन पर ठाकुर को तरजीह क्यो दी गई। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने कुल 50 बाउंड्री लगाई जिसमें 48 चौके और दो छक्के शामिल थे। विराट कोहली की आक्रामकता काबिले तारीफ है लेकिन अब सवाल उठने लगे हैं कि कई बार इसका उलटा असर भी होता है। बेयरस्टॉ को उनके उकसाने का नतीजा सामने है। बल्लेबाजी में शुभमन गिल से पारी की शुरूआत कराने की बजाय उन्हें मध्यक्रम में उतारना ही सही होगा। हनुमा विहारी और श्रेयस अय्यर इस मौके को भुना नहीं सके। कोहली का बतौर बल्लेबाज खराब फॉर्म जारी रहा।

### इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में भारत पर धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना

**दुबई।** भारत पर इंग्लैड के खिलाफ पांचवे क्रिकेट टेस्ट मे धीमी ओवरगति के लिए मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के दो अंक भी काट लिए गए। इंग्लैड ने यह मैच सात विकेट से जीतकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। आईसीसी मैच रैफरी डेविड बून ने यह जुर्माना लगाया जब भारतीय टीम निर्धारित समय में दो ओवर पीछे रह गई थी। आईसीसी ने एक बयान में कहा , खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2.22 के अनुसार हर एक ओवर कम रहने पर खिलाड़ियों पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इसके साथ ही आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खेलने की शर्तो की धारा 16 . 11 . 2 के अनुसार ऐसे हर ओवर पर एक अंक काटा जाता है लिहाजा भारत के दो अंक काटे गए। भारत के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने सजा स्वीकार कर ली लिहाजा औपचारिक सुनवाई की जरूरत नही पड़ी।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी** : 416 रन, इंग्लैड पहली पारी : 245 रन, भारत दूसरी पारी : 284 रन, इंग्लैड दूसरी पारी : लीस रन आउट 56,क्रॉली बो बुमराह 46,पोप का पंत बो बुमराह 0, रूट नाबाद 142,बेयरस्टॉ नाबाद 114, **अतिरिक्त** : 20 रन, कुल योग : 76 . 4 ओवर मे तीन विकेट पर 378 रन, **विकेट पतन** : 1-107, 2-107, 3 -109, **गेंदबाजी** : बुमराह 17-1-74-2, शमी 15-2-64 -0, जडेजा 18.4-3-62-0, सिराज 15-0-98-0, ठाकुर 11-0 -65- 0

## पहले तीन दिन दबाव बनाने के बाद हमने मैच पर से पकड़ छोड़ दी : बुमराह



**भाषा।** बर्मिंघम

**भारत के कार्यवाहक** कप्तान जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के हाथों पांचवें टेस्ट में मिली हार के लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजों की नाकामी पर ठीकरा फोड़ते हुए कहा कि पहले तीन दिन दबाव बनाने के बाद उन्होंने मैच पर से पकड़ छोड़ दी। बुमराह ने मैच के बाद कहा , टेस्ट क्रिकेट की यही खूबी है कि तीन दिन अच्छा खेलने के बावजूद यह संभव है। हम कल अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर सके और वहीं से मैच हमारी जद से निकल गया। यह अगर मगर तो हमेशा रहेगा। पहले मैच में बारिश नहीं हुई होती तो हम श्रृंखला जीत जाते। लेकिन इंग्लैंड ने बहुत अच्छा खेला। बुमराह ने पहली पारी में शतक बनाने वाले ऋषभ पंत और रविंद्र जडेजा की तारिफ की। पंत और जडेजा ने जवाबी हमले से हमें मैच में लौटाया। हमने मैच पर दबाव बना लिया था। उन्होंने कहा कि कप्तानी की जिम्मेदारी का उन्होंने पूरा मजा लिया। उन्होंने कहा , यह मैने तय नहीं किया था। मुझे जिम्मेदारियां पसंद है। यह अच्छी चुनौती थी और टीम की कप्तानी करना गर्व की बात है और शानदार अनुभव भी। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट को खेलने का तरीका बदल रही है। इस तरह से खिलाड़ियों के खेलने पर मेरा काम आसान हो जाता है।

### त्रिपुरा क्रिकेट टीम से जुड़ेंगे साहा

**अगरतला।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा खिलाड़ी सह मार्गदर्शक के रूप मे त्रिपुरा क्रिकेट टीम से जुड़ेगे। त्रिपुरा क्रिकेट संघ (टीसीए) के संयुक्त सचिव किशोर दास ने यह जानकारी दी। भारत के लिए 40 टेस्ट खेलने वाले अनुभवी साहा को पहले ही बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल चुका है। दास ने पीटीआई से कहा, हमारी साहा से बात हुई है और वह राज्य की ओर से खेलने केलिए राजी हो गया है। खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए वह सीनियर टीम के मार्गदर्शन की भूमिका भी निभाएगा। दास ने कहा कि टीसीए को उम्मीद है कि साहा 15 जुलाई तक करार पर हस्ताक्षर कर लेंगे। उन्होंने कहा कि साहा के अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट मे अनुभव को देखते हुए अगर वे टीम के साथ जुड़ते है तो इससे खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा।

### विश्वनाथन आनंद की किताब का नया संस्करण 15 से बाजार में आएगा

**नई दिल्ली।** हैचेट इंडिया ने 44वें फिडे शतरंज ओलंपियाड से पहले मंगलवार को पांच बार के पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद की लोकप्रिय किताब माइंड मास्टर: विनिंग लैसंस फ्रॉम ए चैंपियन्स लाइफ के विस्तार के साथ पेपरबैक संस्करण को बाजार में उतारने की घोषणा की। महामारी को देखते हुए इस किताब मे एक अतिरिक्त अध्याय शामिल किया गया है जिसका नाम हाउ टू नैवीगेट अनसर्टेनिटी एंड रेपिडली चेंजिंग रीयलिटीज है। आनंद ने लेखक-पत्रकार सुसान निनान के साथ मिलकर इस किताब को लिखा है और यह 15 जुलाई को बाजार मे आएगी। शतरंज ग्रैंडमास्टर आनंद ने बयान मे कहा, नया संस्करण पेपरबैक मे होगा और यह महामारी को देखते हुए महत्वपूर्ण समय मे आ रहा है। मैने नए सबक को ध्यान मे रखते हुए इसमे नई सामग्री शामिल की है- परिवार का महत्व, कृतज्ञता और अपने सपने को साकार करने का प्रयास करना।

### लीजेंड क्रिकेट लीग के दूसरे सत्र में चार टीम, 110 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा लेंगे

**नई दिल्ली।** वीरेंद्र सहवाग, इरफान पठान और यूसुफ पठान जैसे भारत के पूर्व क्रिकेटर सितंबर मे लीजेंड्स क्रिकेट लीग (एसएलसी) के दूसरे सत्र मे हिस्सा लेगे। आयोजकों ने मंगलवार को बताया कि चार टीम और 110 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दूसरे सत्र मे शिरकत करेंगे। पिछले सत्र मे हिस्सा नही लेने वाले सहवाग ने कहा, मुझे क्रिकेट के मैदान पर उतरना पसंद है। मै एलएलसी के पहले सत्र मे नही खेल पाया था लेकिन एलएलसी के दूसरे सत्र के साथ क्रिकेट के मैदान पर वापसी करना शानदार होगा। सहवाग के अलावा पठान बंधुओ ने भी टूर्नामेंट मे हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है।

### मोर्गन के दो गोल से अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम ने हैती को हराया

**मोंटेरी।** एलेक्स मोर्गन के दो गोल की मदद से अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम ने कोनकाकाफ महिला चैंपियनशिप के पहले मैच में हैती को 3-0 से हराया। इस टूर्नामेंट से आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सहमेजबानी में होने वाले 2023 महिला विश्व कप के लिए क्षेत्र से सीधे क्वालीफाई करने वाली चार टीम का फैसला होगा। दो बार के गत विश्व कप विजेता अमेरिका की ओर से मोर्गन के अलावा मिज प्युर्स ने भी एक गोल दागा।

## विश्व कप : महिला हॉकी टीम ने लगातार दूसरा ड्रॉ खेला



**भाषा।** एम्स्टेलवीन

**मौकों** को भुनाने में नाकाम रही भारतीय महिला हॉकी टीम ने विश्व कप के पूल बी में लगातार दूसरा ड्रॉ खेला और चीन के खिलाफ मंगलवार को मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। इससे पहले भारत ने इंग्लैंड से भी 2-2 से ड्रा खेला था। अब आखिरी मैच में भारत को बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड से खेलना है। तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम के खिलाफ चीन की झेंग जियाली ने 26वें मिनट में गोल दागा। भारत के लिए बराबरी का गोल 45वें मिनट में वंदना कटारिया ने किया जब पेनल्टी कॉर्नर पर गुरजीत कौर के पास से गेंद उनकी स्टिक से टकराई। पहले दो क्वार्टर में गेंद पर नियंत्रण में भारत का पलड़ा भारी रहा और उसने कई मौके भी बनाए लेकिन गोल में नहीं बदल सके। दूसरी ओर चीनी खिलाड़ियों ने जवाबी हमले बोलकर भारतीय डिफेंस में सेंध लगाई। नौवें मिनट में नवनीत कौर ने गोल पर पहला हमला बोला जिसे चीनी गोलकीपर लियू पिंग ने बचा लिया। भारत 23वें मिनट में गोल करने के करीब पहुंचा लेकिन गेंद गोलपोस्ट से टकरा गई। रिबाउंड पर ज्योतिका ने गोल किया लेकिन रेफरल के बाद उसे अमान्य करार दिया गया। भारत को इसके तुरंत बाद पेनल्टी कॉर्नर मिला जो बेकार गया।

### वनडे रैंकिंग: मंधाना आठवें स्थान पर पहुंची, शेफाली भी आगे बढ़ी

**भाषा।** दुबई

**भारतीय उप** कप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी की मंगलवार को यहां जारी नवीनतम महिला वनडे रैंकिंग की बल्लेबाजी सूची में एक स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गई। मंधाना ने दूसरे वनडे में भारत की 10 विकेट की जीत के दौरान 83 गेंद में नाबाद 94 रन की पारी खेली। वह बल्लेबाजी सूची में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। आस्ट्रेलिया की एलिसा हीली शीर्ष पर चल रही हैं जबकि इंग्लैंड की नताली स्किवर दूसरे स्थान पर हैं। आलराउंडर दीप्ति और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। इन दोनों ने पालेकल में श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही तीन मैचों की आईसीसी महिला चैंपियनशिप श्रृंखला में भारत को 2-0 की बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दीप्ति ने 25 रन पर तीन विकेट चटकाने के अलावा नाबाद 22 रन बनाए जिससे वह बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के फायदे से 29वें स्थान पर हैं जबकि गेंदबाजों की सूची में भी तीन स्थान के फायदे से 16वें पायदान पर पहुंच गई हैं।

## तीसरी पारी में बल्लेबाजों के विफल होने की समीक्षा : द्रविड़

**भाषा।** बर्मिंघम



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि टेस्ट मैच की तीसरी पारी में उनके बल्लेबाजों की बार-बार असफलता चिंता का विषय है और वे इस मुद्दे को हल करने के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। द्रविड़ की देखरेख में भारतीय टीम विदेश में अपने पिछले तीन टेस्ट मैच हार चुकी है। इसमें टीम दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट मैच के बाद टीम बर्मिंघम में 378 रन के बड़े लक्ष्य का बचाव करने में विफल रही। भारत ने जोहान्सबर्ग में अपनी दूसरी पारी में 266, केपटाउन में 198 और बर्मिंघम में 245 रन बनाए। इन तीनों मौकों पर भारत की दूसरी पारी टेस्ट मैच की तीसरी पारी थी। इन तीनों मैचों में भारतीय टीम 240, 212 और अब 378 रन के बड़े लक्ष्यों का बचाव करने में विफल रही। जब द्रविड से पूछा गया कि वह बर्मिंघम में भारत की हार का विश्लेषण कैसे करेंगे तो उन्होंने दो दिन के अंदर शुरू होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का जिक्र करते हुए हलके अंदाज में कहा, क्रिकेट इतना अधिक है कि हमारे पास सोचने का समय नहीं है। हम दो दिन के बाद ही आपसे शायद पूरी तरह से कुछ अलग बात करें। उन्होंने इसके बाद गंभीर लहजे में कहा, हम हालांकि निश्चित रूप से इस प्रदर्शन पर विचार करने की कोशिश करेंगे। हर मैच हमारे लिए सबक है और आप कुछ न कुछ सीखते रहते हैं। हमें सोचना होगा कि हम टेस्ट मैच की तीसरी पारी में अच्छी बल्लेबाजी क्यों नहीं कर पा रहे हैं और चौथी पारी में हम 10 विकेट क्यों नहीं ले पा रहे हैं। भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के मौजूदा चक्र में छह और मैच खेलने है और ए सभी मैच उपमहाद्वीप (चार भारत में और दो बांग्लादेश में) में है। द्रविड़ कमियों का विश्लेषण करने के लिए चेतन शर्मा (चयन समिति के अध्यक्ष जो अभी इंग्लैंड में है) के साथ बैठने की योजना बनाई है। अब अगले छह टेस्ट मैच उपमहाद्वीप में हैं और हमारा ध्यान उन बचे हुए मैचों पर होगा। कोच और चयनकर्ता बैठकर इस हार का विश्लेषण करेंगे। यह समीक्षा हर खेल के बाद होती है और इसलिए जब हम अगली बार एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया) देशों की यात्रा करेंगे तो हम इससे निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार होंगे।

### भारत चौथे दिन रक्षात्मक और डरा हुआ था : शास्त्री

**बर्मिंघम।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि पांचवे टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी में बल्लेबाजी में भारत के डर और रक्षात्मक रवैए के कारण इंग्लैड को वापसी करने का मौका मिला। पहली पारी मे 132 रन की बढ़त बनाने वाला भारत दूसरी पारी मे सिर्फ 245 रन पर सिमट गया। इंग्लैड की टीम अब लक्ष्य से सिर्फ 119 रन दूर है जबकि उसके सात विकेट शेष है। एजबस्टन मे स्काई स्पोर्ट्स की कमेंट्री टीम का हिस्सा शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि यह निराशाजनक था क्योंकि वे अपनी बल्लेबाजी से इंग्लैड को मुकाबले से बाहर कर सकते थे। उन्हे दो सत्र बल्लेबाजी करने की जरूरत थी और मुझे लगता है कि वे रक्षात्मक थे, वे आज डरे हुए थे, विशेषकर लंच के बाद। विकेट गंवाने के बावजूद वे जोखिम उठा सकते थे। खेल मे उस समय रन काफी महत्वपूर्ण थे और मुझे लगता है कि वे काफी रक्षात्मक हो गए, विकेट काफी जल्दी जल्दी गंवाए और इंग्लैड को आज बल्लेबाजी का पर्याप्त समय दे दिया।

### शॉर्ट गेंद से निपटने में नाकाम , साधारण बल्लेबाजी की : राठौड़

**बर्मिंघम।** बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा है कि पांचवें टेस्ट के चौथे दिन भारतीय बल्लेबाज शॉर्ट गेंदों से निपटने में नाकाम रहे और उन्होंने साधारण बल्लेबाजी की जिससे इंग्लैड को वापसी करके मैच में अपनी स्थिति बेहद मजबूत करने का मौका मिल गया। पहली पारी में 132 रन की बढ़त बनाने वाला भारत चौथे दिन दूसरी पारी में 245 रन पर सिमट गया जिससे इंग्लैड को 378 रन का लक्ष्य मिला। मेजबान टीम ने इसके बाद शानदार बल्लेबाजी की और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास मे अपने सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने से सिर्फ 119 रन दूर है। जो रूट (नाबाद 76) और जॉनी बेयरस्टो (नाबाद 72) क्रीज पर डटे हुए है। राठौड़ ने चौथे दिन के खेल के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, मै सहमत हूं कि जहां तक बल्लेबाजी का सवाल है तो हमारे लिए यह साधारण दिन रहा। हम आगे थे, हम ऐसी स्थिति मे थे कि अपनी बल्लेबाजी से उन्हें मुकाबले से बाहर कर सकते थे। दुर्भाग्य से ऐसा नही हुआ। कई बल्लेबाजो ने शुरुआत की लेकिन इसे बड़ी पारी मे नही बदल पाए। हमें उम्मीद थी कि उनमे से एक बड़ी पारी खेलेगा और बड़ी साझेदारी होगी।

### भारतीय प्रशंसकों के नस्लवाद के आरोपों की जांच करेगा वारविकशर

**बर्मिंघम।** ईसीबी और वारविकशर काउंटी क्रिकेट क्लब ने कहा है कि भारत और इंग्लैंड के बीच एजबस्टन में पांचवें टेस्ट के चौथे दिन के खेल के दौरान भारतीय प्रशंसकों से नस्ली दुर्व्यवहार के आरोपों की जांच शुरू की गई है। कई भारतीय प्रशंसकों ने चौथे दिन के खेल के दौरान अन्य प्रशंसकों के नस्ली बर्ताव की जानकारी सोमवार रात ट्विटर पर साझा की। ब्रिटेन के कुछ प्रशंसकों ने उनके प्रति नस्ली टिप्पणी की। यॉर्कशर के पूर्व क्रिकेटर अजीम रफीक ने नस्ली बर्ताव की जानकारी देने वाले सोशल मीडिया पोस्ट को रीट्वीट किया।

## प्रणय ने रैंकिंग में शीर्ष 20 में वापसी की



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने मौजूदा सत्र में अंतरराष्ट्रीय सर्किट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को फिर से दुनिया के शीर्ष 20 रैंकिंग वाले खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया। केरल के 29 साल के खिलाड़ी ने मई में थॉमस कप में भारत की ऐतिहासिक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह विश्व बैडमिंटन महासंघ बीडब्ल्यूएफ से जारी नवीनतम पुरुष एकल रैंकिंग में दो स्थान सुधार कर 19वें पायदान पर पहुंच गए। प्रणय 2018 में करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग पर पहुंचे थे। उन्होंने इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और कई टूर्नामेंटों के क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल तक पहुंचे। वह भारतीय खिलाड़ियों में लक्ष्य सेन (10वें) और किदांबी श्रीकांत (11वें) के बाद तीसरे नंबर के भारतीय पुरुष शटलर हैं।

### राष्ट्रमंडल खेलों का टिकट पक्का करने वाली त्रिसा और गायत्री की जोड़ी मलेशिया मास्टर्स से बाहर

**कुआलालंपुर।** राष्ट्रमंडल खेलो मे भारत का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रही त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल टीम को मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर से मंगलवार को यहां पर्ल टैन और थिनाह मुरलीधरन की स्थानीय जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा।मलेशिया की जोड़ी ने त्रिसा और गायत्री की जोड़ी को 21-14, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। टूर्नामेंट के मुख्य मुकाबलो के शुरुआती दिन किसी भी भारतीय ने अपना मैच नही जीता। महिला युगल की दो अन्य जोड़ियो को भी पहले दौर मे हार का सामना करना पड़ा। अश्विनी भट एवं शिखा गौतम की जोड़ी को जापान की युकी फुकुशिमा एवं सयाका हिरोटा से 7-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि पूजा दांडू एवं आरती सारा की जोड़ी बुल्गारिया की गैब्रिएला स्टोएवा और स्टेफनी स्टोएवा की जोड़ी से 17-21, 17-21 से हार गईं। महिला एकल मे मालविका बंसोड़ भी शुरुआती दौर मे ही इस सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गई। उन्हें स्थानीय खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ 33 मिनट तक चले मुकाबले मे 10-21 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और साइना नेहवाल बुधवार को महिला एकल तो वही पारुपल्ली कश्यप, एचएस प्रणय और बी साई प्रणीत पुरुष एकल मे अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

## मारिया विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंची



**भाषा।** विम्बलडन

**जर्मनी की** 34 साल की खिलाड़ी तात्याना मारिया ने विम्बलडन महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में हमवतन ज्यूल नीमियर को 4-6, 6-2, 7-5 से हराकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। विश्व रैंकिंग में 103वें स्थान पर काबिज मारिया पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंची है। फाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें तीसरी वरीय ओन्स जेब्युर या गैर वरीय मेरी बोजकोवा के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ना होगा। मारिया इस उम्र में विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचने वाली ओपन युग की केवल छठी महिला हैं। अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खेल रही बाईस साल की नीमियर इस हार के बाद काफी निराश दिखी। इससे पहले वह फ्रेंच ओपन के शुरूआती दौर में बाहर हो गई थी। इससे पहले रोमानिया की सिमोना हालेप ने एकतरफा मुकाबले में चौथी वरीय पाउला बाडोसा को सीधे सेटों में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सोलहवीं वरीय हालेप ने बाडोसा को 6-।, 6-2 से हराकर आल इंग्लैंड क्लब पर लगातार 11वां मैच जीता और पांचवीं बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालेप ने 2019 में विंबलडन खिताब जीता था जबकि इसके अगले साल कोरोना वायरस महामारी के कारण इस टूर्नामेंट को रद्द कर दिया गया। रोमानिया की यह खिलाड़ी बाएं पैर की पिंडली में चोट के कारण पिछले साल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाई थी। सोमवार को बाडोसा के खिलाफ हालेप ने पूरी तरह से दबदबा बनाया और अपनी सर्विस पर सिर्फ आठ अंक गंवाए और इस दौरान अपनी सर्विस पर एकमात्र ब्रेक प्वाइंट भी बचाया। रोमानिया की इस खिलाड़ी ने बाडोसा की सर्विस पर भी 55 में से 30 अंक जीते। हालेप अगले दौर में अमांडा अनिसिमोवा से भिड़ेंगी।

### सानिया-पाविच की जोड़ी मिश्रित युगल सेमीफाइनल में

**विंबलडन।** भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार मेट पाविच ने कड़े मुकाबले मे गैब्रिएला दाब्रोवस्की और जॉन पीयर्स को हराकर विंबलडन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। सानिया और पाविच की छठी वरीय जोड़ी ने सोमवार रात क्वार्टर फाइनल मे कनाडा और आस्ट्रेलिया की जोड़ी को एक घंटे और 41 मिनट मे 6-4 3-6 7-5 से हराया। भारत और क्रोएशिया की जोड़ी सेमीफाइनल मे रॉबर्ट फराह और एलेना ओस्टापेंको की सातवी वरीय जोड़ी और नील स्कुप्सी और डिजायर क्रॉविक की दूसरी वरीय जोड़ी के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल की विजेता से भिड़ेगी। आल इंग्लैड क्लब पर मिश्रित युगल मे यह सानिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह इससे पहले 2011, 2013 और 2015 मे क्वार्टर फाइनल मे पहुंची थी। मिश्रित युगल ग्रैंडस्लैम मे सानिया सिर्फ विबलडन खिताब ही नही जीत पाई है। छह बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सानिया पहले ही सत्र के अंत मे संन्यास की घोषणा कर चुकी है।

### बैडमिंटन एशिया तकनीकी समिति ने मानवीय गलती के लिए सिंधू से मांगी माफी

**भाषा।** नई दिल्ली

बैडमिंटन एशिया (बीएसी) तकनीकी समिति के अध्यक्ष चिह शेन चेन ने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू से अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल सेमीफाइनल मैच के दौरान रेफरी द्वारा की गई मानवीय गलती के लिए माफी मांगी है। जापान की अकाने यामागुची के खिलाफ सेमीफाइनल मैच के बीच में अंपायरों के अनुचित फैसले के बाद सिंधू की आंखों में आंसू आ गए थे। इस फैसले के बाद सिंधू की लय गड़बड़ा गई और उन्हें हार का सामना करने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अधिकारी ने सिंधू को लिखे पत्र में कहा, दुर्भाग्य से, अब इस (तत्कालीन फैसले) में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। हमने हालांकि, इस मानवीय त्रुटि की पुनरावृत्ति से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।


## स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस में दिव्यांश व सुहाना ने मारी बाजी



**लखनऊ।** सुभाष चंद्र श्रीवास्तव स्मारक स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में दिव्यांश व सुहाना ने मारी बाजी। लखनऊ की दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के सार्थक सेठ को 12-10, 11-8, 11-3 से हराकर पुरुष एकल का खिताब जीता और महिला वर्ग में मुरादाबाद की सुहाना नरजिनरी ने गाजियाबाद की सुहानी महाजन को 11-8, 13-11, 11-8 से हराया।

यूथ बॉयज़ अंडर-19 फाइनल में दिव्यांश श्रीवास्तव ने अक्षत त्यागी को 1-5,11-6,10-12 से हराया। यूथ गर्ल्स अंडर -19 के फाइनल मे सुहानी महाजन ने अवनी त्रिपाठी को 11-5, 11-7, 13-15, 11-9 से हराया । यूपीटीटीए के सचिव अरुण कुमार बनर्जी ने पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर नेत्र सर्जन डॉ.रवि त्रिपाठी भी उपस्थित थे।

### भारतीय जूनियर महिला हैंडबॉल टीम सम्मानित



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हैंडबॉल टीम ने स्लोवानिया में गत 22 जून से 3 जुलाई तक हुई 23वीं आईएचएफ अंडर-20 महिला जूनियर हैंडबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप में उम्दा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम का वापसी के बाद मंगलवार 5 जुलाई 2022 को नई दिल्ली स्थित भारतीय ओलंपिक संघ भवनद्ध में स्वागत व सम्मान किया गया। भारतीय टीम में उत्तर प्रदेश की मोनी चौधरी, शीतल कुमारी व आफरीन अफ्जल भी शामिल थी।सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता के साथ भारतीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष व हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक आनन्देश्वर पाण्डेय ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### खेल विभाग ने किया पौधारोपण



**लखनऊ।** स्वतन्त्रता के 75वें वर्ष को आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर पौधारोपण केडीसिंह ''बाबू'' स्टेडियम लखनऊ में किया गया। मुख्य अतिथि आरपीसिंह, निदेशक, खेल निदेशायल ने पौधारोपण किय। एसएसमिश्रा, उपनिदेशक खेल, अजय कुमारसेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, विभागीय एवं अंशकालिक प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने 75 पौधारोपण किया। अन्त में अजय कुमारसेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ ने मुख्य अतिथि एवं सभीका धन्यवाद ज्ञापित किया।